सुप्रभात

रांची, गुरुवार
24.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 279 | 12




प्रधानमंत्री आज जायेंगे मधुबनी

न्यूज डायरी

## नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिये मारे गये

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गयी। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। सेना के अधिकारी ने बताया कि भारी गोलीबारी में दो घुसपैठिए मारे गये। आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी अन्य सामान बरामद किया गया है।

## ईडी ने बोकारो उपायुक्त कार्यालय में दी दबिश

**बोकारो।** इडी ने बुधवार की शाम बोकारो डीसी ऑफिस में सर्वे किया। सर्वे का उद्देश्य बोकारो भूमि घोटाले की जांच से संबंधित आवश्यक दस्तावेज लेना है। सर्वे के दौरान इडी कार्यालय से जमीन के मामले में भेजे गये पत्रों को जब्त किया। भूमि घोटाले की जांच के दौरान ईडी ने मंगलवार को बोकारो के डीएफओ, सीओ और पुरुलिया के सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में सर्वे कर जमीन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज जब्त किये थे। घोटाले के सिलसिले में डीसी कार्यालय से पत्राचार किये गये हैं। ईडी को मामले की जांच में इन पत्रों और दस्तावेज की भी जरूरत है।

## सर्वदलीय बैठक बुलाये सरकार : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार को आतंकवाद से निपटने की रणनीति पर विचार करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर कहा कि यह देश पर सीधा हमला है। इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने ली है जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। उन्हें सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए। यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते। कांग्रेस आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के साथ समन्वय, सहयोग और साझेदारी करने को प्रतिबद्ध है।

## निर्मला सीतारमण यात्रा रोक लौट रही हैं स्वदेश

**नयी दिल्ली।** कश्मीर के पलहगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के कारण अमेरिका और पेरू की 10 दिवसीय यात्रा पर गयीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी यात्रा को बीच में स्थगित कर स्वदेश लौट रहीं हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री अमेरिका-पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा को बीच में ही रोककर भारत आ रही हैं। इस कठिन और दुखद समय में वे हमारे लोगों के साथ रहने के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध उड़ान से भारत आ रही हैं।

पीएम मोदी ने सीसीएस की बैठक की


# आतंकियों पर कठोर कार्रवाई का ऐलान

पहलगाम हमला

■ बैठक के दौरान कमेटी ने जम्मू-कश्मीर में स्थिति की भी समीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में सुरक्षा को लेकर उच्च स्तर पर चिंतन और कार्रवाई लगातार जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली लौटने के तुरंत बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की आपात बैठक बुलायी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य शामिल रहे। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाएं हैं। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट मीटिंग (सीसीएस) में 5 बड़े फैसले लिये गए। यह बैठक ढाई घंटे चली।



### भारत ने पांच बड़े फैसले लिये

- ■ 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित।
- ■ एकीकृत चेकपोस्ट अटारी तत्काल प्रभाव से बंद। जो वैध स्वीकृति के साथ सीमा पार गये हैं, वे एक मई 2025 से पहले वापस लौट सकते हैं।
- ■ पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत यात्राकी अनुमति नहीं। भारत में मौजूद पाक नागरिक 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश।
- ■ नयी दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाता है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है।
- ■ भारत इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जायेंगे।

## पहलगाम हमले का ऐसा जवाब देंगे कि दुनिया देखेगी: रक्षा मंत्री

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकियों को सीधे ललकारते हुए कहा कि नापाक साजिश रचने वालों को ऐसा जवाब दिया जायेगा कि पूरी दुनिया देखेगी। भारत ऐसे हमलों से कभी नहीं डरेगा और हम पर्दे के पीछे छिपे लोगों को भी मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के चलते भारत इस हमले की साजिश की तह तक जायेगा और हम जोरदार तरीके से जवाब देंगे। रक्षा मंत्री बुधवार शाम को नयी दिल्ली में 'अर्जन सिंह स्मृति व्याख्यान' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल पहलगाम में धर्म को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों के कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## आतंकवादियों में दो पाकिस्तान के नागरिक, तीन के स्केच जारी

■ जिनके स्केच किये गये जारी वो आसिफ फूजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा हैं।

एजेंसी

**श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किये हैं। बैसरन के घास के मैदान में नागरिकों पर हुए आतंकी हमले में शामिल संदिग्धों की पहचान आसिफ फूजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा के रूप में हुई है। आतंकियों का स्केच जारी करने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने जनता से भी किसी भी सुराग के लिए सहयोग की अपील की है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, हमलावरों ने एके-47 राइफल लैस होकर करीब 20 मिनट तक गोलियां चलायी, जिससे शांत पहाड़ी इलाका खौफनाक मंजर में बदल गया। प्रारंभिक जांच से परिचित एक अधिकारी ने कहा, वहां अफरा-तफरी मची हुई थी। लोग चीख रहे थे, छिपने के लिए भाग रहे थे। चारों तरफ खून-खराबा, दहशत का माहौल था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, यह न केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला था, बल्कि कश्मीर में शांति की वापसी के प्रयास पर भी हमला था। यह कश्मीर के इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमलों में से एक है। उन्होंने लोगों से किसी भी सुराग को साझा करने का आग्रह किया है।



**आतंकिया में दो पाकिस्तानी नागरिक :** अधिकारियों का मानना है कि हमले में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे। इनमें से दो की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में हुई है और बाकी स्थानीय आतंकी हैं। सभी वे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और उसके प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े हैं। टीआरएस ने तो हमले की जिम्मेवारी भी ली है। इस डरावनी घटना को घाटी के हाल के इतिहास में सबसे भयावह आतंकवादी हमलों में से एक बताया जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर सरकार मृतकों के परिजनों को देगी 10-10 लाख

■ घायलों को 2-2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपये मिलेंगे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कई बेगुनाह लोगों ने अपनी जान गंवायी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस दुखद घटना के बाद जम्मू-कश्मीर सरकार ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजे की घोषणा की है। जम्मू कश्मीर सरकार ने सभी मृतक के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये और घायलों के लिए 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

गृह मंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का किया दौरा, सुरक्षा की स्थिति का लिया जायजा

## एनआइए ने आतंकी हमले की जांच शुरू की

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को घटनास्थल का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। गृह मंत्री ने हेलीकॉप्टर से इलाके का हवाई निरीक्षण किया और फिर बैसरन घास के मैदान पर उतरकर घटनास्थल का मुआयना किया। उनके साथ शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने वहां चल रही कार्रवाई और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी। इससे पहले अमित शाह ने श्रीनगर के पुलिस कंट्रोल रूम में पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जतायी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर कहा, पहलागाम आतंकी हमले के मृतकों को भारी मन से अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

इस बीच, राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए की एक टीम भी बुधवार को बैसरन पहुंची। इस टीम का नेतृत्व डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। यह टीम जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर जांच में मदद करेगी। बता दें कि गृह मंत्री के दौरे से साफ है कि केंद्र सरकार इस हमले को गंभीरता से ले रही है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की दिशा में पूरी ताकत से जुटी है।



आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देते गृह मंत्री

## सीएम ने बुलायी सर्वदलीय बैठक

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलायी है। उमर अब्दुल्ला ने बैठक के लिए सभी राजनीतिक दलों, जम्मू-कश्मीर के सांसदों और विधानसभा में विपक्ष के नेता को आमंत्रित किया है। बैठक दोपहर 3:00 बजे श्रीनगर में एसकेआईसीसी में होगी। यह बैठक स्थिति पर चर्चा करने, आतंकी कृत्य की संयुक्त निंदा व्यक्त करने और शांति, न्याय और लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए आगे के रास्ते पर विचार-विमर्श करने के लिए बुलायी गयी है।

# भारत के एक्शन से पाक में खौफ, कुछ भी होने का डर

अलग-थलग पड़ा पाक

एजेंसी

**कराची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में डर का माहौल है। पाकिस्तानियों को भारत की ओर से कड़े एक्शन का भय सता रहा है। पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित ने कहा है कि अगले दस दिनों में भारत बड़ा कदम उठा सकता है। वहीं, पाकिस्तानी सांसद शेरी रहमान का कहना है कि हमें यूएनएससी में जाना चाहिए और चीन जैसे देशों से समर्थन लेना चाहिए। पर्यटकों पर हमले के बाद मुस्लिम मुल्कों में भी पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया है। कई मुस्लिम देश भारत के पक्ष में हैं। इससे पाकिस्तान अब सहम गया है।

पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मुझे पूरा यकीन है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत के किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए इस्लामाबाद हर संभव कदम उठा रहा है। मुझे कोई संदेह नहीं है कि इस बार प्रतिक्रिया बहुत कठोर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह बात एक बार फिर स्पष्ट हो गयी है कि जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाए बिना पाकिस्तान और भारत के बीच सामान्य संबंधों की कोई गुंजाइश नहीं है। मैं यह बात हमेशा से कहता रहा हूं। वहीं भारत की ओर से सिंधु जल समझौता रद्द कर देने से पाकिस्तान अब बूंद-बूंद को तरसेगा।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में झारखंड भी गुस्से में, लोगों ने किया प्रदर्शन




कार्टून कोना




आरोपी देवी-देवताओं पर भी कर चुका है अश्लील बातें, हिंसा को देता था बढ़ावा

# पहलगाम हमले से खुश नौशाद बोकारो में धराया

त्वरित कार्रवाई

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** पहलगाम हमले को लेकर खुशी जाहिर करने वाले कासिम उर्फ मोहम्मद नौशाद को झारखंड के बोकारो से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह लगातार भड़काऊ बातें सोशल मीडिया पर लिख रहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब उसने खुशी जाहिर करते हुए टिप्पणी की, जिसके बाद वह निशाने पर आ गया। हमले के लिए पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा को धन्यवाद देने वाले नौशाद की गिरफ्तारी की मांग उठने लगी। एसआइटी की टीम ने रातभर के प्रयास के बाद बुधवार सुबह नौशाद को गिरफ्तार कर लिया।



### एक्स हैंडल पर थैंक्यू पाकिस्तान, लश्कर-ए-तैयबा लिखा था...

नौशाद ने एक्स पर उर्दू में लिखा, 'शुक्रिया पाकिस्तान, शुक्रिया लश्कर-ए-तैयबा, अल्लाह तुम्हें हमेशा खुश रखे। आमीन, आमीन। हमें ज्यादा खुशी होगी अगर आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल और मीडिया को निशाना बनाया जाये। उसने तीन स्माइली इमोजी के साथ अपनी खुशी भी जाहिर की। उसने इसके बाद भी कई ट्वीट किए जिनमें काफी आपत्तिजनक और भड़काऊं बातें लिखी है। नौशाद के ट्वीट के बाद लोग लगातार झारखंड पुलिस को टैग करके सख्त एक्शन लेने की मांग कर रहे थे। कासिम उर्फ नौशाद के एक्स हैंडल को खंगालने पर पता चला है कि वह आये दिन नफरती बातें लिखता था। देवी-देवताओं पर गंदी टिप्पणी कर वह हिंसा को उकसाता था। पहले भी इसके खिलाफ पुलिस से उसकी शिकायत हो चुकी है।

### कैसे पकड़ा गया

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने टेक्निकल सेल को शामिल कर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआइटी गठित की। एसआइटी ने रात भर के प्रयास के बाद बुधवार सुबह नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। थाने में उससे पूछताछ चल रही है। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद उसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

### खुद को इस्लाम का वकील बताता है नौशाद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जहां जहां देशभर में लोग आक्रोशित हैं तो नौशाद ने खुशी जाहिर करते हुए एक पोस्ट किया। पोस्ट वायरल होने के बाद बुधवार को उसे बोकारो के मखदुमपुर से दबोचा गया। 35 साल के नौशाद ने बिहार के मदरसे से डिग्री ली है। वर्तमान में पिता के साथ बोकारो में रह रहा है। उसका एक भाई दुबई में है, जिसके नाम से आवंटित सिम कार्ड का इस्तेमाल कर नौशाद ने इंस्ट्राग्राम, एक्स और फेसबुक चलाता है। वह सोशल मीडिया बायो में खुद को 'इस्लाम का वकील' बताता है। उसका एक्स हैंडल भड़काऊ और विवादित बातों से पटा हुआ है। रामनवमी पर हिंसा के लिए भी उसने उकसाया था। तब भी कुछ लोगों ने नौशाद के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेने की मांग की थी। नौशाद ने पीएम मोदी के लिए भी आपत्तिनजक बातें लिखी हैं।


## मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर गृह सचिव हाईकोर्ट तलब

■ तीन महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल से संबंधित एक आदेश पारित किया, लेकिन झारखंड सरकार ने अब तक इसका अनुपालन नहीं किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर हाइकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही गृह सचिव को उपस्थित होने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि जेल मैनुअल में सुधार और जेल में कैदियों की स्थिति से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हुई।

मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के आलोक में अब तक झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर खंडपीठ ने कड़ी नाराजी जताई। कोर्ट ने मामले में गृह सचिव को 28 अप्रैल को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने को कहा है।



हाइकोर्ट ने मौखिक कहा कि तीन महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल से संबंधित एक आदेश पारित किया है, लेकिन तीन माह के बाद भी अब तक इसका अनुपालन झारखंड सरकार नहीं कर सकी है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सभी राज्यों के लिए एक मॉडल जेल मैनुअल बनाया जाना है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि मॉडल जेल मैनुअल बनाने के लिए प्रक्रिया चल रही है, सरकार की ओर से कुछ और समय की मांग मॉडल जेल मैनुअल बनाने के लिए की गयी।

## जेएसएससी ने शपथ पत्र दायर कर हाइकोर्ट को बताया टाइमलाइन

# सहायक आचार्य के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन सितंबर के दूसरे सप्ताह तक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जेएसएससी ने सहायक आचार्य रिजल्ट के प्रकाशन के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से एक टाइम लाइन झारखंड हाई कोर्ट को दिया है। जिसमें आयोग ने कहा है कि सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में सहायक आचार्य के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन कर दिया जाएगा। जेएसएससी द्वारा बताया गया है कि सहायक आचार्य के ग्रेजुएट लेवल ट्रेंड टीचर (कक्षा 6 से 8) के मैथ एवं साइंस टीचर के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। वही सोशल साइंस के टीचर के लिए जुलाई के तृतीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा और लैंग्वेज टीचर के लिए अगस्त के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा। इंटरमीडिएट ट्रेंड टीचर (कक्षा 1 से 5) के शिक्षकों के लिए सितंबर के द्वितीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। जेएसएससी के इस टाइमलाइन को स्वीकार कर लिया। जेएसएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

दरअसल, झारखंड के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर 26,001 सहायक आचार्य की नियुक्ति होनी है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने झारखंड के स्कूलों में सहायक आचार्य की नियुक्ति की प्रक्रिया में देरी पर नाराजगी जताई थी। खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा को जनवरी 2026 को कम करें और सुनिश्चित करें कि शिक्षकों की नियुक्ति दो या तीन महीने के भीतर हो जाए।

आठ अप्रैल 2025 को राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग ने कोर्ट को बताया था कि राज्य में 26,000 सहायक आचार्य की नियुक्ति जल्द कर ली जायेगी। मामले में शपथ पत्र के माध्यम से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के संदर्भ में समय-सीमा प्रस्तुत किया था। प्रस्तावित समय-सीमा के अनुसार, शिक्षकों की नियुक्ति में जनवरी 2026 तक का समय लगने की बात कही गई थी। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई थी और समय सीमा को कम करने को कहा था। प्रार्थी ने याचिका में झारखंड के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी बताते हुए जल्द शिक्षकों की नियुक्ति करने का आग्रह किया है। याचिका में इस संबंध में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुपालन की मांग की गई है।

# पहलगाम की आतंक वाली मानसिकता झारखंड में भी मौजूद : बाबूलाल मरांडी



- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- संविधान से ऊपर शरिया की मानसिकता वाले झारखंड सरकार में शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पहलगाम के आतंकी घटना की जितनी निंदा की जाये, कम है। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पहलगाम में घटी आतंकवादी घटना में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भाजपा इस दुख की बेला में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि ये पहली आतंकवादी घटना है, जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछकर, कपड़े उतरवाकर और कलमा पढ़ने के लिए विवश कर निर्दोष लोगों की हत्या की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में ऐसे आतंकवादी बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में भी आतंक वाली मानसिकता के लोग हैं। झारखंड सरकार में शामिल मंत्री ही संविधान से ऊपर शरिया को मानते हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान कब्र में नहीं है, सब्र कर रहा है। सड़क पर उतरेगा तो मारकाट होगा। ऐसी भाषा बोलने वाले लोग सत्ता की कुर्सी पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इनके पास हथियार नहीं है इसलिये, बयानों से वार कर रहे हैं लेकिन मानसिकता में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर मुद्दों की लड़ाई लड़नी है तो लोकतंत्र में कई रास्ते हैं लेकिन, हिंसा की भाषा लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। ऐसी मानसिकता जो संविधान से ऊपर शरिया को माने उसे तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिये। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो, विजय चौरसिया, मिसफिका हसन और योगेंद्र प्रताप सिंह भी थे।

# राशन कार्डधारियों के लिए 30 अप्रैल तक ई-केवाइसी कराने की आखिरी तारीख

**समय सीमा तय**

- घर बैठे भी राशन कार्डधारी पूरी कर सकते हैं अपना ई-केवाइसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत पीएचएच (गुलाबी) एवं अन्त्योदय (पीला) राशन कार्डधारियों को अपना इ-केवाइसी कराना अनिवार्य है। जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे वर्तमान में 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दिया गया है। वैसे राशन कार्डधारी जो अपना राशन कार्ड में सभी सदस्यों का इ-केवाइसी नहीं करवाते हैं, उनका नाम राशन कार्ड से हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। केंद्र सरकार ने इ-केवाइसी के लिए निर्धारित समय-सीमा 6 बार बढ़ाया है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है। इसके बाद इ-केवाइसी के लिए अंतिम समय-सीमा बढ़ाये जाने की उम्मीद नहीं है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड से सभी जिला को पत्र के माध्यम से निदेश दिया गया है कि इ-केवाइसी का कार्य अंतिम निर्धारित तिथि 30 अप्रैल 2025 से पूर्व शत प्रतिशत किसी भी हाल में करना सुनिश्चित करें। ई-केवाइसी के लिए राशन कार्डधारी अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदार के पास जाकर ई-पॉश मशीन के माध्यम से ई-केवाइसी करा सकते हैं।

**ई-केवाइसी क्यों :** वर्तमान में सभी 75.77 प्रतिशत राशनकार्ड का ई-केवाइसी किया जा चुका है। शेष 24.23 प्रतिशत अभी भी ई-केवाइसी के लिए शेष है। भारत सरकार द्वारा राशन कार्ड में इ-केवाइसी कराया जा रहा है ताकि फर्जी राशनकार्डधारियों को पोर्टल से हटाया जा सके एवं पात्र लाभुकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया जा सके।

**घर बैठे करें ई-केवाइसी :** सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से मेरा ई-केवाइसी एप डाउनलोड करें, उसके बाद ई-केवाइसी फोर राशन कार्ड पर क्लिक करें। इसके बाद राशनकार्ड नंबर और आधार नंबर डालें, फिर मोबाईल नंबर पर एक ओटीपी आएगा उसे भरें सारी जानकारी डालें और सबमिट करें।

# झारखंड में 2029 तक प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध उत्पादन का है लक्ष्य : शिल्पी नेहा तिर्की

- रीजनल मिल्क यूनियन के गठन के लिए जागरूकता एवं क्षमता उन्नयन कार्यशाला में हुईं शामिल।
- इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रीजनल सोसाइटी का गठन और इको सिस्टम मजबूत करना जरूरी।

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार लगातार किसान हित में हर जरूरी कदम उठा रही है। अब चूंकि एनडीडीबी का झारखंड की डेयरी के साथ 2029 तक ही समझौता बना रहना है। इसके बाद वह कहीं भी हमारे बीच नहीं रहेगा। ऐसे में आगे चुनौती किसानों और सरकार के लिए बढने वाली है। यह देखने वाली बात होगी कि क्या एनडीडीबी के जाने के बाद हम सब मिलकर अभी की स्थिति या इससे बेहतर स्थिति रख पाएंगे या नहीं? होटवार में मेधा डेयरी परिसर में बुधवार को आयोजित रीजनल मिल्क यूनियन के गठन के लिए जागरूकता एवं क्षमता उन्नयन कार्यशाला को संबोधित करते शिल्पी ने कहा कि गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र जैसे राज्य तो इस मामले में अच्छा कर रहे हैं। गुजरात का आणंद का अमूल मॉडल तो उदाहरण है। उसका 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का टर्न ओवर है। यहां के किसान मेहनती और अच्छे बुरे का फर्क समझते हैं, उन्हें बस सही राह दिखाने की जरूरत है।

**किसान हित में हर साल सरकार कर रही निवेश :** उन्होंने कहा कि किसानों के हित के लिए हर साल सरकार लगातार निवेश कर रही है। मिल्क प्लांट लगाने के अलावा आधारभूत संरचना तैयार की जा रही है। अब आप सबों के सहयोग से रीजनल सोसाइटी का गठन होगा। इसके लिए सरकार झारखंड मिल्क फेडरेशन के साथ काम कर रही है। आप सब पशुपालकों, किसान के बीच से जवाबदेह लोग भी इसके लिए आगे आयें। किसान कैसे सशक्त हो, यह देखा जाये। एक इको सिस्टम भी मजबूत करना होगा। झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में यहां की सरकार प्रति लीटर दूध पर 5 रुपये बोनस दे रही है। इससे बिचौलिए की भूमिका कमजोर हुई है और किसान मजबूत। पहले 40,000 लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन था जो 2 लाख लीटर हो गया है। 2029 तक इसे 10 लाख लीटर तक ले जाना है। मौके पर मंत्री ने तीन सहकारी समितियों को उल्लेखनीय प्रयास के लिए पुरस्कृत भी किया। मौके पर विधायक सुरेश बैठा, एनडीडीबी की अनंदिता वैद्य, पशुपालन विभाग के सचिव अबु बखर सिद्दीक, पशुपालन (डेयरी, झारखंड) विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ मनोज कुमार तिवारी, सहकारिता विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार राकेश कुमार सिंह, मेधा डेयरी के एमडी जयदेव विश्वास और वरिष्ठ पदाधिकारी पीके मारवाह भी उपस्थित थे।

**हरियाणा के किसानों की अनदेखी : सुरेश**

कांके विधायक सुरेश बैठा ने मौके पर कहा कि केंद्र सरकार हरियाणा, पंजाब के किसानों को कृषि कानून के जरिए दबाती रही है। यहां सरकार और विभागीय मंत्री लगातार किसानों को मजबूत कर रहे हैं। राहुल गांधी किसान, मजदूरों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, इसे भी आप सबों को जानने की जरूरत है। पशुपालन सचिव ने हर परिवार से गोपालन और सहकारिता से जुड़ने की अपील की।

## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की कहा

# आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, कांग्रेस भी साथ खड़ी है : डॉ इरफान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पहलगाम में हुये आतंकवादी हमले की प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने कड़ी निंदा की है। घटना की कड़ी निंदा करते हुये शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि इस प्रकार की कायरता पूर्ण आतंकवादी हमला मानवता पर कलंक है और किसी भी सभ्य समझ में इसका कोई स्थान नहीं है। घटना से पूरा देश में मर्माहत है। कांग्रेस पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को कांग्रेस सहित देश के सभी दलों को एक मंच पर लाकर राय लेनी चाहिए। अगर सीमा पार पाकिस्तान से भी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। ऐसी घटना बर्दाश्त के लायक नहीं है। जिनकी शहादत हुई है, उनकी शहादत बर्बाद नहीं होगी।

वहीं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि कांग्रेस देश के सामने आई किसी भी चुनौती पूर्ण और विपरीत परिस्थितियों में देश के नागरिकों के साथ खड़ी है। गंदगी की सारी हदों को पार करके बर्बरता पूर्ण कार्रवाई की गई है यह माफी योग्य नहीं है। आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करना चाहिए। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा पहलगाम की घटना पूरे देश के लिए शर्मनाक घटना है। अगर इसमें कोई देश शामिल है तो वैश्विक समुदाय के समक्ष उसकी बातें रखी जाए। विधायक सुरेश बैठा कहा कि देश के सामने संकट का दौर आया है। सभी मतभेद बुलाकर एकजूटता का संदेश हमें देना है। इस विभत्स आतंकवादी कार्रवाई के खिलाफ केंद्र जो भी कदम उठायेगा कांग्रेस साथ रहेगी। हृदयानंद यादव ने कहा कि सैन्य संख्या में कमी के कारण आज देश की सुरक्षा दाँव पर लगी हुई है। रक्षा बजट में कटौती भी सुरक्षा के हितों से समझौता है।

# रेरा में अध्यक्ष और अन्य रिक्त पदों को भरने पर मांगी टाइमलाइन

- अगली सुनवाई 30 जून को, प्रार्थी शशि सागर वर्मा ने जनहित याचिका दायर की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड रेरा (झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में अध्यक्ष, सदस्य और एडजुडिकेटिंग ऑफिसर के रिक्त पद पर शीघ्र नियुक्ति करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से यह बताने को कहा है कि वह कब तक इसपर नियुक्ति करेगी। इसपर एक टाइम लाइन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्हें तारीख के साथ यह बताने को कहा है कि इसमें नियुक्ति कब तक पूर्ण कर ली जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 30 जून को निर्धारित की गई है। इस संबंध में प्रार्थी शशि सागर वर्मा ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका के माध्यम से अदालत से राज्य सरकार को रेरा के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने के आदेश देने की मांग की है। उन्होंने बताया है कि झारखंड रेरा के अध्यक्ष का पद 6 जनवरी 2021 से और एडजुडिकेटिंग ऑफिसर का पद 25 नवंबर 2022 से रिक्त है। जिसके कारण लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

## खबर एक नजर में

### राष्ट्रपति से मिलीं डॉ आशा लकड़ा



**रांची।** बुधवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से संबंधित कार्यों को लेकर जनजातीय मामलों पर चर्चा भी की।

### जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमला कायरतापूर्ण : अध्यक्ष प्रदेश मुखिया संघ



**रांची।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ एवं जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक एवं भयानक दिल डहला देने वाली घटना की घोर निंदा मुखिया संघ करता है। उन्होंने कहा है कि देश में हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा जा रहा है।

### चौकीदार बहाली परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के पास रहेगी पाबंदी

**रांची।** जिले में 27 अप्रैल 2025 (रविवार) को चौकीदार की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा होगी। यह परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:00 बजे तक चलेगी। परीक्षा शांति से हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने खास तैयारी की है। परीक्षा के दिन हर केंद्र के चारों ओर 200 मीटर तक की सीमा में कुछ पाबंदियां रहेंगी। सुबह 6:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक वहां 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकळा होने पर रोक रहेगी। लाउडस्पीकर चलाना, हथियार लाना और किसी भी तरह की सभा या बैठक करना मना होगा। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी वहां तैनात रहेंगे। परीक्षा रांची के 15 स्कूलों में होगी। इसमें अनिता गर्ल्स स्कूल कांके, कार्मेल गर्ल्स स्कूल नामकुम, गोस्सनर स्कूल मेन रोड, संत अलोइस और संत अन्ना स्कूल-कॉलेज, उसुर्लाईन स्कूल-कॉलेज, मारवाड़ी स्कूल, सरकारी स्कूल कांके और बरियातू, संत जॉन और संत जोसेफ स्कूल शामिल हैं।

### हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार निलंबित

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व तत्कालीन एसडीओ सदर हजारीबाग अशोक कुमार को निलंबित कर दिया है। उनके दिल उपाय हजारीबाग में प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। अशोक कुमार पर एक मामले में थाना में प्राथमिक की दर्ज है और 10 फरवरी 2025 की तिथि से न्यायिक हिरासत में हैं। कारावास में होने की वजह उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अविधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता वहीं से मिलेगा, जहां से वे न्यायिक हिरासत भेजे गए थे। जेल से बाहर निकलने के बाद उन्हें कार्मिक विभाग में योगदान करने को कहा गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में आदेश जारी कर दिया है।

### प्रत्येक 3 माह में होगी राजस्व संग्रहण की समीक्षा

**रांची।** झारखंड के वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए कुशल प्रबंधन की आवश्यकता है। श्री किशोर ने सूचना भवन सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के चलते राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ, फिर भी प्रयास संतोषजनक रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर तीन माह में राजस्व संग्रहण की समीक्षा करें।



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in
**e-Procurement very Short Notic**
**2nd call**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/02/25-26 Dated **22.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for exploration of Feasibility Report cum Preparation of Detailed Project Report for construction of Vehicle Underpass near Loyabadh-Hatia more of Karkendra -Katras road including approaches, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal if any with clearance of all stages etc as required, at Dhanbad in the state of Jharkhand. __from Consultants empanelled in Category -II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 30 Days |
| 3- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :**- Rs 40,000/- (Rupees Forty five Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 4- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 25.04.2025, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 05.05.2025, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 06.05.2025, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |
| 8- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 9- | PR No | 349563 Road (24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi
PR 350908 Road(25-26)D


## अगले चार दिनों तक कई जिलों में चलेगी लू चलने की चेतावनी

# झारखंड में भीषण गर्मी का सितम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गर्मी ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिये हैं। राज्य के कई जिलों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है और हीट वेव की स्थिति बन चुकी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के कई हिस्सों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है, जो जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। इधर झारखंड के नौ जिलों का तापमान 40 के पार पहुंच गया है जबकि 12 जिलों का तापमान 38 और 39 डिग्री दर्ज किया गया है। लगातार बढ़ती गर्मी और उमस के चलते लोग परेशान होने लगे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो राज्य में अगले तीन दिनों उमस भरी गर्मी रहेगी।

अनुमान के अनुसार राज्य के 11 जिलों में अगले तीन दिनों 24, 25 और 26 अप्रैल की दोपहर तक लू चलने की संभावना है और इसके चलते यलो अलर्ट जारी किया गया है।

हालांकि 26 अप्रैल की शाम से मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा। इस दिन संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, गर्जन के साथ बारिश भी हो सकती है।



**डाल्टनगंज में सबसे ज्यादा गर्मी, पारा 44 डिग्री हुआ**

बुधवार को झारखंड का सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दूसरी ओर, खूंटी में सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

**इन जिलों में भी पारा रिकार्ड स्तर पर पहुंचा**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जमशेदपुर : | 43 डिग्री | गोड्डा : | 40.4 डिग्री | गुमला : | 38.7 डिग्री |
| चाईबासा : | 43 डिग्री | पलामू : | 41.5 डिग्री | हजारीबाग : | 39.1 डिग्री |
| बोकारो : | 40.5 डिग्री | प. सिंहभूम : | 40.3 डिग्री | जामताड़ा : | 39.5 डिग्री |
| रांची : | 39 डिग्री | चतरा : | 39 डिग्री | खूंटी : | 38.7 डिग्री |
| देवघर : | 40.3 डिग्री | धनबाद : | 37 डिग्री | लोहरदगा : | 38.7 डिग्री |
| गढ़वा : | 41.7 डिग्री | पू.सिंहभूम : | 37.9 डिग्री | सिमडेगा : | 39 डिग्री |

### लू से बचाव जरूरी

मौसम विभाग ने हीट वेव को देखते हुए लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। आईएमडी ने राज्य में अगले तीन दिनों तक लू चलने की संभावना जताई है और इसके चलते यलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि 26 अप्रैल की शाम से मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा।

### 26 और 27 अप्रैल को राहत की उम्मीद

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 26 अप्रैल की शाम से राज्य के कुछ हिस्सों में मौसम बदल सकता है। संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल में तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनकी रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी। साथ ही, गरज-चमक के साथ बारिश होने की भी संभावना जताई गयी है। 27 अप्रैल को भी यही स्थिति बनी रह सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

# पहलगाम के आतंकी बर्बरता पर लौहनगरी जमशेदपुर में भारी उबाल

- आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब और पनाहगार पाकिस्तान पर कठोर सैन्य कार्रवाई की उठी मांग

## आतंकवाद के खिलाफ सड़क पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता, फूंका पुतला



साकची में आतंकवाद का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को दिल दहलाने वाले आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस अमानवीय और बर्बर हमले में 27 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या ने न केवल आतंकवाद की क्रूर मानसिकता को उजागर किया, बल्कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के घिनौने चेहरे को भी विश्व के सामने बेनकाब कर दिया। इस जघन्य घटना के बाद देशभर में लोगों में गुस्सा और आक्रोश का लावा फूट पड़ा है।

बुधवार को जमशेदपुर महानगर के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय से जुबिली पार्क गोलचक्कर तक हाथों में आतंकवाद का पुतला लेकर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान 'आतंकवाद मुदार्बाद' और 'पाकिस्तान मुदार्बाद' के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। जुबिली पार्क गोलचक्कर पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया और केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर व निर्णायक कार्रवाई की मांग की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह दुखद घटना पूरे देश के लिए एक गहरी चोट जैसी है। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि देश इस कायरतापूर्ण हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। अब आतंकियों के अंत का समय आ गया है। इससे पहले, जिला कार्यालय में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर प्रभु से दिवंगत पुण्यात्मा के शांति एवं शोक संतप्त परिजनों के संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

वहीं, मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करना आतंकवादियों की कायरता, बर्बरता और नपुंसकता का जीता-जागता सबूत है। यह हमला भारत की अस्मिता और संप्रभुता पर सीधी चुनौती है। अब चुप रहने का वक्त नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई का समय है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार को आतंकवाद और आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ अब आर-पार की जंग छेड़नी होगी, ताकि इस जघन्य अपराध के आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए।

इस दौरान मनोज कुमार सिंह, जटाशंकर पांडेय, डॉ राजीव, कुसुम पूर्ति, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, मिली दास, संजीव कुमार, रमेश हांसदा, प्रेम झा, अखिल सिंह, बिनोद सिंह, ज्ञान प्रकाश, उज्ज्वल सिंह, अमित सिंह, संजीत चौरसिया, सागर राय, मंजीत सिंह, रमेश बास्के, प्रदीप मुखर्जी, अमिताभ सेनापति, चिंटू सिंह, बिनोद राय, पप्पू उपाध्याय, प्रशांत पोद्दार, आनंद कुमार, रबिन्द्र सिसोदिया, जीवन लाल, अमित मिश्रा, अप्पा राव, दीपक झा, अरुण मिश्रा, मारुति नंदन पांडेय, लक्ष्मण श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, राकेश दुबे,रानी ठाकुर, संजना साहू, लीना चौधरी, लक्ष्मण बेहरा, प्रवीण कुमार, कंचन दत्ता, शिंदे सिंह, महेश्वर सिंह, गजेंद्र सिंह, घनश्याम पांडेय, बंटी अग्रवाल, काजू शांडिल, सुमित कुमार, सतीश सिंह, महेंद्र राष्ट्रवादी समेत सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार कठोर कदम उठाये कांग्रेस साथ रहेगी : राकेश तिवारी



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार के घटना की कडे शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार इस घटना को गंभीरता से ले और बड़बोली छोड़कर धरातल पर वास्तविक कार्य देश हित में करें। इस तरह की घटना से देश में आम नागरिकों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है जो देश के लिए अच्छी बात नहीं। श्री तिवारी ने कहा की जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियों पर सरकार कठोर कदम उठाए और इस घटना के जवाब में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें ऐसी घटना पर देश की सभी राजनीतिक दल सरकार के साथ होगे जहां देश की आन बान और शान की बात होगी देश के आम जनता की रक्षा की बात होगी। वहां कांग्रेस या कोई भी दल राजनीति करना नहीं चाहती उन्होंने कहा घटना में मारे गए निर्दोष पर्यटको के प्रति हम गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हैं। कांग्रेस पार्टी पूरे राज्य में उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा और कैंडल मार्च निकलेगी।

### आतंकवाद जहरीला नाग, इसके फन को कुचल डाले केंद्र सरकार



जमशेदपुर। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हमला कर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने पर सांसद विद्युत करण महतो ने कहा कि इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। सांसद श्री महतो ने कहा कि आतंकवाद एक जहरीला नाग है और जब तक इसके फन को पूरी तरह से कुचला नहीं जाएगा तब तक भारत चैन से नहीं बैठेगा। निर्दोष भारतीयों के हत्या का हिसाब इन आतंकवादियों को चुकाना पड़ेगा। जिस तरह पुलवामा के बाद सर्जिकल स्ट्राइक किया गया था उसी अंदाज में इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। सांसद ने कहा कि आतंकवादी हमला भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर किया गया हमला है। सांसद श्री महतो ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को अपने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश आज उनका ऋणी है। उनकी शहादत बेकार नहीं जायेगी।

## स्पीड न्यूज

### आतंकी हमले की राजेश शुक्ल ने कड़ी निंदा की



**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने पिछले दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है और इसे मानवता पर कायरतापूर्ण कार्रवाई कहा है। श्री शुक्ल ने आज यहा जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि धर्म पूछकर पर्यटकों की ऐसी नृशंस हत्या करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। आतंकियों को अब मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है।

### पहलगाम कांड राष्ट्र के खिलाफ बड़ा हमला: काले



**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुई हिंदू विरोधी धार्मिक नरसंहार ने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। यह कोई सामान्य हमला नहीं बल्कि यह सोची-समझी, सुनियोजित और घृणित मानसिकता से की गई वहशत थी, जिसमें बेगुनाहों को उनके नाम और धर्म पूछ-पूछ कर उनके परिवार के सामने उन्हें गोलियों से भून दिया गया।

### गम्हरिया के लोगों ने की आतंकी घटना की निंदा

**गम्हरिया।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई भीषण आतंकी घटना की कई लोगों ने निंदा किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुलकान्त झा ने इस वीभत्स घटना की निंदा करते हुए कहा कि इसपर केंद्र सरकार को कड़ा फैसला लेने की जरूरत है ताकि ऐसे आतंकियों और उसे शह देने वालों को सबक मिले। कहा कि इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर सभी विपक्षी दलों को भी एकजुट होने की जरूरत है ताकि देश के ऐसे दुश्मनों से कड़ाई से निबटा जा सके।

### असहनीय है पर्यटकों पर हमला : मुकेश मित्तल



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष, सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मुकेश मित्तल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पहलगाम में हुआ यह आतंकी हमला न केवल निर्दोष नागरिकों की हत्या है, बल्कि यह हमारे देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द पर भी हमला है। हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे कायराना हमलों को अंजाम देने वाले आतंकियों को सख्त से सख्त सजा मिले। साथ ही, हमें अपने सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना होगा ताकि भविष्य में ऐसे हमलों को रोका जा सके।

## वक्फ कानून के खिलाफ प्रतिवाद सभा एक को

- पर्सनल बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना खालिद सैफुल्ला रहमानी समेत कई मुस्लिम विद्वान भाग लेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





संवाददाता सम्मेलन में प्रतिवाद सभा की जानकारी देते संयोजक रियाज शरीफ।

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के जन संहार पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, और आतंकवादी संगठनों की कड़ी निंदा की है। दो मिनट मौन रख कर बोर्ड ने दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। इसके साथ ही बोर्ड ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए वक्फ कानून 2025 के खिलाफ मानगो के गांधी मैदान में एक मई 2025 को प्रतिवाद सभा करने की घोषणा की है। कार्यक्रम के संयोजक रियाज शरीफ ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित वक्फ कानून 2025 जल्दबाजी में लाया गया कानून है, जिसमें समुदाय विशेष के यहीं को गभीरता से नहीं लिया गया है। उक्त कानून में 44 नये संशोधन है जिस कारण वक्फ किये गये जमीन को संरक्षित नहीं किया जा सकता।

रियाज शरीफ ने कहा कि पूर्व में वक्फ एक्ट 1998 में जो व्यवस्था सरकार द्वारा दी गई थी, उसके द्वारा वक्फ सम्पतियों की हिफाजत की जा रही थी। इसपर सभी पक्षों (केंद्र सरकार एवं वक्फ बोर्ड) को विश्वास में लेकर आपसी सहमति से और बेहतर बनाया जा सकता था, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा जो जेपीसी का गठन किया गया था, वह पूर्ण रूप से सरक्कर के प्रभाव में कार्य करने वाला साबित हुआ। समिति में शामिल सदस्यों का विरोध भी हुआ, लेकिन अंततः आनन-फानन में संख्या बल के आधार पर बिल को पास कराकर कानून बना दिया गया। जिसका की समस्त मुस्लिम समुदाय विरोध करता है और सरकार के इस फैसले से असहमत है।

शरीफ ने बताया कि इन्हीं सभी बिन्दुओं पर दिनांक 01.05. 2026 को आयोजित होने वाली प्रतिवाद आमसभा में पर्सनल बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना खालिद सैफुल्ला रहमानी, महासचिव मौलाना कज्जलुर रहीम मुज्हदीदी, बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसुल, बोर्ड के उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद मौलाना उबैदुल्लाह खान आजमी, जेपीसी सदस्य सह सांसद डॉ मोहम्मद जावेद, सासद कल्याण बैनर्जी, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, सालद इमरान मसूद, मौलाना मोहिब्बुला मदवी, के अतिरिक्त अन्य बुद्धिजीवी एवं गणमान्य सभा को सम्बोधित करेंगे। सभा शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक होगी।

## आशियाना आदित्या के सुपर मॉम ने डीबीएमएस लिलिपुट में आयोजित की चित्रांकन प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/ आदित्यपुर।** आशियाना आदित्या के सुपर मोम के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर डी वी एम एस लिलिपुट, सी एच एरिया में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें आशियाना आदित्य के सुपर मॉम नियति राय, श्रावणी पहाड़ी एवं विद्या पी बत्तीवाला ने अहम भूमिका निभायी। मौके पर विद्यालय के अंडर प्रिविलेज 50 बच्चों ने भाग लिया। छात्रों को संबोधित करते हुए सुपर मोम नियति राय एवं अन्य ने पृथ्वी संरक्षण और बचाओ के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा रचनात्मक प्रक्रिया के तहत चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण के प्रति अपने विचार व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्या राधा श्रीनिवासन और शिक्षिका बसंती ने भी अपने विचार व्यक्त किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम छात्र को पुरस्कृत किया गया। मौके पर काफी संख्या में छात्र एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान गोलमुरी में मना समारोह

- अलविदा मनाकर 2022-25 बैच के छात्रों को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान गोलमुरी के संस्थान परिसर में अलविदा दिवस के मद्देनजर समारोह आयोजित किया गया। इसमें संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन,उप प्राचार्य रमेश राय एवं सभी ब्रांच के शिक्षकों के साथ 2022- 25 बैच के छात्र मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ सभी अतिथियों एवं संस्थान के प्राचार्य प्रीता जॉन,उप प्राचार्य रमेश राय द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। इस दौरान गायन और नृत्य आदि जैसी कई मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान के शिक्षकगण, स्टाफ एवं कई छात्रों ने हिस्सा लिया।सर्वप्रथम इलेक्ट्रॉनिक डिपार्टमेंट द्वारा प्रस्तुत नृत्य से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इसके बाद दृशा और ग्रुप ने अपने गायन से समा बांध दिया। आयोजित समारोह में डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन टूल एंड डाई इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर के सभी छात्रों की इस नए सफर में उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई एवं तकनीकी के क्षेत्र में संस्थान का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाई दी गयी।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों का निजी कंपनियों संस्थाओं में एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम 8 को

**प्रोजेक्ट अन्वेषण 2.0**

- चैनपुर के संत जॉन चर्च में डीकन एजेकिएल टोप्पो का हुआ पुरोहिताभिषेक
- डीसी ने कंपनी व संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ की बैठक, 8 मई को छात्रों के भ्रमण कार्यक्रम के रूपरेखा पर हुई चर्चा
- कार्यक्रम के तहत जिला के 25 स्कूल किये गये चयनित, 9-12वीं कक्षा तक के बच्चे होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को शहर के निजी कंपनियों एवं संस्थाओं में एक्सपोजर विजिट कराने के दूसरे चरण को लेकर कंपनी व संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गयी। डीडीसी अनिकेत सचान बैठक में मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रोजेक्ट अन्वेषण के पहले फेज में 15 स्कूलों के 11वीं कक्षा के शामिल किए गए थे, वहीं प्रोजेक्ट अन्वेषण 2.0 में इस बार जिले के 25 स्कूलों के 9-12वीं कक्षा तक के बच्चे शामिल किये गये हैं।

## गर्मी बढ़ गयी है, विद्यालयों का समय कम कराइये डीसी साहब

- सिंहभूम चैम्बर ने चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय को कम करने हेतु उपायुक्त का कराया ध्यानाकृष्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेंबर ने अप्रेल महीने की भीषण चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्कूलों के समय को कम करवाने हेतु स्कूलों को उचित दिशा निर्देशित जारी करने के लिये पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, भा.प्र.से. का पत्र के माध्यम से ध्यानाकृष्ट कराया है। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि इस वर्ष अप्रेल के महीने में ही भीषण गर्मी की शुरूआत हो चुकी है और पूरे झारखण्ड राज्य के साथ ही जमशेदपुर में भी कड़ी चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। इस भीषण गर्मी के मद्देनजर चैम्बर ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, भा.प्र.से. को पत्र के माध्यम से आग्रह करते हुये इसके लिये त्वरित कदम उठाये और स्कूलों के समय में परिवर्तन कर समय को घटाने के लिये स्कूल प्रबंधनों को दिशा निर्देशित जारी करें।

### एसएई एयरो डिजाइन 2025 में एनआइटी जमशेदपुर की टीम फीनिक्स की शानदार उपलब्धि

## डिजाइन रिपोर्ट श्रेणी में विश्व स्तर पर प्राप्त किया छठा स्थान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एनआइटी जमशेदपुर और भारत के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब संस्थान की आधिकारिक एयरो-डिजाइनिंग और एयरो-मॉडलिंग टीम टीम फीनिक्स ने रआए इंटरनेशनल एयरो डिजाइन 2025 प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वैश्विक मंच पर अपनी चमक बिखेरी। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 4 से 6 अप्रैल तक वैन नाईस, कैलिफोर्निया, अमेरिका में आयोजित की गई थी।

रेगुलर क्लास श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए टीम फीनिक्स ने डिजाइन रिपोर्ट में विश्व स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि टीम की रचनात्मकता, तकनीकी उत्कृष्टता और कठोर परिश्रम का प्रमाण है। उन्होंने ब्राजील, चीन, पोलैंड और अमेरिका जैसी देशों की शीर्ष संस्थानों की टीमों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई।

इस शानदार उपलब्धि के पीछे टीम की नवोन्मेषी सोच, सामूहिक प्रयास और अटूट समर्पण रहा। यह न सिर्फ.तकनीकी कुशलता का प्रदर्शन है, बल्कि नेतृत्व और टीम वर्क की एक प्रेरक मिसाल भी है।

टीम का नेतृत्व क्रिश राठौर (टीम कप्तान) ने किया। ऑन-साइट में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले सदस्यों में दीपक कुमार, तनिशा श्रीवास्तव, श्रुति प्रिया, और सप्तक रॉय शामिल थे। वहीं टीम के बैकएंड से सहयोग देने वाले सदस्यों में चंदू सुवास रेड्डी, हर्ष कुमार और आदित्य का विशेष योगदान रहा। इस सफर में टीम को मार्गदर्शन मिला प्रोफेसर (डॉ.) गौतम सूत्रधार, निदेशक, एनआइटी जमशेदपुर और डॉ. दीपक कुमार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एवं टीम के फैकल्टी एडवाइजर से, जिनकी सलाह और प्रेरणा ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। टीम ने विशेष रूप से धन्यवाद प्रकट किया कर्नल (डॉ.) निशीथ कुमार राय (सेवानिवृत्त), कुलसचिव, एनआइटी जमशेदपुर का, जिनके सहयोग और प्रोत्साहन ने टीम को इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचने में सहायता प्रदान की।

## एक नजर में

### अनाथ बच्ची तुलसी सिंह के घर पहुंचे पटमदा सीओ



**पटमदा।** प्रखंड के लावा पंचायत के सिसदा गांव के टोला आम बहाल की दो वर्षीय अनाथ बच्ची तुलसी सिंह के माता पिता दोनों का निधन हो जाने से बच्ची के सिर से माता पिता दोनों का साया उठ गया। बुधवार को पटमदा सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास तुलसी के घर पहुंचकर उनके दादी से मिलकर सरकारी लाभ की कागजी कार्रवाई शुरू करने के लिए उनको आधार, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यों में जोड़ने के लिए अंचल से खतियान आदि कागजात जाँच किया। वही गुरुवार को बच्ची तुलसी सिंह के आधार बनवाने का प्रक्रिया भी शुरू किया जाएगा।वही अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास के साथ समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने तुलसी के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर कुछ खाद्य सामग्री सौंपा।वही अनाथ बच्चों को सरकार द्वारा मिलने वाली प्रतिमाह चार हजार की सहयोग राशि देने की भी प्रक्रिया की जाएगी। बता दे कि कुछ दिन पहले अनाथ बच्ची तुलसी सिंह के घर समाजसेवी विश्वनाथ महतो और पी एल वी मिथिलेश तिवारी ने पहुंचकर इस मामले से अंचलाधिकारी को इसकी जानकारी दी थी। वही कई समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित खबर के बाद भी कई समाजसेवियों के द्वारा तुलसी सिंह को सहयोग किया।

### भालुबासा में श्याम महोत्सव की तैयारी बैठक

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भक्त मंडल भालुबासा द्वारा आगामी 11 मई रविवार को आयोजित होने वाले भव्य श्याम महोत्सव की सफलता हेतु मंडल कार्यालय भालूबासा में बैठक संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष मुरारी अग्रवाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि 11 मई रविवार की सुबह 08 बजे से श्याम अखंड ज्योति पाठ और रात 08 .30 बजे से भजनों की अमृत वर्षा (संकीर्त्तन) होगी। संस्था के संयोजक पवन अग्रवाल ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही महोत्सव को ऐतिहासिक बनाया जा सकता है। महिला शाखा अध्यक्ष रिंकू अग्रवाल और सचिव उषा गुप्ता को सामूहिक पाठ की पूरी जिम्मेदारी दी गई हैं। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग केलवालका, अरुण अग्रवाल, राजू खंडेलवाल, बसंत अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, वेद प्रकाश उपाध्याय, कंचन दे, नितिन चौधरी, मालीराम अग्रवाल, वर्गिस अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, हैप्पी अग्रवाल, कैलाश छावछरिया, बिमल अग्रवाल, संजय शर्मा, विकास अग्रवाल, धनराज गुप्ता, अप्पू अग्रवाल आदि शामिल थे। बाबा श्याम के जयकारे के साथ बैठक की समाप्ति हुई।

### टाटानगर बासुकीनाथ मंडली धर्मशाला की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन, इंदर बने अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** टाटानगर बासुकीनाथ मंडली धर्मशाला की आमसभा सह कार्यकारिणी समिति चयन का कार्यक्रम सिंहभूम चेम्बर भवन में संपन्न हुआ। महासचिव सुरेश हरनाथका ने वर्षभर के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, वहीं कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने 2024-25 के आय-व्यय का विवरण रखा, जिसे सदन ने करतल ध्वनि से स्वीकृति प्रदान की। संस्था के अध्यक्ष इन्दर अग्रवाल ने अपने संबोधन में संस्था की कीर्ति और सेवाओं को और व्यापक बनाने की बात कही। चुनाव पदाधिकारी सत्यनारायण खंडेलवाल ने चयन प्रस्ताव को समर्थन के साथ पारित किया और नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। नई कार्यकारिणी समिति : नवगठित समिति में इंदर अग्रवाल अध्यक्ष, संतोष खेतान व राजकुमार संघी उपाध्यक्ष, सुरेश हरनाथका महासचिव, अनील गोयल व सुशील खीरवाल उपसचिव तथा राधेश्याम अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गये। कार्यकारिणी सदस्यों में रामअवतार अग्रवाल, दिनेश सिंघानिया, विट्ठल अग्रवाल, प्रकाश मोदी, मनोज चौधरी, रवि पटेल, संतोष अग्रवाल, प्रवीण गुटगुटीया, रीतेष अग्रवाल, विनय अग्रवाल, उत्तम नरेडी, नन्दलाल अग्रवाल, ललीत सरायवाला, मनोज चेतानी को शामिल किया गया। सभा के अंत में सभी ने धर्मशाला के विकास हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### 'जीवन' ने छात्रों और अभिभावकों को दिया आत्म बल का संदेश





**जमशेदपुर।** बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने का समय करीब आते देख जहां एक ओर छात्रों में भविष्य की चिंता बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर अभिभावकों की अपेक्षाएँ भी छात्रों पर दबाव बना रही हैं। ऐसे समय में जमशेदपुर में आत्महत्या की रोकथाम के लिए समर्पित 'जीवन' आत्महत्या निवारण केंद्र ने एक सराहनीय पहल करते हुए आईसीएसई और सीबीएसई बोर्ड के छात्रों और उनके माता-पिता को भावनात्मक रूप से मजबूत रहने और मानसिक संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया है। संस्था ने छात्रों को यह समझाने का प्रयास किया कि परीक्षा का परिणाम जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। जीवन के स्वयंसेवकों और परामर्शदाताओं ने अभिभावकों और विद्यार्थियों छात्रों को आत्म-स्वीकृति, वैकल्पिक करियर विकल्प, और आत्महत्या जैसे घातक विचारों से दूर रहने के उपाय पर जोर दिया है। हर परिणाम एक अवसर है, न कि हार की मोहर, यह संदेश संस्था ने प्रेरणादायक दिया सन्देश जारी किया है।

# स्पीड न्यूज

## आशी केयर हॉस्पीटल में निःशुल्क परामर्श शिविर आज


निःसंतान दंपति इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें : उप निदेशक अमितेश पांडेय

**मेदिनीनगर।** रेड़मा चौक पेट्रोल पंप के पास स्थित आशी केयर हॉस्पीटल में निःशुल्क परामर्श शिविर 24 अप्रैल को रखा गया है। इसकी जानकारी हॉस्पीटल के उप निदेशक अमितेश पांडेय ने दी। बताया कि निःशुल्क परामर्श शिविर निःसंतान दंपतियों के लिए सुनहरा अवसर है। वे इसका लाभ उठायें। जटिल व लंबे समय तक असफल प्रयास वाले दंपति विशेष परामर्श ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में निःसंतान दंपति पूर्व की समस्त परीक्षण रिपोर्ट साथ लेकर आयेंगे। यह उनके लिए वरदान होगा।

## भाजपा ने निकाला मशाल जुलुस



**मेदिनीनगर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों का हिंदुओं पर कायराना हमले के विरोध में पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अगुवाई में आक्रोश मशाल जुलूस गीता भवन से निकलकर शहर के मुख्य चौक चौराहों से होकर छहमुहान चौक तक निकला। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकियों का सफाया करो, पीओके वापस लो, हिंदुओं का नरसंहार बंद करो, देश के गद्दारों को बाहर करो... जैसे नारे लगाये। मौके पर नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, स्मिता आनंद, रीना किशोर, मंजू गुप्ता, अखिलेश तिवारी, विजय ओझा, मंगल सिंह, शिवकुमार मिश्र, अभिमन्यु तिवारी, विजय ठाकुर आदि थे।

## विवाद को लेकर मारपीट, पांच जख्मी

**सतबरवा।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धावाडीह में दो पक्षों में विवाद के बाद बुधवार को करीब 3:30 बजे मारपीट में पांच लोग जख्मी हो गये। लेस्लीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने मौके पर पहुंच मामले की जानकारी लेकर शांत कराया। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि दरुआ गांव के एक लड़की के साथ धावाडीह गांव के एक युवक ने मंगलवार को अभद्र व्यवहार करने का आरोप है।

## स्कूलों का समय बदलने की जरूरत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में भीषण गर्मी का प्रचंड प्रकोप है। जिससे जन-जीवन अस्त व्यस्त है। अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर पांडेय ने जिले के उपायुक्त से बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रख सरकारी और निजी स्कूलों के समय में तत्काल बदलाव की जरूरत बताई है। ताकि स्कूली बच्चों को इस भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप से बचाया जा सके।

## पहलगाम हमला के खिलाफ विहिप का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कल



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समिति सदस्य सह पलामू जिला पालक दामोदर मिश्र ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई भीषण आतंकी घटना की निंदा की। कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। केंद्रीय समिति के निर्णय के अनुसार घटना पर आक्रोश व्यक्त करने हेतु विहिप-बजरंग दल पलामू के कार्यकर्ता भी 25 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## रेड़मा काशीनगर में वैशाख कृष्ण नवमी पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा काशीनगर में वैशाख मास के कृष्ण पक्ष नवमी तिथि पर सुंदरकांड पाठ हुआ। सर्वप्रथम श्रीराम भक्त हनुमान जी महाराज का विधि विधान से पूजा की गयी। यजमान अजय तिवारी, उत्तम देवी, शशिकांत तिवारी, श्रीकांत तिवारी, रेणु त्रिपाठी, प्रभा तिवारी, संजू, पूर्णिमा ने विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ शुरू हुआ। व्यास पंडित प्रभु नारायण पाठक के नेतृत्व में 11 विद्वान ब्राह्मणों ने सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया। पाठकर्ता व्यास पंडित प्रभु नारायण पाठक ने सुंदरकांड पाठ की महिमा और उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर विजय तिवारी, संजय तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, पूर्व डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह, सुनील तिवारी, गुरुवीर सिंह उर्फ गोलू, विभाकर नारायण पांडेय, दीपक तिवारी, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला, सत्येंद्र तिवारी, दिलीप पांडेय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जनता दरबार में डीडीसी ने सुनी समस्या



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर बुधवार को समाहरणालय सभागार में डीडीसी शब्बीर अहमद ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से लोग पहुंचे थे। सभी ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देकर उसका निदान हेतु अनुरोध किया। डीडीसी ने कुल 24 आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन स्थानांतरित किया। उन्होंने जनता दरबार में आये आवेदनों का गंभीरता से लेते हुए समस्या निदान का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उप विकास आयुक्त द्वारा लगाये गये जनता दरबार में चैनपुर के चांदो थाना क्षेत्र की निधि कुमारी ने पति जगजीत सिंह के निलंबन अवधि का बकाया वेतन भुगतान करने का अनुरोध किया। वहीं जेलहाता के मुंसफ रोड निवासी मनीष कुमार ने जमीन विवाद विषयक आवेदन देकर पैतृक मकान, दुकान आदि संपत्ति में बंटवारा कराने का आग्रह किया। पोलडीह बईरा खूर्द निवासी अशोक कुमार सिंह ने छत्तरपुर के सेवानिवृत पंचायत सेवक पद से सेवानिवृत पिता रामराज सिंह की भविष्य निधि का पैसा भुगतान करने संबंधी आवेदन दिया। इसके अलावा जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, दाखिल खारिज, मकान कार्य को रोकने की धमकी देने, एनएच द्वारा जमीन अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा राशि भुगतान करने, अबुआ आवास योजना का लाभ देने, अमीन द्वारा जमीन की मापी कराने शामिल हैं।

# प्रदूषण, जल संकट, भीषण गर्मी और जलवायु परिवर्तन रोकने की चाबी पौधरोपण : डॉ कौशल

- पर्यावरणविद ने वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन
- प्रकृति से केवल लेना ही नहीं, बल्कि कुछ देना भी सीखें



उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते पर्यावरणविद।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छत्तरपुर पलामू।** नावा बाजार के वन वृक्षों और छत्तरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार बेलटांड़ के वन वृक्षों पर रक्षाबंधन और कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क परिसर में कटहल के पौधरोपण और सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर जामपानी मिशन स्कूल में थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधा वितरण और रोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दो दिवसीय आयोजित कार्यक्रम का समापन पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने किया। उन्होंने पलामू में बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पलामू प्रमंडल के लोग खुद पलामू छोड़कर भागने पर विवश होंगे। मौके पर डॉ कौशल ने कार्यक्रम का शुभ आरंभ कन्या पूजन कर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर उपस्थित छात्राओं को वनों को आग से बचाने और पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। साथ ही पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि एक तो पलामू से होकर कर्क रेखा गुजरने से पहले से ही ब्लैक शैडो जोन में रखा गया है। दूसरी तरफ वनों के कटने और वनों में आग लगने से पत्थर पहाड़ नंगे होने के कारण प्रचंड गर्मी अचानक बढ़ी है। कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि बढ़ती प्रदूषण जल संकट भीषण गर्मी और तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकना है।

# पृथ्वी दिवस पर सेसा ने ग्रीनवैली स्कूल में आयोजित करायी पेंटिंग प्रतियोगिता




उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते पर्यावरणविद।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वयं सेवी संस्था सेसा के द्वारा पृथ्वी दिवस पर ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण और हम रखा गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन सेसा के प्रेम भसीन एवं ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक प्रदीप नारायण एवं प्राचार्य ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 180 छात्रों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गयी थी। प्रथम वर्ग में कक्षा 5 से लेकर 7 तक के बच्चों एवं दूसरे वर्ग में कक्षा 8 से लेकर 10 तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रेम भसीन ने बच्चों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के विषय में विस्तार से समझाया। प्रतिभागियों को वन व वन्यजीव आधारित पुस्तक भी दिया गया। प्रथम वर्ग में उत्कर्ष राज, महिमा कुमारी एवं रौनक राज क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे जबकि दूसरे वर्ग में आयुष कुमार, आर्यन कुमार एवं राधा कुमारी क्रमशः प्रथम, दूसरे एवं तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में अजीत पाठक एवं चंदा झा निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में सेसा के अजय कुमार, ज्योति टोप्पो, ग्रीन वैली विद्यालय के संजीत कुमार एवं अन्य शिक्षकों की विशेष भूमिका रही।

# पहलगाम घटना के खिलाफ खुला मंच ग्रुप ने निकाला प्रतिकार मार्च

- विरोध प्रदर्शन कर बोले- घटना से हिन्दू समाज नहीं चेता तो फिर विनाश तय है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नरसंहार के विरोध में प्रतिकार मार्च निकालते पलामू के युवा।

**मेदिनीनगर।** हर इस्लामिक आतंकवादी नहीं होता है लेकिन गोली खाने वाला हिंदू जरुर होता है। यह कहना है खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि का। मौका था खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा पहलगाम घटना के विरोध प्रदर्शन का। श्री ऋषि ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह से धर्म पुछ कर हत्या की गई है यह घटना फिर से काश्मीर में घटित उस घटना की याद ताजा कर गई जब मस्जिदों से हिंदुओं को घाटी छोड़ने का एलान किया गया था। मंच के एडमिन रजनीश सिंह ने कहा कि हमारे देश में भाईचारा की दुहाई दी जाती है लेकिन जहां उनकी आबादी कम है । वहीं भाईचारा कायम है और जहां उनकी आबादी अधिक है वहां हिंदू सिर्फ चारा है। मंच के कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने कहा कि मृतकों से पटी भूमि है पहचान इसमें कहां तू है। उन्होंने कहा कि अब जागने की जरूरत है अब भी हिन्दू समाज नहीं चेता तो फिर विनाश तय है। मंच के सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार टिंकू ने कहा कि हिंदुस्तान में अगर हिन्दू सुरक्षित नहीं रहेगा तो फिर हिंदू धर्म का पतन सुनिश्चित है। इसके पूर्व कचहरी शहीद चौक से सैकड़ों की संख्या में आम लोगों ने शामिल होकर प्रतिकार मार्च निकाला जो डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक छहमुहान पर जाकर समाप्त हो गया।

यह सही है कि हर इस्लामिक आतंकवादी नहीं होता है लेकिन गोली खाने वाला हिंदू जरुर होता है। यह कहना है खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि का। मौका था खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा पहलगाम घटना के विरोध प्रदर्शन का। श्री ऋषि ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह से धर्म पूछ कर हत्या की गयी है यह घटना फिर से कश्मीर में घटित उस घटना की याद ताजा कर गयी जब मस्जिदों से हिंदुओं को घाटी छोड़ने का एलान किया गया था।

## अपैरल पार्क से स्थानीय महिलाओं को मिलेगा रोजगार : डीडीसी

# डीडीसी ने कोयल आजीविका अपैरल पार्क की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


अपैरल पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीसी व अन्य पदाधिकारी।

**चैनपुर पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन की पहल से कोयल आजीविका अपैरल पार्क की शुरूआत होगी। इसे लेकर उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज चैनपुर स्थित कोयल आजीविका अपैरल पार्क का भ्रमण कर, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं बंद होने के कारणों को समझा। उन्होंने आधुनिक मशीनों से वस्त्र की सिलाई, कढ़ाई एवं अन्य कार्यो के लिए लगे मशीन, कटिंग मशीन, ओवर लॉक मशीन, स्ट्रेट नाइफ कटिंग मशीन, बटन होल मशीन, बटन अटैच मशीन, बेडसीट, खोल, मांग (ऑर्डर के अनुरूप) पोषाक पर संबंधित स्कूलों का लोगों आदि डिजाइन/कढ़ाई करने संबंधी एम्ब्रॉइडरी मशीन आदि उपकरणों की जानकारी ली। साथ ही पूर्व की संचालन व्यवस्था की प्रक्रियाओं को जाना। उप विकास आयुक्त कहा कि जिला प्रशासन इसे पुनः शुरू करने जा रही है। इसका टेंडर कराये जाने की प्रक्रिया की जायेगी और प्रोडक्शन हाउस के द्वारा इसका संचालन कराये जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि यहां सिलाई के 150 आधुनिक मशीनों के साथ-साथ वस्त्रों पर डिजाइन तैयार करने आदि से संबंधित मशीन हैं। इससे सखी मंडल की महिलाओं को जोड़ा जायेगा। कोयल अपैरल पार्क से जुड़कर महिलाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

## 30 को मनेगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**पाटन पलामू।** हिंदू एकता मंच भगवान बिष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 30 अप्रैल को मोरया टांड़ शिव शक्ति प्रांगण में मनायेगा। इसकी जानकारी मंच के पदाधिकारियों ने दी। नौ बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

## कायराना हरकत है पहलगाम नरसंहार : सुधीर



**विश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस के प्रादेशिक नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा की है। कहा कि धर्म पूछकर नरसंहार आतंकियों की कायराना हरकत है, जिसे देश कतई बर्दास्त नहीं कर सकता। इससे पूरा देश गम व गुस्से में है। देशवासी इन हत्याओं का जल्द बदला चाहते हैं। केंद्र सरकार आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई करे।

## नालंदा दीपनगर से भटकी विक्षिप्त पाल्हे में मिली



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम पाल्हे खुर्द गांव में पुलिस गश्ती के दौरान मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की पायी गयी थी। उसे पाटन पुलिस ने सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया। सुष्मिता कुमारी पिता राजेन्द्र पासवान (16) ग्राम झिगसंगत थाना दीप नगर जिला नालंदा भटकते हुए पाल्हे आ गयी थी। सोमवार की रात्रि पुलिस उसे भटकते पायी थी। पुलिस ने रात्रि में लेडिज पुलिस नहीं होने से उसे पाल्हे खुर्द के पीएलभी रविन्द्र कुमार सिंह को सौप दिया था। रविन्द्र ने कड़ी निगरानी में उसे अपने घर में रखा तथा 22 अप्रैल को पाटन थाना को सौंप दिया। थाना प्रभारी लालजी ने सूचना दीप नगर थाना को दी। जहां से उसके परिजनों को सूचना दी गयी। लड़की को एसआई धर्मेंद्र कुमार, पीएलभी रविन्द्र सिंह तथा चौकीदार दीपिका के साथ सीडब्ल्यूसी को भेज दिया गया।

## महिला की संदिग्ध मौत, हत्या का लगा आरोप



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के मुरमा खुर्द निवासी बबन यादव की पत्नी अर्चना देवी (28) की संदेहास्पद मौत हो गयी। घटना बुधवार अहले सुबह की है। ग्रामीणों की मानें तो मृतका ने पारिवारिक विवाद में फांसी लगा ली है। जबकि मृतका के मायके वालों का आरोप है कि गला घोट कर उसकी हत्या की गयी है। मृतका के भाई गुड्डू यादव ने रेहला थाना में ससुराल वालों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार गढ़वा जिला के मेराल थाना के लोवादाग निवासी स्व बिरजू यादव की बेटी अर्चना की शादी 2011 में मुरमा खुर्द के बबन यादव के साथ हुई थी। उसका एक 13 वर्ष का लड़का व दस वर्ष की एक लड़की है। बबन और उसका भाई अवध बिहारी संयुक्त रूप से घर बना रहे थे, जिसका अर्चना विरोध करती थी। अर्चना अपना अलग घर बनाना चाहती थी। इसी को लेकर हमेशा विवाद होता था। बुधवार की सुबह वह अपने कमरे में मृत पायी गयी। ससुराल वालों ने आनन-फानन में उसका दाह-संस्कार कर दिया।

# ओरमांझी में मंदिर निर्माण और महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/रांची।** गत दिन मंदिर निर्माण सह महायज्ञ समिति कुचचू, ओरमांझी स्थित रांची में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू के निमंत्रण पर देश के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ समेत कई लोगों ने स्थल पर पहुंचकर आगामी 1 मई दिन गुरुवार से शुरू होने वाले भव्य कार्यक्रमों समेत निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को सम्मानित किया। विदित हो कि मंदिर निर्माण सह महायज्ञ समिति के तत्वावधान में श्री श्री 1008 शिव शक्ति, हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्री राम कथा का भव्य और विशाल आयोजन 1 मई से 9 मई तक किया गया है। पुरे कार्यक्रम के निमित्त अन्य पूजन के साथ 1 मई को कलश यात्रा एवं संध्या आरती, 2 को देवताओं का आह्वान एवं संध्या आरती, 3 को देवताओं का पूजन हवन एवं संध्या आरती, 4 को मूर्ति संस्कार एवं संध्या आरती, 5 को घृतादिवास एवं संध्या आरती, 6 को फलाधिवास एवं संध्या आरती, 7 को महास्नान एवं संध्या आरती, 8 को नगर भ्रमण होगा।

# कोयल आजीविका अप्रैल पार्क को शुरू करने की कवायद प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद द्वारा चैनपुर प्रखंड अवस्थित कोयल अप्रैल पार्क सह औद्योगिक सिलाई केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सिलाई केंद्र में बंद पड़े मशीनों का सर्विसिंग और समूह की दीदियों को फिर से रोजगार से जोड़ने के लिए जिला परिषद के माध्यम से टेंडर निकालने की बात कही। वहीं साथ ही साफ सफाई का निर्देश दिया। तदुपरांत उन्होंने सेनेटरी पैड निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। तैयार सेनेटरी पैड को बालिका विद्यालय व उच्च विद्यालय में बालिकाओं के बिच हरेक महीने 10 पैकेट स्नेटरी पैड वितरण में की बात कही। कोयल अपेरल पार्क का निर्माण वर्ष 2019 में किया गया था। प्रारंभिक वर्ष में यहां सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले वर्ग एक से आठ तक के लिए छात्र छात्राओं के लिए विद्यालय परिधान का निर्माण किया जाता था।

## बिजली की आंखमिचौनी से लोग परेशान प्रचंड गर्मी में बिजली ने मुसीबत में डाला

- प्रचंड गर्मी का सामना तो लोग कर रहे, लेकिन बिजली नहीं रहने का सामना करने में असमर्थ साबित हो रहे हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में प्रचंड गर्मी व चिलचिलाती धूप समेत गर्म हवाओं के झोंकों से लोगों की जिंदगी सहम गयी है। वहीं बिजली विभाग के उदासीन रवैया के कारण लोगों में काफी क्षोभ व्याप्त है। पलामू में तापमान 44 डिग्री पहुंच चुका है जिससे राहत पाने के लिए लोग पंखा, कुलर, एसी का सहारा लेते हैं। इससे लोगों को काफी राहत मिलती है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग व बीमार लोगों के लिए बिजली कितनी महत्वपूर्ण है यह किसी से छूपा हुआ नहीं है। प्रचंड गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों के पास बिजली के सिवाय कोई दूसरा कारगर विकल्प दिखाई नहीं देता है। ऐसी स्थिति में बिजली का आंख मिचौली होना लोगों को काफी तरसा रही है।

## आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन से कटकर महिला की मौत



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। उक्त महिला की पहचान शोभा देवी (35) पति संजीव पांडेय लेस्लीगंज प्रखंड ग्राम दीदरी के रूप में हुई। वर्तमान में वह हमीदगंज मुहल्ला में रहती थी। उसके दो पुत्र व एक पुत्री हैं। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में मनी वीर कुंवर सिंह की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के धरहरा जपला स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य कुशजी पांडेय, आचार्य राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार ने वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया। प्राचार्य ने कहा कि वीर कुंवर सिंह एक कुशल योद्धा तथा कुशल राजनीतिज्ञ थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवर सिंह का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान था। युद्ध कला में पूरी तरह कुशल थे। विशेष कर छापामार युद्ध करने में उन्हें महारत हासिल था। 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर के पास लड़ी गयी उनकी आखिरी लड़ाई में ईस्ट इंडिया कंपनी के नियंत्रण वाली सेना पूरी तरह से परास्त हो गयी थी। उन्होंने भैया-बहनों को बताया कि ब्रिटिश हुकूमत के साथ लोहा तो लिया ही, उसके बावजूद अनेक सामाजिक कार्य भी किये थे।

# सोने चांदी की दुकान से झोला ले कर भागे चोर, दुकानदारों में रोष

- थाना प्रभारी के समझाने के बाद खुली दुकान

**खबर मन्त्र संवाददाता**


लिखित शिकायत दर्ज कराते दुकानदार संघ के लोग।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज के गांधी चौक के बगल में स्थित दिलीप प्रसाद की सोना चांदी के दुकान से सोमवार की सुबह 10 बजे दुकान में रखे झोला ले कर चोर भाग निकले जिसकी भनक दुकानदार को लगी तब तक देर हो चुकी थी। थाने में दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर दुकानदार दिलीप प्रसाद प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी सुबह 10 बजे अपनी दुकान खोलने आये थे उनके हाथ में झोला था जिसको दुकान में रखकर दुकान की साफ सफाई करने लगे। मौका देखते ही चोरों ने झोला लेकर वहां से भाग निकले। दुकानदार दिलीप प्रसाद की माने तो दुकान के बाहर किसी ने सड़ा हुआ मछली फेंक दिया था जिसकी सफाई में वह व्यस्त हो गए इसी का मौका पाकर चोर झोला लेकर भाग निकले। इस घटना के विरोध में लेस्लीगंज के दुकानदारों ने अपनी दुकान को बंद रखने का निर्णय लिया था जिसकी सूचना थाना प्रभारी राजू गुप्ता को मिली। उन्होंने दुकानदार को सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि अपनी दुकान को बंद ना करें। मौके पर दुकानदार दिलीप प्रसाद ने थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने कहा कि आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी के आधार पर चोरों की पहचान के लिए पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

### दो पूर्व इसी दुकान से आभूषण से भरा झोला हुआ था गायब

2 वर्ष पूर्व लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 46/23 में भी दिलीप प्रसाद की दुकान से शटर की ताला खोलते समय चोरों ने झोला को गायब कर दिया था। उस समय शटर के ताले में किसी ने फेवी क्विक डाल दिया था जिससे दुकानदार ताले में उलझा रहे। इसके बाद चोरों ने दुकानदार का झोला लेकर गायब हो गये थे।

# एसडीएम व कई राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

- क्षत्रिय जागृति मंच ने दी श्रद्धांजलि और क्षत्रिय विकास परिषद ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते लोग।

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय ग्राउंड स्थित बाबू वीर कुँवर सिंह के आदम कद प्रतिमा पर बुधवार को एसडीएम गौरांग महतो समेत कई सामाजिक व प्रबुद्ध लोगो ने माल्यार्पण किया व उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौका था बीर कुंवर सिंह का 248 वीं जयन्ती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय क्षत्रिय जागृति मंच के तत्वावधान की गयी। मौके पर लोगो ने माल्यार्पण किया एवं उनके जीवन के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। हलांकि उनका जयंती 13 नवंबर 1777 में बिहार आरा भोजपुर जिला के जगदीशपुरी में हुआ था, जिनके नेतृत्व में लड़ी गयी लड़ाई की सबसे बड़ी सफलता आज ही के दिन 23 अप्रैल 1858 को उनकी आखिरी लड़ाई में ईस्ट इंडिया कंपनी के नियंत्रण वाली सेना पूरी तरह से परास्त हो गई थी। इसलिए लोग आज के दिन ही उनके जयंती मनाने लगे। इधर हुसैनाबाद में क्षत्रिय विकास परिषद अनुमंडल इकाई के तत्वावधान में भी दर्जनों से ज्यादा लोगों ने माल्यार्पण किया। वहीं क्षत्रिय विकास परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि हमलोग स्वतंत्रता सेनानियों के श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो सबसे पहले वर्तमान स्थिति में समाज में शराब पीने व नशामुक्ति का अभियान चलाया जाये ताकि समाज विकसित व संगठित तौर पर मजबूत हो और महापुरुषों की सही श्रद्धासुमन भी यही हैं। मौके पर क्षत्रिय जागृति मंच के संस्थापक प्रेमतोष सिंह भी थे।

# रंका में जंगल की आग से घर जला

## ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत बिश्रामपुर पंचायत के दहगड़वा स्थित जंगल में आग लगने से स्थानीय निवासी श्याम सुंदर प्रसाद का घर जलकर राख हो गया।

इस अगलगी में उन्हें भारी नुकसान हुआ है। जैसे ही आग की सूचना पीएलवी राजेश कुमार चौधरी को मिली, उन्होंने रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह और एसआई राजेश कुमार शर्मा को टेलीफोनिक रूप से सूचित करते हुए अग्निशामक वाहन भेजने का अनुरोध किया। तत्परता दिखाते हुए राजेश कुमार ने स्थानीय युवक रौशन कुमार की मदद से मोटर द्वारा पानी उपलब्ध कराकर आग बुझाने की दिशा में पहल की। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर एकजुट होकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए। उन्होंने बाल्टियों से पानी डालने, मिट्टी से ढकने और जलने वाले रास्तों को साफ करने जैसे उपायों से आग को फैलने से रोका।



आग बुझाते लोग

ग्रामीणों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से आग को अन्य घरों तक पहुंचने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। घटना स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रंका के कार्यवाह आलोक कुमार, सेवा प्रमुख दिनेश गुप्ता, सुजीत कुमार और नसरुल्ला समेत अन्य लोगों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर मनोज कुमार निराला ने कहा कि रंका प्रखंड जैसे क्षेत्र में स्थायी अग्निशामक वाहन की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में जंगलों और ग्रामीण बस्तियों में लगने वाली आग पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके।

# विधायक ने लक्ष्मी पांडेय को यूपीएससी सफलता पर दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से पीपरडीह निवासी लक्ष्मी पांडेय को यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। लक्ष्मी पांडेय, कृष्णमुरारी पांडेय की सुपुत्री हैं, जिन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 977वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र और पूरे झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है। विधायक श्री सिंह ने लिखा कि यह सफलता लक्ष्मी पांडेय के कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उनकी यह उपलब्धि झारखंड की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने लक्ष्मी पांडेय और उनके परिवार को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि वे आगे भी सफलता की नई ऊंचाइयों को छूती रहेंगी।

# झारोटेफ भवनाथपुर इकाई ने आठ सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



मांग पत्र सौंपते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) की भवनाथपुर प्रखंड इकाई ने बुधवार को आठ सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के अपर सचिव एवं मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन बीडीओ नंदजी राम को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष वरुण सिंह ने बताया कि मांगों में प्रमुख रूप से शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देना, सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करना, एनपीएस में जमा राशि की वापसी हेतु पहल, 300 दिनों से अधिक अर्जित अवकाश के उपभोग की स्वीकृति, तथा केंद्रीय कर्मियों की तर्ज पर शिशु शिक्षण भत्ता शामिल हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाए। मौके पर झारोटेफ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, प्रखंड सचिव प्रिया कुमारी, शिक्षक दिलीप उपाध्याय, मनोज कुमार, रामाश्रय पाल, विजय कुमार रवि, राकेश कुमार चौबे सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जायन्ट्स ग्रुप ने दी स्व. मुनिरा चुड़ास्मा को श्रद्धांजलि

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की चेयरपर्सन सायना एनसी की माता एवं पद्मश्री स्व. नाना चुड़ास्मा की धर्मपत्नी मुनिरा चुड़ास्मा के निधन पर शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में वक्ताओं ने मुनिरा चुड़ास्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे न केवल एक आदर्श गृहणी थीं, बल्कि समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के लिए सदैव समर्पित रहीं। जायन्ट्स इंटरनेशनल की नींव को मजबूत करने में उनका अमूल्य योगदान रहा। सभा में ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति मिले। शोकसभा में ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी, विजय केशरी, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, मनोज केशरी, अशोक केशरी, डॉ विकास केशरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रोजगार सेवक 5 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**गढ़वा।** सदर प्रखंड अंतर्गत कोरवाडीह पंचायत के रोजगार सेवक गुलजार अंसारी को पलामू एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 5 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि गुलजार ने कार्य संबंधित मामले में घूस की मांग की थी, जिसकी शिकायत पीड़ित ने एसीबी से की थी। जांच के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे घूस लेते हुए धर दबोचा। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एसीबी की टीम आरोपी को अपने साथ मेदिनीनगर ले गई, जहां आगे की पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया की जाएगी।

### बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल, गढ़वा के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा बुधवार को पोषण पखवाड़ा के तहत बिमला निकेतन पब्लिक स्कूल, फरठिया में बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 70 बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को संतुलित आहार, पोषण तत्वों की महत्ता और कुपोषण से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु विभिन्न उपयोगी टिप्स भी दिए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ रूपा तिवारी और डॉ बृजेश यादव ने किया।

### एसएसएलएनटी में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद।** एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में बुधवार को ध्यान पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक दीप्ति चैहान ने छात्राओं को ध्यान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में छात्राओं के लिए ध्यान का ज्यादा महत्व है। ध्यान का महत्व बहुत गहरा और बहुआयामी होता है। यह न सिर्फ मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में भी सुधार लाता है। एकाग्रता में वृद्धि करता है एवं तनाव और चिंता में कमी लाता है। उत्कर्षा जैन ने सभी छात्राओं को मेडिटेशन करवाया। कार्यक्रम का आयोजन हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से बॉटनी विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रही।

### राजश्रसं ने बड़कागांव विधायक को सौंपा ज्ञापन

धनबाद। राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश कुमार एवं संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड विधान सभा पर्यावरण संरक्षण समिति के धनबाद दौरे पर आए सदस्य बड़का गांव विधायक रौशन लाल चौधरी को सेल जीतपुर खदान को बंद करने का निर्णय वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा। पत्र में लिखा है कि अपने चहेते संवेदक को 800 करोड़ के पेनाल्टी से बचाने के लिए स्थानीय प्रबंधन ,डीजीएमएस और सीएमएफआर का हवाला देकर सुनियोजित साजिश के तहत कोलियरी बन्द कर इसे लिपा पोती करना चाहती है । जिससे राष्ट्रीय संपत्ति उच्च कोटि के वाशरी ग्रेड टू का लगभग पचास मिलियम टन कोयले की क्षति होगी। नेता द्धय ने पत्र में पाँच बिंदुओं पर प्रमुखता से प्रकाश डाला है। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय केंद्रीय इन्वेंशन ब्यूरो से जाँच की माँग की है। मौके पर जीतपुर शाखा सचिव रंजीत यादव, अध्यक्ष संजय बहादुर, फैजान करीम के अलावे दर्जनो लोग मौजूद थे।

### मां और नवजात शिशु को पोषण विषय पर पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया

धनबाद। विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय में संतुलित आहार से मां और नवजात शिशु को पोषण विषय पर पोषण पखवाड़ा दिवस डॉ.पुष्पा कुमारी छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष की अध्यक्षता में मनाया गया। उन्होंने कहा कि स्तनपान कराने वाली मां और नवजात शिशु दोनों के लिए संतुलित आहार बहुत ही महत्वपूर्ण है , मां को स्वस्थ रहने के लिए भी विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन करना जरूरी है । डॉ.संजू कुमारी संकायाध्यक्ष सामाजिक विज्ञान ने कहा कि स्तनपान कराने वाली मां को पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम, आयरन तथा विटामिन ए ,सी और डी का भरपूर मात्रा में सेवन करने की जरूरत है । कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष वाणिज्य पी के राय कॉलेज डॉ. बी एन सिंह, किशोर कुमार तथा विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मुकुंद रविदास विशेष रूप से उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.उमेश कुमार( पीआई ओ)ने दिया।

### वीर बाबू कुंवर सिंह की जयंती मनाई गयी

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में बुधवार को वीर बाबू कुंवर सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद कमल, आचार्य एवं बच्चों ने बाबू कुंवर सिंह के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।विषय प्रवेश प्रदीप कुमार सिन्हा ने किया।मौके पर कशिश भारती, अर्चिता राजन,दिव्गासा वर्मा एवं निश्चय भदानी ने बाबू कुंवर सिंह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

# जलमीनार पिछले 20 दिनों से खराब

## पानी की किल्लत से परेशान हैं लोग



जानकारी देते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 स्थित भंडारी टोला में संदीप चंद्रवंशी के घर के समीप लगा सोलर चालित जलमीनार पिछले 20 दिनों से खराब पड़ा है।

इस जलमीनार से जल आपूर्ति बंद होने से लगभग दस घरों में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे स्थानीय लोग खासे परेशान हैं। स्थानीय निवासी प्रदीप चंद्रवंशी, संदीप चंद्रवंशी, अनुराग चंद्रवंशी, नंदकुमार चंद्रवंशी, महेंद्र साव, संतोष साव, मनोज साव, संजू देवी, जया कुमारी, पूनम देवी और अनीता देवी सहित अन्य लाभुकों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व यह जलमीनार लगाया गया था और शुरूआती महीनों में इससे पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से होती थी।

लेकिन पिछले एक महीने से जलमीनार काम नहीं कर रहा है, जिससे भीषण गर्मी में पानी की भारी किल्लत हो गई है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जलमीनार लगाने वाले संवेदक द्वारा 500 फीट डीप बोरिंग की जगह मात्र 100 फीट तक ही पाइप की लोरिंग की गई, जिससे जलस्तर नीचे जाने पर पानी आना बंद हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार से जलमीनार की तत्काल मरम्मत और बोरिंग पाइप को गहराई तक बढ़ाने की मांग की है। साथ ही यह भी बताया कि मोहल्ले में संदीप चंद्रवंशी और मुकेश चंद्रवंशी के घर में आगामी दिनों में शादी समारोह है और पानी की समस्या से आयोजन पर भी असर पड़ सकता है। नगर प्रबंधक जितेश कुमार ने कहा कि वे समस्या की गंभीरता को समझते हैं और कल ही जलमीनार स्थल का निरीक्षण कर संवेदक को सूचित कर तत्काल समाधान सुनिश्चित कराएंगे।

### गढ़वा की बेटी छाया ने यूपीएससी में रच दिया इतिहास, जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**धुरकी।** प्रतिभा कभी अवसर की मोहताज नहीं होती, बस उसे निखारने और संवारने की जरूरत होती है। यह बातें किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दामोदर जायसवाल ने उस समय कहीं जब उन्होंने गढ़वा जिले की बेटी छाया कुमारी की यूपीएससी परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि छाया कुमारी, मेराल प्रखंड के अकलवानी गांव की निवासी हैं, जिन्होंने कठिन परिश्रम और समर्पण से यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गढ़वा जिला का नाम पूरे देश में रोशन किया है। श्री जायसवाल ने धुरकी प्रखंड एवं अनुमंडल की ओर से छाया को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उनके माता-पिता की ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि धुरकी प्रखंड भले ही अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र माना जाता हो, लेकिन यहां के छात्र-छात्राओं में अपार प्रतिभा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे छाया कुमारी से प्रेरणा लें और मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ यूपीएससी, जेपीएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी दोहराया कि यह वही धरती है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस, खुदीराम बोस, सावित्रीबाई फुले और रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीर पैदा हुए और अब छाया कुमारी जैसी प्रतिभाएं इसी मिट्टी से निकलकर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

# ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक पर अभद्र व्यवहार का आरोप

## खाताधारक ने की शिकायत




फोटो 3-ग्रामीण बैंक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** वनांचल ग्रामीण बैंक की रमना शाखा के शाखा प्रबंधक वेद प्रकाश पाल पर अभद्र व्यवहार और मनमानी का आरोप लगाते हुए स्थानीय निवासी राकेश कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत के अनुसार, राकेश कुमार अपने बच्चे का खाता खोलने के लिए बैंक पहुंचे थे, जहां शाखा प्रबंधक ने खाता खोलने से इनकार कर दिया और कारण पूछने पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इसके बाद, शाखा प्रबंधक ने पुलिस को बुलाया, जिन्होंने बिना पूछताछ किए राकेश कुमार को थाना ले जाकर पूछताछ के बाद छोड़ दिया। राकेश ने आरोप लगाया कि बैंक के आसपास के कॉमन सर्विस सेंटर खाता खोलने के लिए 150 से 200 रुपए तक की राशि वसूलते हैं और मुफ्त में मिलने वाले फॉर्म को 5 रुपए में बेचते हैं, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इस मामले में राकेश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से न्याय की मांग की है और बैंक के उच्चाधिकारियों से उचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# सड़क निर्माण के दौरान धूल से उत्पन्न असुविधा पर अंचलाधिकारी का स्पष्टीकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के दौरान उड़ती धूल से स्थानीय लोगों को हो रही असुविधा के संदर्भ में अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की।



सीओ यषवंत नायक

उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 8:30 बजे सूचना मिली थी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल के पास कुछ ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर एकत्रित हुए हैं। सूचना प्राप्त होते ही वे थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मुख्य शिकायत थी कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, जिससे धूल उड़ने से उन्हें परेशानी हो रही है। लोग निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को बुलाना चाह रहे थे। कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में जूनियर इंजीनियर उपस्थित हुए और उनके लिखित आश्वासन पर मामला शांत हुआ। अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जब वे मौके पर पहुंचे, उस समय सड़क जाम नहीं था। सड़क के एक तरफ निर्माण कार्य जारी रहने के कारण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसे थोड़ी देर में यातायात नियमित करा दिया गया। इस घटनाक्रम को मेराल थाना के स्टेशन डायरी में अंकित करा दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में यदि सड़क जाम किए जाने संबंधी साक्ष्य उपलब्ध होते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों पर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–2/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनामः कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 30/04/2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02/05/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02/05/2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Renovation of Drug Inspector office, Ramgarh | 6,40,200/- | 13,000/- | 1,250/- | 3 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़।

PR 350874 Building(25-26)D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत 751 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03–06 वर्ष के बच्चों को गर्म ताजा पक्का पोषाहार एवं शाला पूर्व शिक्षा प्रदान किया जाता है। आंगनबाडी केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए सभी आंगनबाडी केन्द्रों में प्री–स्कूल किट (PRE SCHOOL KIT) क्रय किया जाना है। प्री–स्कूल किट (PRE SCHOOL KIT) का क्रय/आपूर्ति करने हेतु खुली निविदा (Open Tender) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान /प्रतिष्ठान के चयन के निमित द्वि–लिफाफा (Two Envelope System) के अनुसार शील बंद निविदा दिनांक–08/05/2025 को 12:00 बजे पूर्वा० तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में जमा किया जा सकता है। प्राप्त **निविदा** दिनांक–08/05/2025 को 03:00 अप० बजे जिला स्तरीय कमिटि के समक्ष समाहरणालय सभागार, कोडरमा में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग लेगें। उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र० | विवरणी | तिथि/समय |
|---|---|---|
| 1 | जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि/समय | दिनांक–08/05/2025 को 12:00 बजे पूर्वा० तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | दिनांक–08/05/2025 को 03:00 बजे अप० समाहरणालय सभागर, कोडरमा |
| 3 | नमूना जमा करने की तिथि एवं स्थान | दिनांक–08/05/2025 को 03:00 बजे अप० समाहरणालय सभागर, कोडरमा |

PR.NO.350916 Women, Child Development & Social Security(25-26):D

उपायुक्त, कोडरमा।

**अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला।**
**——सूचना——**

इस अंचल के कार्य क्षेत्र जिलों गुमला, सिमडेगा एवं लोहरदगा के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आगत गर्मी के मद्देनजर साधारण मरम्मति के लिए बन्द नलकूपों के शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डलों गुमला, सिमडेगा एवं लोहरदगा के कर्मचारीगण एवं पदाधिकारीगण सदैव तत्पर हैं। हैण्ड पम्पों की साधारण मरम्मति सम्बन्धी शिकायतों के निराकरण हेतु सभी प्रखण्डों/विभागीय प्रशाखाओं, विभागीय अवर प्रमण्डलीय कार्यालयों एवं विभागीय प्रमण्डलीय कार्यालयों में संधारित शिकायत पंजियों में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावे तीनों जिलों के विभिन्न प्रखण्डों के प्रभारी कनीय अभियन्ताओं, सहायक अभियन्ताओं एवं कार्यपालक अभियन्ताओं के दूरभाषों/मोबाईल नम्बरों पर भी सम्बन्धित प्रखण्डों के नागरिकों द्वारा शिकायतें दर्ज करायी जा सकती हैं। मुख्यालय स्तर पर विभागीय टॉल फ्री नम्बर–18003456502 मो0 सं0 9470176901(WhatsApp No)/Jhar-Jal Mobile App एवं ईमेल आई डी dwsdcroom@gmail.com पर भी शिकायतें दर्ज करायी जा सकती हैं। एवं तीन दिनों के अन्दर यदि शिकायतें दूर नहीं की जाती हैं तो इसकी सूचना अंचल स्तर पर गठित नियंत्रण कक्ष कार्य दिवसों में पूर्वाह 10.00 बजे से अपराह 05.00 बजे तक दी जा सकती है, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

अंचल स्तर पर गठित नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभारी के रूप में श्री आदित्य कुमार, प्राक्कलक हैं जिनका मोबाईल सं0–7903429240 है तथा उनके सहयोगी के रूप में श्री जितेन्द्र उराँव, निम्न वर्गीय लिपिक हैं जिनका मोबाईल सं0–8002997943 है।

आसन्न गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला अंतर्गत विभिन्न जिलावार/प्रमण्डलवार/प्रखण्डवार नामित प्रभारी अभियन्ताओं की सूची

(A) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा – कार्यपालक अभियन्ता श्री मुकेश कुमार, मोबाईल संख्या 9431501512

| क्र0 | प्रखण्डों के नाम | प्रभारी नोडल पदाधिकारियों के नाम | सहायक अभि0 का नाम | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा/पाकरटॉड | श्री पंकज कुमार पिंगुवा, कनीय अभियन्ता | श्री चन्दन कुमार, सहायक अभियन्ता मो0– 7277178510 | 9771320657 |
| 2 | कोलेबिरा | श्री कुन्दन कुमार, कनीय अभियन्ता | | 9430040865 |
| 3 | बानो/जलडेगा | श्री पंकज कुमार, कनीय अभियन्ता | | 9031726273 |
| 4 | बांसजोर | श्री प्रकाश कुमार महतो, कनीय अभियन्ता | | 7979837928 |
| 5 | कुरडेग/केरसई | श्री आशीष कुमार राणा, कनीय अभियन्ता | | 8002157450 |
| 6 | ठेठईटांगर | श्री सोमा उराँव, कनीय अभियन्ता | | 9431993634 |
| 7 | बोलबा | श्री उमेश कुमार महतो , कनीय अभियन्ता | | 6204476306 |

(B) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा – कार्यपालक अभियन्ता श्री अनुप कुमार हांसदा:, मोबाईल संख्या 8084784990

| क्र0 | प्रखण्डों के नाम | प्रभारी नोडल पदाधिकारियों के नाम | सहायक अभि0 का नाम | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा–01 | श्री कृष्णा लोहरा, कनीय अभियन्ता | श्री जोय कुमार मिंज, सहायक अभियन्ता मो0– 7004085063 | 9955450761 |
| 2 | लोहरदगा–02 | श्री नितेश कुमार, कनीय अभियन्ता | | 8969445601 |
| 3 | कैरो | श्री सुमन राज खलखो, कनीय अभियन्ता | | 7033519626 |
| 4 | सेन्हा–01 | श्री आशीष कुमार, कनीय अभियन्ता | | 8989379646 |
| 5 | सेन्हा–02 | श्री मनीष कुमार वर्मा कनीय अभियन्ता | | 6206380515 |
| 6 | किस्को | श्री अमीत कुमार ठाकुर , कनीय अभियन्ता | | 8789278889 |
| 7 | कुड़ू–01 | श्री कुणाल कंचन, कनीय अभियन्ता | | 8789858692 |
| 8 | कुड़ू–02 | मो0 सरफराज अंसारी, कनीय अभियन्ता | | 8789985052 |
| 9 | भण्डरा | श्री अजय हेम्ब्रम, कनीय अभियन्ता | | 8986692325 |
| 10 | पेशरार | श्री कृष्णा लोहरा, कनीय अभियन्ता | | 9955450761 |

(C) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला – कार्यपालक अभियन्ता श्री अनुज कुमार मिश्रा, मोबाईल संख्या 7739802331

| क्र0 | प्रखण्डों के नाम | प्रभारी नोडल पदाधिकारियों के नाम | सहायक अभि0 का नाम | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भरनो | श्री रितेष कुमार, कनीय अभियन्ता | श्री अरूण कुमार ज्योति, सहायक अभियन्ता, मो0– 7903369227 | 6206663298 |
| 2 | सिसई | श्री रतन खलखो, कनीय अभियन्ता | | 8809018585 |
| 3 | गुमला | श्री बासुदेव साहा, कनीय अभियन्ता | | 6207289122 |
| 4 | पालकोट | श्री बुधराम भगत, कनीय अभियन्ता | | 7488575755 |
| 5 | कामडारा | श्री गौरव कुमार, कनीय अभियन्ता | | 8969258686 |
| 6 | बसिया | श्री लव किशोर, कनीय अभियन्ता | | 9693014585 |
| 7 | रायडीह | श्री आदित उराँव, कनीय अभियन्ता | श्री जितेन्द्र लकड़ा, सहायक अभियन्ता, मो0– 7717794977 | 8210526675 |
| 8 | घाघरा | मो0 शोएब अख्तर, कनीय अभियन्ता | | 7992405933 |
| 9 | विशुनपुर | श्री अनुपम लकड़ा, कनीय अभियन्ता | | 9431774646 |
| 10 | चैनपुर | मो0 शोएब अख्तर, कनीय अभियन्ता | | 7992405933 |
| 11 | डुमरी | श्री अभिषेक उराँव कनीय अभियन्ता | | 6206041891 |
| 12 | अलबर्ट एक्का जारी | श्री अभिषेक उराँव कनीय अभियन्ता | | 6206041891 |

अधीक्षण अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला।

PR 350889 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

## आगे क्या?

कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट ह्यमिनी स्विट्जरलैंडह्ल के नाम से मशहूर पर्यटन स्थल बैसरन में मंगलवार के दोपहर में एक आतंकवादी हमले में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। यह पिछले कई वर्षों में कश्मीर में आम नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए सबसे भयावह आतंकवादी हमलों में से एक था। बायसरन घाटी में जब पर्यटक अपनी छुट्टियों का आनंद ले रहे थे तब आतंकियों ने अचानक हमला करके हर किसी को हैरान कर दिया। वहीं, हमले से बचने वाली एक महिला ने इस नरसंहार की दिल दहला देने वाली कहानी बताया। उसने बताया कि किस तरह आतंकियों ने पहले उनका धर्म पूछा और फिर गोली मारी। एक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारों से लैस आतंकी अचानक घने देवदार के जंगलों और पहाड़ों से घिरे मैदान में घुस आए। यह छोटा-सा हिल स्टेशन दुनियाभर से आने वाले पर्यटकों के बीच पसंदीदा है। इसे ह्यमिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। पूरे देश में आक्रोष है और नजरें टिकी है कि पीएम मोदी,शाह और राजनाश सिंह की तिकड़ी आगे क्या करती है? सबकी निगाह सर्जिकल स्ट्राइक जैसी किसी ठोस कार्रवाई पर टिकी है। आतंकियों ने अमरनाथ यात्री निवास नुनवान बेस कैंप से महज 15 किमी. दूर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। यह 3 जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के लिए पारंपरिक मार्ग का हिस्सा है। माना जा रहा है कि आतंकियों ने पर्यटकों और तीर्थयात्रियों में दहशत फैलाने के लिए यह वारदात को अंजाम दिया है। अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू हुआ है। यह घटना केन्द्र और राज्य की बड़ी विफलता है। भारत की गिनती दुनिया के सॉफ्ट कंट्री में होती है जो आने वाले समय में किसी भी देश के लिए बड़ा नुकसान का कारण बन सकता है।

## हिन्दुओं की पहचान कर मार दी गयी गोलियां, कौन-सा भारत बना रहे हम

जम्?मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने अंदर तक झकझोर दिया है। कहने को कहा जा रहा है कि विदेशी साजिश थी, पाकिस्तान का हाथ था लेकिन यह हाथ घर के अंदर आया कैसे घर के भी कोई अपने थे, जो इस पूरे आतंकवादी घटनाक्रम में शामिल हैं। ह्लइंटेलिजेंसह्ल इनपुट कह रहा है कि छह आतंकियों में से तीन भारत के नागरिक थे, जिन्होंने विदेशी इस्लामिक आतंकवादियों के साथ मिलकर हिन्दुओं का खून बहाया है।

घटना के बाद से मीडिया में कई रिपोर्ट आई हैं, जिनमें से अनेकों में इस बात को दोहराया गया है कि पुलवामा हमला पार्ट-1 था जो 14 फरवरी 2019 को हुआ था, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। अब पहलगाम हमला पार्ट-2 है जिसे 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों की जान लेकर अंजाम दिया गया है और कई घायल हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान का आतंकी संगठन है। टीआरएफ जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है और भारत इसे पहले ही आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। यह गुट 2019 में तब सामने आया था, जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया था। टीआरएफ ने अब तक सुरक्षाकर्मियों और आम लोगों पर कई हमले किए हैं, जिनमें 2020 में भाजपा नेता और उनके परिवार की हत्या के साथ 2023 में पुलवामा में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या भी शामिल है। साल 2019 के पुलवामा हमले में भी टीआरएफ का नाम आया था।


आज न जानें कितने टीआरएफ जैसे आतंकी संगठन भारत में पल रहे हैं। देखने में यही आता है कि इनके निशाने पर गैर मुसलमान खासकर हिन्दू रहते हैं। आखिर हिन्दुओं को ही क्यों टारगेट किया जाता है जो लोग आज इसे हमला पार्ट-2 कह रहे हैं, उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह कोई एक, दो, तीन, चार, पांच या अन्य जिसे गिनतियों में समाहित किया जा सके वह जिहादी या गैर मुसलमानों के प्रति चलनेवाला अभियान (पार्ट) नहीं है। भारत में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर अब तक अनेकों आक्रमण हो चुके हैं। इतिहास में मुहम्मद बिन कासिम के बाद 10वीं शताब्दी से तुर्क आक्रमण शुरू हुए, जिनमें महमूद गजनवी,




मुहम्मद गोरी, बाबर, तैमूर लंग, अलाउद्दीन खिलजी जैसे अंध जिहादियों के आक्रमण प्रमुख हैं।

भारत पर पहली बार मुस्लिम आक्रमण 712 ईसवी में हुआ था, तब से लेकर अब तक 1337 साल गुजर चुके हैं, इतने दिनों में सांस्कृतिक भारत कई हिस्सों में बंट चुका है। भारतीय उपमहाद्वीप के अनेक देश इसके प्रमाण हैं, पीढ़ियों के स्तर पर भारत आज अपनी 45 पीढ़ियां औसतन पार कर चुका है, उसके बाद भी शेष भारत और यहां का ज्यादातर बहुसंख्यक समाज (हिन्दू) है, वह समझना ही नहीं चाहता कि आखिर ये इस्लामिक जिहादी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। क्यों मजहब के नाम पर अलग देश लेने के बाद भी ये रुकने का नाम नहीं लेतीं।

इसी संदर्भ में यह ऐतिहासिक प्रसंग है, जिसके मर्म को सभी को समझना चाहिए; जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे मौलाना मुहम्मद अली ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि, ह्लअपने मजहब और अकीदे के मुताबिक मैं एक गिरे से गिरे और बदकार मुसलमान को भी महात्मा गाँधी से बेहतर समझता हूँ।ह्व यह चर्चित घटना सन् 1924 की है, जिस का विवरण डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक पाकिस्तान और पार्टीशन ऑफ इंडिया (1940) में दिया है। पूछने पर मौलाना ने अपनी बात को बार-बार दुहरा कर कहा, ताकि गलतफहमी न रहे। समझने के लिए यहां इतना जान लें कि मौलाना मुहम्मद अली बड़े प्रतिष्ठित आलिम थे और गाँधीजी के अन्यतम सहयोगी भी रहे थे। इससे भी मौलाना की संजीदगी समझी जा सकती है। मौलाना ने अपने रिलीजन का केंद्रीय तत्व बड़ी सुंदरता से रखा था। जहाँ आचरण नहीं, विश्वास मुख्य है।



- डॉ मयंक


इसी से अभी भारत, इजराइल, सीरिया, ईराक, युरोप के देशों में तबाही कर रहे लश्कर-ए-तैयबा, पासबान-इ-अहले हदीस, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-फुरकान, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत उल-अंसार, हिजबुल मुजाहिद्दीन, अल-उमर मुजाहिदीन, जम्मू एंड कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, अल-बद्र, जमात-उल-मुजाहिदीन, अल-कायदा, दुख़्तरान-ए-मिल्लत, इण्डियन मुजाहिदीन, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट, जमात-उल-मुजाहिदीन, इस्लामी स्टेट (आई.एस.आई.एस.), बोको हरम, तालिबान या लश्करे-तोयबा आदि संगठनों के कामों का भी सही वर्गीकरण कर लेना


इसी से अभी भारत, इजराइल, सीरिया, ईराक, युरोप के देशों में तबाही कर रहे लश्कर-ए-तैयबा, पासबान-इ-अहले हदीस, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-फुरकान, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत उल-अंसार, हिजबुल मुजाहिद्दीन, अल-उमर मुजाहिदीन, जम्मू एंड कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, अल-बद्र, जमात-उल-मुजाहिदीन, अल-कायदा, दुख़्तरान-ए-मिल्लत, इण्डियन मुजाहिदीन, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट, जमात-उल-मुजाहिदीन, इस्लामी स्टेट (आई.एस.आई.एस.), बोको हरम, तालिबान या लश्करे-तोयबा आदि संगठनों के कामों का भी सही वर्गीकरण कर लेना चाहिए।

वे सिरफिरे नहीं हैं, वे बेकार में हिंसा नहीं कर रहे हैं, उनका मकसद साफ है। जैसा भ्रमवश या लोगों को भुलावे में रखने के लिए कह दिया जाता है कि आतंकवादी का कोई मजहब या धर्म नहीं होता, वे उतने ही मुसलमान हैं, इसलिए किसी मुसलमान के लिए गाँधीजी जैसे गैर-मुस्लिमों से अधिक अपने हैं। जिहादी, आतंकवाद के संदर्भ में इस सत्य को ठीक से समझकर ही भारत पर हो रहे राजनीतिक, आध्यात्मिक, अन्य हिंसात्मक, लव जिहाद, लैण्ड जिहाद जैसे अनेक प्रकार के आक्रमणों को समझा जा सकता है।

ईसाइयत और इस्लाम की वैसी मान्यताओं के ठीक विपरीत हिंदू धर्म किसी मतवाद, विश्वास आदि को धर्म का आधार नहीं मानता। इसीलिए हिंदू धर्म उस तरह सामाजिक-राजनीतिक और हिंसक रूप से संगठित धर्म या मत, पन्थ नहीं है, जो अपनी और दूसरों की गिनती आदि का ध्यान रखते हुए धर्म (मजहब) की चिंता कर सके। यह इस की कठिनाई भी है, जो इस पर इस्लाम अथवा ईसायत के संगठित आक्रमणों को अपेक्षाकृत आसान बनाती रही है। अर्थात, हिंदू धर्म की विशेषता एक विशेष परिस्थिति में इस की दुर्बलता भी बनी रही है।

इसी कारण लगातार हिंदू धर्म अरक्षित भी हो रहा है। इसकी इमारत किसी मत-विश्वास पर नहीं, बल्कि सृष्टि मात्र के साथ संबंध पर आधारित है। रिलीजन वाले मतवाद अपने आसपास बाड़ा बनाते हैं। जो उस के भीतर हैं वे 'अपने' हैं और बाकी सब 'गैर' और प्रायः शत्रु भी माने जाते हैं। लेकिन चूँकि हिंदू धर्म ऐसे बाड़े नहीं बनाता और किसी को गैर नहीं मानता। इसी से वह अकेला और अरक्षित भी रह जाता है। मत-विश्वास पर संगठित नहीं होने के कारण उस के अनुयायी आक्रामक रिलीजनों के प्रहार के सामने असहाय हो जाते हैं। जैसे कश्मीरी हिंदू असहाय मारे गए और अपने ही देश में विस्थापित, शरणार्थी बनने को विवश हुए। यह स्वतंत्र भारत में हुआ, पश्चिम बंगाल, समेत कई राज्यों में निरंतर हो रहा है। आज ह्लपहलगामह्व के आतंकवादी हमले में भी वही हुआ है और हिंदुओं को चुन-चुन कर नाम पूछ कर मार दिया गया है।

### लेटर टू एडिटर

## ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**- जीवीएस शास्त्री, रांची**

### X ट्वीट

**ये** बहुत कमजोर तरीका उन्होंने अपनाया है निहत्थे लोगों पर वार करना गलत है. मुझे हमेशा लगा है, ये मेरी सोच है, कांग्रेस या मेरे परिवार की नहीं है, लोगों से मैं सीखता हूं जो गलत हो रहा है मुसलमानों के साथजो लोग रोड पर आके नमाज पढ़ते हैं उनको रोक दिया जाता है. अगर सर्वे हो रहा है, जैसे संभल में हो रहा है या आप बाबर और औरंगजेब की बात करते हैं तो माइनॉरिटी को दुःख होता है. लेकिन जब तक धर्म और राजनीति को अलग नहीं करते, तो जो गलत आतंकवाद का अटैक हुआ है वो होगा. मुसलामानों को दबाया जा रहा है. जो माइनॉरिटी अलग हो रहे हैं वो हानिकारक है, भेदभाव नहीं होना चाहिए। - रार्बट बाड्रा, कांग्रेस




**मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6**

**मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6**

**सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9**

**कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7**

**तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7**

**वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7**

**मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9**

**मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8**

## जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे तब तक देश मजबूत नहीं होगा

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस (24 अप्रैल) पर विशेष

**रमेश सर्राफ धमोरा**

सामयिक

आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है लेकिन आज भी देश में हजारों ऐसे गांव हैं जहां पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। जब तक सरकार देश के सभी गांव में समान रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाएगी तब तक देश विकास की दौड़ में पूरी गति से शामिल नहीं हो पाएगा। हम आज पंचायत राज दिवस मना रहे हैं। हमारे देश में 2 अक्टूबर 1959 को पहली बार पंचायत राज व्यवस्था लागू की गई थी। 1993 में त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस भारत में बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह एक संवैधानिक इकाई के रूप में पंचायत राज प्रणाली की स्थापना का प्रतीक है। पंचायत राज प्रणाली भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सत्ता और संसाधनों का विकेंद्रीकरण करना और सहभागी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। पंचायत राज प्रणाली जमीनी स्तर पर लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने और उनके विकास का स्वामित्व लेने में सक्षम बनाती है, जो स्व-शासन और जवाबदेही को बढ़ावा देने में मदद करती है।

भारत गांवों का देश माना जाता है और गांव के विकास में पंचायतों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि ग्राम पंचायतों के पंच व सरपंच सीधे ग्रामीणों द्वारा चुने जाते हैं। इसलिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों से सीधा संपर्क रहता है। ग्रामवासी भी अपनी समस्याएं सीधे पंचायत तक पहुंचा सकते हैं। मगर ग्राम पंचायतों की स्थापना के इतने वर्षों के बाद भी अभी तक ग्राम पंचायतें वास्तविक रूप में सशक्त नहीं हो पाई हैं। ग्राम पंचायतें पूरी तरह राज्य सरकारों पर निर्भर हैं। कहने को तो ग्राम पंचायतों को बहुत सारे अधिकार प्रदान किए गए हैं मगर आज तक भी ग्राम पंचायतें अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पाती हैं। आज भी देश की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी प्रभावी रहते हैं।

ग्राम पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था लागू होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं पंच, सरपंच निर्वाचित होकर आती हैं। उनमें से कई महिलाएं वास्तव में बहुत अधिक पढ़ी-लिखी होने के कारण पूरी जानकारी रखती हैं। इस कारण वह अपने अधिकारों का पूरा प्रयोग कर लेती हैं। मगर अधिकांशतः सुरक्षित क्षेत्र होने के कारण गांवों के प्रभावी नेता अपने परिवार की किसी महिला को पंच या सरपंच बनवा देते हैं, फिर उनके स्थान पर खुद नेतागिरी करते हैं। वहां की निर्वाचित महिलाएं मात्र कागजी जनप्रतिनिधि बन कर रह जाती हैं। बहुत से स्थानों पर तो महिला सरपंचों के हस्ताक्षर भी उनके स्थान पर काम करने वाले उनके परिजनों द्वारा ही कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में पंचायती राज व्यवस्था के मजबूत होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सरकार बार-बार परिपत्र जारी कर सरपंच के प्रतिनिधियों को पंचायतों के कार्यों में हस्तक्षेप करने से मना करती है मगर धरातल पर सरकार के परिपत्र मात्र कागजी बन कर रह जाते हैं। देश में आज चाहे ग्राम पंचायत हो, पंचायत समिति हो या जिला परिषद् हो। जहां भी महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आती हैं। उनके स्थान पर उनके परिजन ही कार्य करते देखे जा सकते हैं। सभी प्रदेशों की राज्य सरकारों को कड़ाई से इस पर रोक लगानी चाहिए ताकि महिलाओं को भी अपने पद पर काम करने का मौका मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने में आता है कि निर्वाचित पंच, सरपंच पंचायतों की बैठक में घूंघट निकाल कर बैठती हैं क्योंकि वहां उनकी ससुराल के बड़े परिजन भी बैठे होते हैं। आज देश शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तरक्की कर रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपने काम से धूम मचा रही हैं। अब तो सेना को भी महिलाओं के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों का घूंघट निकाल कर बैठना सभ्य समाज के लिए किसी दुखद घटना से कम नहीं है। सरकार को ऐसी घटनाओं पर भी सख्ती बरतनी चाहिये।पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं का जीवन बहुत प्रभावित हुआ है। सही मायने में पंचायती राज ने महिलाओं को समाज का एक विशेष सदस्य बना दिया है। लाखों महिलाऐं सार्वजनिक जीवन में आयी हैं लेकिन अधिकतर निर्वाचित महिलाओं को निर्वाचक सदस्य होने के विषय में पूर्ण जानकारी भी नहीं है। अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण वह प्रभावी नहीं हो पाती हैं। उन्हें यह भी ज्ञान नहीं होता है कि वह एक कुशल प्रशासक भी हो सकती हैं।


## अनुपम खेर रोये...कहा आज शब्द नपुंसक

सामयिक

'द कश्मीर फाइल्स तो इसकी हल्की सी...' पहलगाम हत्याकांड के बाद भड़के अनुपम खेर, रोते हुए की खास अपील- 'सात जन्मों तक आतंकी...'

अनुपम खेर ने पहलगाम हिंसा के बाद अपना दुख और गुस्सा जाहिर करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने भारत सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने कश्मीर ...अनुपम खेर ने पहलगाम हमले पर दुख जताया।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 28 लोगों की हत्या की खबर सामने आ रही है। इनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। आतंकवादियों की कायराना हरकत का जवाब देने के लिए भारतीय सेना तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा है कि गुनहगारों को बख्शा नहीं जाएगा। आम लोगों के साथ-साथ फिल्मी सितारे आतंकी घटना पर अपना दुख जता रहे हैं और अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैंअनुपम खेर ने आतंकी घटना पर दुख



जताते हुए एक वीडियो पोस्ट किया हैवे रोते हुए अपनी बात कह रहे हैं.

अनुपम खेर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे बहुत दुखी लग रहे हैंआप उन्हें वीडियो में कहते सुन सकते हैं, ह्यआज पहलगाम में लोगों का नरसंहार हुआ, 27 लोगों को मार दिया गया है चुन-चुन के।मन में दुख तो है ही, लेकिन गुस्से की कोई इंतहा नहीं। मैंने जिंदगी में यह सब बहुत देखा है।कश्मीर में कश्मीरी लोगों के साथ ऐसा होते हुए देखा है।द कश्मीर फाइल्स उसकी हल्की सी कहानी थी, जिसे बहुत सारे लोगों ने प्रोपेगैंडा बोला था।अनुपम खेर आगे कहते हैं, ह्यदेश के अलग-अलग इलाकों से लोग कश्मीर में छुट्टियां बिताने आए।अपने बच्चों के साथ, परिवारवालों के साथ।उन्हें चुनकर, उनका धर्म तय करके मार दिया।कभी-कभी जो आप महसूस करते हैं, उसे बयां करने में शब्द नपुंसक हो जाते हैं। मैं उस महिला को नहीं भूल सकता जो पति के शव के साथ थी।मैं उन पल्लवी जी का इंटरव्यू सुन रहा था, जो कह रही थीं कि मेरे पति को मारा तो मैंने कहा कि मुझे भी मार दो, बेटे ने कहा- मुझे भी मार दो, लेकिन उन्होंने नहीं किया।शायद वह पैगाम पहुंचाना चाहते थे।

अनुपम खेर फिर सरकार से अनुरोध करते हुए कहते हैं, हाथ जोड़कर दरख्वास्त है।इस बार ऐसा सबक सिखाया जाए आतंकवादियों को, अगले सात जन्मों तक ऐसी हरकत करने की हिम्मत न करें।गलत है यह दिग्गज एक्टर ने वीडियो के साथ दिए कैप्शन में लिखा, ह्यगलत, गलत, गलत! पहलगाम हत्याकांड! शब्द आज नपुंसक हैं।

**रांची के बाजार में तापमान 40 डिग्री पार होते ही नीबूं की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। गर्मी में नीबू का सेवन स्वास्थ्य के लिये हितकारी और पेट संबंधित रोगो से बचाता है।**



### कार्टून वर्ल्ड





संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बाजार समिति में पनशाला का उद्घाटन




**रामगढ़।** बाजार समिति में बढ़ते तापमान को देखते हुए मारूति नंदन भंडार ने बुधवार को पनशाला का उद्घाटन समिति के सचिव तपन प्रकाश, समाजसेवी अमित सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता, रंजन फौजी ने संयुक्त रूप से किया। तपन प्रकाश ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में जब तापमान तेजी से बढ़ रहा है जरूरतमंद लोगों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था करना सराहनीय है। अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में जरूरतमंद लोगों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था करना प्रशंसनीय है। मौके पर गौरी शंकर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, संजन बरेलिया, मुकेश अग्रवाल, संतीश अग्रवाल, रौशन अग्रवाल, विनोद साव, मनोज बंसल, जानकी महतो, अमोद अग्रवाल, काजल सेन, सागरमल अग्रवाल, प्रवीण कुमार सोनू आदि उपस्थित थे।

### परवरिश एडुकेयर में मना पृथ्वी दिवस



**कुजू।** परवरिश एडूकेयर स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कक्षा 1 से लेकर 9वीं तक के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिताएं हुयीं। पीजी और यूकेजी के बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुआ। कक्षा 1 से 2 तक के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया। कक्षा तीन और चार के विद्यार्थियों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता की गई, कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने बर्ड फीडर बनाया कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों ने प्राकृतिक खाद का निर्माण किया। कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के बीच पृथ्वी दिवस पर कविता की प्रतियोगिता हुई। वही कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने प्राकृतिक ढंग से कोलाज बनाया। इन सरी गतिविधियों और श्रृंखलाओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार व समन्वयक रश्मि कुजूर ने विद्यालय को पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दी।

ओरला में मंडा को ले कमेटी गठित

फोटो 03 बैठक में शामिल लोग

कुजू। ओरला शिव मंदिर में मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिप प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद साहू ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव मंडा पूजा धूमधाम के साथ में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसके सफल संचालन के लिए कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष कैलाश करमाली, सचिव हरिशंकर प्रसाद, सह सचिव मंगू मांझी, कोषाध्यक्ष उमेश करमाली, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र मुंडा के अलावे संरक्षक व कार्यकारिणी समिति सदस्य शामिल है।

### ए ला एंगलाइज में मना पृथ्वी दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए' ला एंगलाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर बच्चो को संबोधित करते हुये प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया और विद्यार्थियों से प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि धरती बचाओ, जीवन को खुशहाल बनाओ। इसके पश्चात छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नाटक, कविता पाठ और समूह गीत शामिल थे। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पौधारोपण किया। बच्चो के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों को सुंदर चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करने और पृथ्वी को स्वच्छ, हरा-भरा एंव प्रदूषणमुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेश सोनी, कचन सोनी, कंचन दास, अनुराग मद्देशिया, सूरज देव सिंह, राजन कुमार, अजीत कुमार सिंहा, गौरव कुमार साहू और कुमार विश्वकसेन का विशेष योगदान रहा।

### श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में बुधवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष गुरदयाल ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एरिया सचिव संजय मिश्रा, एरिया अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान, उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया की आगामी 15 मई तक बरका-सयाल क्षेत्र के सभी ब्रांचो का सम्मेलन किया जाएगा। साथ ही जून माह में एरिया का सम्मेलन होगा। बैठक में यूनियन की मजबुती और सदस्यता बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। मौके पर विनोद कुमार, रणधीर साव, अनिल कुमार, शिवनंदन दास, विनोद कुमार सिंह, गुरु दयाल महतो, एसएस डे, विनोद सिंह, शैलेंद्र सिंह, रामश्रृष्ठ, तेज नारायण, संजय सिंह, कमल सिंह आदि मौजूद थे।

### माकपा जिला कमिटी की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी रामगढ़ जिला कमिटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कॉ. कन्हैया रविदास ने किया। स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की 167वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया और उनके बलिदान को नमन किया गया। बैठक में जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने लिखित कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की। सदस्यों ने विचार रखते हुए चर्चा की तथा रिपोर्ट में दिए गए प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगा शिविर

## 50 उद्यमियों का हुआ ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** जिला उद्योग केंद्र, हजारीबाग ने बुधवार को केंद्र परिसर में उद्यम रजिस्ट्रेशन-कम-जागरूकता शिविर लगाया। इस शिविर का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शंभु शरण बैठा, जिला अग्रणी प्रबंधक राकेश आजाद, ईओडीबी मैनेजर श्याम कुमार गुप्ता, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभु नाथ अग्रवाल, प्रतिनिधि तारिक राजा, आर-सेटी प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। श्याम कुमार गुप्ता ने केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे उद्यम रजिस्ट्रेशन, पीएमईजीपी, पीएम-एफएमई और माइक्रो इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं स्वरोजगार को बढ़ावा देने और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने में सहायक हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और संबंधित योजनाओं में सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने हजारीबाग में उद्योग के क्षेत्र में संभावनाओं पर प्रकाश डाला। शिविर में उद्यमियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डीआईसी महाप्रबंधक ने सभी से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में 50 उद्यमियों का ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया गया और 50 से अधिक लोगों के दस्तावेज लिए गए। कुल 140 प्रतिभागियों ने इस निःशुल्क शिविर में भाग लिया।


# मुखिया सुमिता देवी समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ **विष्णुगढ़ प्रखंड के अलपीटो पंचायत में 23.80 लाख रुपये गबन मामले में बीडीओ ने दर्ज कराया प्राथमिकी**

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड के अलपीटो पंचायत में 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के तहत सरकारी राशि 23 लाख 80 हजार रुपये के गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में बीडीओ अखिलेश कुमार ने मुखिया सुमिता देवी, उनके पति धनेश्वर यादव, संबंधी नारायण यादव और तत्कालीन पंचायत सचिव सरयू पासवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया। जांच के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण, पुलिया, श्मशान घाट निर्माण, चापाकल मरम्मत और जल-नल कनेक्शन जैसी कुल 16 योजनाएं चलाई गई थीं। इन सभी योजनाओं का भुगतान लाभुक समिति के नाम से होना था, लेकिन नियमों की अवहेलना करते हुए मनमाने तरीके से भुगतान कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया। प्राथमिकी में आरोप है कि कार्यों के नाम पर अवैध भुगतान कर गबन किया गया और साक्ष्य मिटाने के लिए पंचायत कार्यालय से संबंधित दस्तावेज चोरी किए गए। मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज हुआ है। बीडीओ ने बताया कि जांच में स्पष्ट अनियमितता, पद का दुरुपयोग और वित्तीय गड़बड़ी पाई गई है। अब संबंधित दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### 'नायका रिवेंज ऑफ लव' कल होगी रिलीज




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नागपुरी फिल्म नायका रिवेंज ऑफ लव 25 अप्रैल को न्यूक्लियस मॉल के सिनेमा हॉल में होगी रिलीज। टिकट के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। फिल्म में विनोद महली, तृष्णा तांती, चंदा मेहरा, इसक लकड़ा, नितेश कच्छप एवं अमन मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे। झारखंड में सर्वाधिक नागपुरी भाषा लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा और लातेहार जिला में बोले जाते हैं। इन जिलों में सभी सिनेमा हॉल बंद पड़े हैं।



### यूपीएससी में सफल आस्था शरण हुईं सम्मानित

**बरही।** बरही यूपीएससी परीक्षा 2024 में 354वां रैंक हासिल करने वाली आस्था शरण यादव को लोगों ने पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। जरहिया निवासी शिवशरण गोप की पुत्री आस्था को बधाई देने के लिए बुधवार को उनके पैतृक आवास पर सामाजिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का तांता लगा रहा। जेकेएलएम केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, छटू गोप, रघुनंदन यादव, बंशी यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष वीरेंद्र रजक, रंजीत चंद्रवंशी समेत दर्जनों लोगों ने आस्था शरण को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और उसकी गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी।

### भगवान हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा



**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय महायज्ञ करमा गंगानगर सतढेकिया तीसरे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान श्रद्धालु विधि विधान का पालन करते हुए सर्व प्रथम भगवान हनुमान को फूलों से सजी वाहन पर बिठाया। साथ ही गाजे बाजे और उत्साह भरे उमंग के बीच उन्हें क्षेत्र का भ्रमण कराया। बाद में मंदिर परिसर की शुद्धीकरण के साथ यज्ञाचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री, पंडित महेन्द्र तिवारी, जनार्दन तिवारी, अशोक तिवारी ने यजमान बने विजय ठाकुर, राजेश ठाकुर, कुलेश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुरेश मुंडा, धानेश्वर महतो, कौलेश्वर महतो, भुनेश्वर ठाकुर सपत्नीक के हाथों कई धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया।

### छिन्नमस्तिके मंदिर में कई बच्चों का हुआ मुंडन



**रजरप्पा।** सुप्रसिद्ध माँ छिन्नमस्तिके मंदिर में बुधवार को मुंडन मुहूर्त को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुंडन का विशेष मुहुर्त होने के कारण श्रद्धालु अहले सुबह से ही मां भगवती के दरबार में पहुंचने लगे थे। झारखंड सहित बिहार, यूपी, बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। पहुंचे लोगों ने मुंडनशाला में अपने छोटे-छोटे बच्चों का मुंडन करवाया। विभिन्न प्रातों से मां भगवती दरबार में चूल-मुंडन कराने आए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। शुभ मुहूर्त होने के कारण जहां एक ओर मुंडन कराने के लिए श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं पूजा-अर्चना के लिए भी बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। लोग पूजा के लिए दामोदर-भैरवी संगम में स्नान कर हाथों में पूजा की थाली लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। ब

# आतंकी हमले के खिलाफ भाजपा का आक्रोश मार्च



**हजारीबाग।** कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों द्वारा हिंदू समुदाय के लोगों की हत्या के विरोध में भाजपा ने आक्रोश मार्च निकाला। मशाल जुलूस का नेतृत्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया, जिसमें सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। यह विरोध मार्च बुढ़वा महादेव से शुरू होकर आनंद चौक होते हुए झंडा चौक तक गया। वहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने बताया कि इस हमले में 28 हिंदू मारे गए और 20 से अधिक घायल हुए। आतंकियों ने नाम पूछकर चुन-चुनकर हिंदुओं की हत्या की, जिसकी जिम्मेदारी आतंकी संगठन ळफ्ऋ ने ली है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह हमला सिर्फ आतंकवाद नहीं, बल्कि भारत की सांप्रदायिक एकता और मानवता पर सीधा हमला है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने इसे बर्बरता की पराकाष्ठा बताया और कहा कि भारत की आंतरिक एकता को तोड़ने की साजिश कभी सफल नहीं होगी। मसाल जुलूस में बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से सुदेश चंद्रवंशी, अभिमन्यु प्रसाद, रानी कश्यप, प्रकाश कुशवाहा, भारत भूषण शर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# संजीवनी कुटीर को मंत्री ने दिया हटाने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग की स्वास्थ्य व्यवस्था की जड़ों तक पहुंची सियासत की जंग**

हजारीबाग। कभी गरीबों के लिए राहत का केंद्र माने जाने वाले संजीवनी कुटीर अब राजनीतिक तूफान के केंद्र में है। हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में संचालित यह केंद्र अब इतिहास बनने को है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इसके संचालन पर सख्त आपत्ति जताते हुए इसे हटाने का आदेश दे दिया है। इससे न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं, बल्कि एक बार फिर राजनीति और प्रशासन के बीच खींचतान भी सामने आई है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग ने 21 अप्रैल को पत्रांक 867 के माध्यम से अस्पताल अधीक्षक को मंत्री के निर्देशों से अवगत कराया। पत्र में उल्लेख है कि मंत्री अंसारी ने टेलीफोन पर हुई वार्ता में कहा कि किसी निजी संस्था का संचालन परिसर में स्वीकार्य नहीं है। उनके अनुसार, यह सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्वायत्तता और मयार्दा के खिलाफ है। लेकिन इस आदेश के बाद सियासी हलचल तेज हो गई। संजीवनी कुटीर की स्थापना हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की पहल पर हुई थी, जिसका उद्देश्य गरीबों को मुफ्त इलाज देना था। विधायक प्रसाद ने मंत्री के आदेश को तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया और आरोप लगाया कि मंत्री स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय को भी हिंदू-मुस्लिम रंग देने में लगे हैं। उन्होंने तल्खी से कहा कि अगर कभी इस केंद्र पर किसी पार्टी का झंडा लगे, तो मैं विधायकी से इस्तीफा दे दूंगा। क्या हिंदू का इलाज करना अब गुनाह हो गया है? इस बयान से विवाद ने तूल पकड़ लिया। यह मुद्दा विधानसभा में गरमा चुका है, मंत्री और विधायक के बीच तीखी बहस देखी गई थी। अब जब संजीवनी कुटीर को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, यह स्पष्ट है कि हजारीबाग की राजनीति अब इलाज के नाम पर नई सर्जरी के दौर में प्रवेश कर चुकी है। जनता की नजर अब सिर्फ एक सवाल पर है कि क्या सियासत से ऊपर कभी स्वास्थ्य होगा?

### रामगढ़ में नमामि गंगे को लेकर बैठक

रामगढ़। उप विकास आयुक्त रामगढ़ श रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक हुई।

उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। मौके पर उप विकास आयुक्त ने मार्च महीने में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी ली। उप विकास आयुक्त ने गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बेहतरीन कार्य करने के लिए सभी विभागों, एजेंसियों आदि की सराहना की।

## एक नजर में

### बोंगाबार में निकली भव्य कलश यात्रा



कुजू। बोंगाबार मंडाटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महायज्ञ की प्रथम वर्षगांठ बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें शामिल करीब 551 कलशधारी अपने सिर पर कलश लेकर गाजे बाजे और भक्ति भजन के गायन के साथ प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय, धीरज पांडेय, शिव कुमार पांडेय, अतुल पांडेय, दीपक पांडेय ने यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, अर्जुन प्रजापति,परशु राम महतो, धर्मनाथ महतो, सुरेश महतो, तरुण गिरी, प्रकाश महतो, महेश महतो, इंदु करमाली, खुशलाल महतो, राजेंद्र महतो, लक्ष्मण महतो, लक्षु महतो, मखन महतो, रामजतन महतो के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। पूजन उपरांत कलशधारी जल भरकर मंदिर परिसर पहुंचते हुए कलश को स्थापित किया। साथ ही फूलों और लाईट से सजी आकर्षक मंदिर में वैदिक पूजन, हवन आदि अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। बाद में महिला श्रद्धालुओं द्वारा लाए गए जल से बारी बारी उनके द्वारा भगवान शिव को जलाभिषेक किया। वही भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। मौके पर संरक्षक सुरेंद्र महतो, कमल पंडा, अध्यक्ष राजू साव,सचिव दिनेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष खेमन महतो, हेमनी देवी, दीपक कुशवाहा, विश्वामित्र महतो, संतोष करमाली, प्यारेलाल कुशवाहा, अनिल कुशवाहा,सूरज कुशवाहा, अमर पंडा, लक्ष्मी पंडा, तेजनारायण कुशवाहा,त्रिभुवन महतो, बबलू पंडा, बसंत प्रजापति, विनोद मुंडा, अजीत कुशवाहा, अशोक करमाली समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बरही: नाले में डूबने से ग्रामीण की मौत

**बरही।** पदमा ओपी क्षेत्र अंतर्गत दौरवा गांव निवासी तेनु उरांव (55 वर्ष) की नाले में डूबने से मौत हो गई। सोमवार दोपहर मवेशियों को चराने निकले थे और उसके बाद घर नहीं लौटे। परिजनों और ग्रामीणों ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। 24 अप्रैल की सुबह ग्रामीणों ने नाले में उनका शव देखा और तत्काल पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचना दी। बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक और पदमा ओपी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। इस घटना से गांव में शोक की लहर है और परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों की सुरक्षा व्यवस्था और बुजुर्गों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

### दारु में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर कल

**दारु।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत 25-26 अप्रैल को नौ पंचायतों में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए विशेष शिविर लगेगा। जिला ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में ऐसे शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में योग्य वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस दिया जाएगा और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। सभी पंचायत मुखिया, समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों से प्रचार-प्रसार की अपील की गई है ताकि अधिकतम लोग शिविर में भाग लेकर लाभ ले सकें। बीडीओ ने दोपहिया चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की और कहा कि यह शिविर लोगों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस बैठक में अंचलाधिकारी राम बालक कुमार, प्रखंड प्रमुख कुमारी स्वेता, पंचायत मुखिया फरजाना खातून, पिंकी देवी, पंसस गीता कुमारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### चरही: पाइपलाइन और जलमीनार अधर में

**चरही।** चरही क्षेत्र में गर्मी शुरू होते ही जल संकट गहराने लगा है। कुएं, तालाब और अन्य जलस्रोतों का जलस्तर घटता जा रहा है। जल स्वच्छता विभाग ने पाइपलाइन और नल कनेक्शन लगाने की योजनाएं शुरू की थीं, परंतु कई घर अब भी वंचित हैं। शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, नल जल योजना के तहत कुछ दिनों तक ही जल आपूर्ति हुई, फिर बंद हो गई। वर्ष 2014-15 में मिनी जलमीनार योजना के अंतर्गत लाखों खर्च कर जलापूर्ति की व्यवस्था की गई थी, परंतु बोरिंग विफल रहा। तीन बार बोरिंग के बाद भी पानी नहीं निकला और उपकरण जंग खा गए। अब यह योजना करीब 5 वर्षों से बंद पड़ी है। हाल में कुछ क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई गई है और कुछ घरों में नल लगाए गए हैं, लेकिन अधिकांश घर अब भी जल संकट झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुरानी जलमीनार को फिर से चालू किया जाए और सभी घरों को जल-नल से जोड़ा जाए। गर्मियों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### वीर कुंवर सिंह की जयंती पर सम्मान समारोह

**चरही।** चरही में वीर कुंवर सिंह की जयंती राजपूत समाज ने मनाई। वीर कुंवर सिंह भवन में हुए इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और माला पहनाई। इसके बाद जय भवानी के उद्घोष के साथ सभा हुआ। वक्ताओं ने वीर कुंवर सिंह को स्वतंत्रता संग्राम का महानायक बताते हुए उनके साहस और बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजों से लोहा लेने वाले वीर कुंवर सिंह का योगदान इतिहास में अमिट है। उन्होंने सरकार से मांग की कि झारखंड राज्य में वीर कुंवर सिंह के नाम से जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जाएं ताकि युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा मिल सके। इस मौके पर समाज के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और देश के विकास में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम में आनंद सिंह, सत्येंद्र नारायण सिंह, विनय सिंह, धीरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह सहित राजपूत समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह आयोजन वीरता, देशभक्ति और एकजुटता का प्रतीक बनकर सामने आया।

### रोशन लाल ने की आतंकी हमले की निंदा

बड़कागांव। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में 28 निर्दोष लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। विधायक ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति और परिजनों को संबल मिले। उन्होंने घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से इस बर्बर हमले के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की है ताकि देश में शांति और सुरक्षा बनी रहे। रोशन लाल ने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष लोगों की हत्या है, बल्कि देश की एकता और अखंडता पर हमला है। उन्होंने कहा कि पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना जरूरी है। विधायक की प्रतिक्रिया संवेदनशीलता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती।

### आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे सरकार





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पहलाम में आतंकी हमले पर जय भारत मंच के झारखंड प्रांत अध्यक्ष रामेश्वर गोप ने शोक जताया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही हृदय विदारक घटना है। जो लोग शांति और प्राकृतिक सौंदर्य की तलाश में पहलगाम आए थे, वे आतंक का शिकार हो गए। इस क्रूरता की कोई माफी नहीं हो सकती। जय भारत मंच ने सरकार से मांग की है कि वह आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे और दोषियों को शीघ्र दंडित किया जाए। साथ ही मंच ने यह भी अपील की है कि मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी और पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जाए, जिससे वे इस गहरे संकट से उबर सकें। श्री गोप ने कहा कि पूरा देश इस दु:ख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ जय भारत मंच खड़ा है।

### कम दाम वाली किताबों में अधिक दाम का लेबल लगाकर ब्रिक्री मामले पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

# किताब दुकानों पर की गई छापेमारी, शर्मा बुक सेंटर का गोदाम हुआ सील

- अन्य किताब घरों की भी होगी जांच : एसडीओ


खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद् के तिलैया थाना के पीछे संचालित शर्मा बुक सेंटर द्वारा कम दाम वाली किताबों में अधिक दाम का लेबल लगाकर ब्रिक्री करने का मामला उपायुक्त मेघा भारद्वाज के संज्ञान में आया। संज्ञान में आने के उपरांत उपायुक्त के निर्देशानुसार एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में जांच दल का गठन किया गया। जिसमें एसडीओ रिया सिंह के अलावा सीओ हलधर कुमार सेठी, प्रशासक अंकित कुमार गुप्ता, सिटी मैनेजर रणधीर कुमार वर्मा सहित अन्य शामिल थे। इस दौरान नगर परिषद् अंतर्गत झुमरीतिलैया में संचालित शर्मा बुक सेंटर में छापेमारी की गई। इस छापेमारी ने सबको चौंका कर रख दिया। छापेमारी के दौरान किताबों की जांच की गयी, जिसमें प्रथम दृष्टया में आरोप सत्य पाये गये। संपूर्ण जांच होने के उपरांत दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**अन्य किताब घरों की भी होगी जांच :** वहीं एसडीओ रिया सिंह ने बैठक कर बताया कि शर्मा बुक सेंटर को अधिक दाम का लेबल लगाकर ब्रिक्री मामले में सील कर दिया गया है एवं जांच की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिक दाम का लेबल लगाकर किताब की ब्रिक्री करने वाले अन्य प्रतिष्ठानों पर भी छापामारी कर कार्रवाई की जायेगी।

**गोदाम में ताला लगाकर घर में छुपा किताब विक्रेता :** छापेमारी के दौरान किताब विक्रेता गोदाम में ताला लगाकर घर में छिप गया और अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। अधिकारियों के बार-बार कहने पर भी वह बाहर नहीं आया, जिसके बाद प्रशासन ने गोदाम की निगरानी के लिए तिलैया पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया। एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में किताब विक्रेता द्वारा कीमतों में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है।

**निजी स्कूलों को कमीशन संबंधी मिली डायरी, गोदाम सील :** शर्मा बुक सेंटर में छापामारी व जांच में यहां से निजी स्कूलों को किताब में दिये जाने वाले कमीशन के ब्योरे से संबंधित एक डायरी मिली है। वहीं दूसरी ओर बुधवार को झुमरीतिलैया नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी अंकित कुमार गुप्ता एवं सीओ हलधर सेठी के नेतृत्व में शर्मा बुक सेंटर के आवासीय परिसर में स्थित गोदाम को सील कर दिया गया। वहीं अधिकारियों ने बताया कि आवासीय परिसर का उपयोग व्यापारिक प्रतिष्ठान के रूप में किया जा रहा था, जिसका ट्रेड लाइसेंस उनके पास नहीं था। यह कार्रवाई झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 455 का उल्लंघन करने को लेकर की गई है। इसके अलावा शर्मा बुक सेंटर के संचालक को नगर परिषद के द्वारा एक नोटिस दिया गया है और 25 अप्रैल तक नगर परिषद कार्यालय में पहुंचकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है एवं कहा गया है कि उक्त अवधि में अगर शर्मा बुक सेंटर के द्वारा ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया गया तो झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 600 के अंतर्गत विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

**2015 में भी पड़ा था छापा :** किताबों के ऊपर अधिक दाम का स्टिकर लगाकर बेचे जाने के मामले को लेकर 2015 में भी शर्मा बुक सेंटर में छापामारी की गई थी। तब भी जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की गई थी। छापामारी और सील की कार्रवाई के मौके पर राजस्व निरीक्षक शंभू कुमार रजक, अभिषेक कुमार मेहता, अजित कुमार, संतोष प्रसाद, जेई प्रदीप कुमार शर्मा, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, दुलारचंद यादव, मुकेश राणा, रोशन कुमार, बलराम कुशवाहा सहित नगर परिषद से जुड़े अन्य कर्मी और पुलिस बल मौजूद थे।

## प्रेमिका को धोखा देकर दूसरी शादी करने वाला युवक गिरफ्तार, रिसेप्शन से उठाया गया दूल्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र में प्रेमिका को धोखा देकर दूसरी शादी करने वाले युवक चंदन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक की गिरफ्तारी उस समय हुई, जब उसके घर पर शादी की रिसेप्शन पार्टी चल रही थी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान गेस्ट हाउस में अफरा-तफरी मच गई। मूल रूप से राजस्थान के अजमेर जिले की रहने वाली युवती ने हंटरगंज थाने में मंगलवार को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गोसाईडीह निवासी चंदन कुमार से उसका दो साल से प्रेम संबंध था। उसने आरोप लगाया कि चंदन ने सितंबर 2023 में अजमेर के एक मंदिर में उससे शादी की और दो साल तक शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान नवंबर 2023 में उसका गर्भपात भी करवाया गया।

प्रेमिका ने बताया कि चंदन ने उसे यह कहकर दिल्ली छोड़ा कि वह अपने भाई के पास कुछ दिन के लिए जा रहा है और फिर रिश्तेदार की शादी में भाग लेने बिहार जाएगा। लेकिन 20 अप्रैल को जब युवती ने उसकी भतीजी के इंस्टाग्राम पर तस्वीर देखी, तो पता चला कि चंदन ने गुपचुप तरीके से गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के लय गांव में दूसरी लड़की से शादी कर ली। धोखा मिलने के बाद प्रेमिका सीधे राजस्थान से हंटरगंज पहुंची और थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम चंदन के घर पहुंची, जहां रिसेप्शन पार्टी का आयोजन चल रहा था। पुलिस ने दूल्हे चंदन को वहीं से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि आरोपी भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। मेडिकल जांच के बाद युवक को जेल भेज दिया गया।

उधर, आरोपी की मां उर्मिला देवी ने बताया कि परिवार को चंदन के प्रेम संबंधों की कोई जानकारी नहीं थी। जब अचानक पुलिस और युवती घर पहुंची, तब उन्हें मामले का पता चला। प्रेमिका की बहादुरी की लोग सराहना कर रहे हैं, जिसने न्याय के लिए लड़ाई लड़ी और आरोपी को जेल पहुंचाया।

## खबर एक नजर में

### बिचाली गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र के गांधी चौक स्थित एस्बेस्टस शेड के एक बिचाली गोदाम में बुधवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से वहां अफरा-तफरी मच गई। अगलगी में लगभग चार लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर को गांधी चौक में पिंटू सिंह के एस्बेस्टस शेड के बिचाली गोदाम में अचानक धुंआ निकलने लगा। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते बिचाली में लगी आग ने पूरे मिल को अपने कब्जे में ले लिया। पूरा मिल धू-धू कर जलने लगा। स्थानीय लोग जुटे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक गोदाम में रखा बिचाली और टायर पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। गोदाम संचालक पिंटू सिंह ने बताया कि इस आगजनी में करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

### जल मीनार का सहायक अभियंता ने किया निरीक्षण



**गिद्धौर।** प्रखंड के सलगा गांव के चबूतरा के पास 14वें वित्त से लगे जल मीनार की जांच करने बुधवार को पेयजल स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता अरविंद कुमार सिंह, कनीय अभियंता मंगल सिंह, मुखिया निर्मला देवी व पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय पहुंचे। जांच के दौरान जल मीनार में लगे स्टाटर की चोरी हो गई है। साथ ही दो दिनों में पंचायत एजेंसी से जल मीनार चालू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि बीते मंगलवार को सलगा गांव के चबूतरा के समीप लगे जल मीनार की एक वर्षों से खराब पड़े होने का ग्रामीणों ने विरोध किया था। जिसे लेकर खबर छपी था। उसके बाद 18 घंटे के अंदर पेयजल स्वच्छता विभाग व पंचायत प्रतिनिधियों ने संज्ञान ले दो दिन में जल मीनार चालू करने का आश्वाशन ग्रामीणों को दिया।

### तैलिक साहु समाज ने दानवीर भामाशाह की जयंती मनायी



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के रक्सी गांव एवं भामाशाह चौक गाड़ीलौंग में अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज के द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत रक्सी गांव में स्थापित दानबीर भामाशाह की प्रतिमा में माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। इस दौरान लोगों ने अपने अपने विचार रखे कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। हमारे पूर्वज भामाशाह ने मुगल शासकों से देश की आजादी के लिए तीन हजार स्वर्ण मुद्राएं दान में दे दी थी। दानवीर भामाशाह द्वारा दिए गए धन से ही महाराणा प्रताप ने अपने सैनिकों के संसाधन जुटाए थे और आगे लड़ाई लड़ी तथा जंग जीत कर मुगल शासकों को देश से खदेड़ दिया। लेकिन देश के इतिहासकारों ने दानबीर भामाशाह को इतिहास के पन्ने पर जगह नहीं दी गयी है। वक्ताओं ने सरकार से सरकारी जयंती मनाने की मांग पर जोर दिया। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य दुलारचंद साहु, जीवन राम, चन्द्रदेव साहु, मनोज साव, महाबीर साव, सुगन साव, राजेन्द्र साव, शंकर साव, गोविंद साव, अशोक साव, जयप्रकाश साहु, शंकर कुमार, झालिया देवी, बेबी देवी, खुशबू, सुनीता, मंजू देवी समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने होटलों का औचक निरीक्षण कर की खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच



**कोडरमा।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी ने बुधवार को झुमरीतिलैया और कोडरमा के विभिन्न होटलों, रेस्तरांओं का औचक निरीक्षण किया और उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान श्री गुग्गी ने झुमरीतिलैया शहर के सूर्या होटल, कोडरमा के राज स्वीट्स, वरदान स्वीट्स आदि होटलों की जांच कर होटल संचालकों को एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से जल गुणवत्ता विश्लेषण रिपोर्ट को अद्यतन करने, खाद्य संचालकों के लिए वार्षिक चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र, रेस्तरां में स्वच्छता बनाये रखने आदि का निर्देश दिया।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा षष्ठी से नवमीं एवं ग्यारहवीं तक के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में छात्रों के साथ उनके अभिभावकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को निरंतर मेहनत और आत्मअनुशासन का संदेश दिया। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की सराहना करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों को साझा किया तथा छात्रों को आने वाले सत्रों के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में कक्षा षष्ठी से नवमीं एवं ग्यारहवीं के छात्रों को बेस्ट परफॉर्मर, टॉप स्कोरर एवं बेस्ट अटेंडेंस के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## माकपा ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की बर्बर हत्या की कड़ी निंदा की है। सीपीएम ने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए और उन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कठोर से कठोर रूप में दंडित किया जाना चाहिए।

## हथियार के बल पर चालीस हजार की लूट

**डोमचांच (कोडरमा)।** बैंक ऑफ इंडिया डोमचांच में पैसा जमा करने आये एयरटेल ऑफिस के कर्मी अंकित कुमार पिता भोला प्रसाद बिहार शरीफ निवासी से अज्ञात अपराध कर्मियों ने चालीस हजार रुपया लूट लेने की घटना सामने आई है। लूट की घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बैंक पहुंचकर सीसीटीवी को खंगालने में लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अपराधी उक्त युवक को हथियार के बल पर बैंक से नीचे ले गया और कुछ दूर पर खड़ी एक बोलेरो में ले आया और लूट की घटना को अंजाम दिया। डोमचांच पुलिस सीसीटीवी के कैमरे को बारीकी से देख रही है।

## जंगल से अवैध उत्खनन मामले में शक्तिमान जब्त

**कोडरमा।** वन्य प्राणी प्रक्षेत्र अंतर्गत मेघातरी फुटलाहिया ललकी जमुनिया जंगल से विभाग की टीम ने एक खाली शक्तिमान वाहन को जब्त किया। हालांकि, इस दौरान वाहन चालक फरार होने में सफल रहा। वहीं माना जा रहा है कि माफियाओं द्वारा ढिबरा के अवैध उत्खनन के बाद परिवहन को लेकर शक्तिमान वाहन लाया गया था। मिली जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि ललकी जमुनिया जंगल में अवैध रूप से ढिबरा लोड करने को लेकर शक्तिमान लाया गया है। प्राप्त सूचना के आलोक में वन विभाग की टीम खनन स्थल पहुंची। हालांकि, इसकी भनक लगते ही अवैध उत्खनन के आरोपी फरार होने में सफल रहे। मौके पर उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, सिकंदर यादव, दुर्गा महतो, कुंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है : राम लखन सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** बाबू वीर कुंवर सिंह अपनी वीरता और अदम्य साहस के लिए पूरे भारतवर्ष में चर्चित थे। आज सर्व समाज को उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष राम लखन सिंह ने वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह में संबोधित करते हुए कही। वहीं उन्होंने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह न केवल क्षत्रियों के लिए आदर्श थे, बल्कि सर्व समाज के प्रति उनके दिल में समान प्रेम और स्नेह था। आजादी की लड़ाई में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। तिलैया बस्ती स्थित विजय सिंह का बगीचा और क्षत्रिय धर्मशाला कोडरमा में आयोजित समारोह में वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति सैकड़ों क्षत्रिय बंधुओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहें, क्षत्रिय एकता जिंदाबाद आदि का पुरजोर नारा लगाया। वहीं संघ के संरक्षक कामाख्या नारायण सिंह, महासचिव शिवलाल सिंह और वरीय पदाधिकारी रामचंद्र सिंह ने कहा कि आज के इस ऐतिहासिक दिन में हम सभी को त्याग और समर्पण की भावना रखने की सीख लेनी होगी। युवाओं को बाबू वीर कुंवर सिंह के आदर्शों और पद चिन्हों को अपनाने की जरूरत है। मौके पर दिनेश सिंह, राजेंद्र सिंह, राम लखन सिंह, शिवलाल सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, रामचंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, विजय सिंह, विजय सिंह मदन मोहन सिंह, दिनेश सिंह, आनंद सिंह, रामदेव सिंह, मनोज सिंह, उमेश सिंह, दामोदर सिंह, हरदेव सिंह, जय नारायण सिंह, प्रो राजेश सिंह, दीप नारायण सिंह, राजू सिंह, विनय सिंह, अभिषेक सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 11 महीने के लिए 2 करोड़ 2 लाख में हुई मेघातरी बस स्टैंड की बंदोबस्ती

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मेघातरी बस स्टैंड की बंदोबस्ती को लेकर बुधवार को जिप अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में नीलामी का आयोजन किया गया। जिसमे 4 प्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं जंगलों और घाटियों से घिरे मेघातरी बस स्टैंड की बंदोबस्ती के लिए करीब 40 राउंड की बोली लगाया गया, जिसमे सर्वाधिक बोली जयनगर के राजकुमार यादव ने 2 करोड़ 2 लाख रूपये लगाए जाने पर बंदोबस्ती उनके नाम किया गया। वहीं बोली लगाने में दूसरे स्थान पर अशोक यादव रहे, अशोक यादव ने एक करोड़ एक लाख की बोली लगाया। वहीं डीसीसी ऋतुराज ने बताया की चालू वितीय वर्ष 2025-26 के 11 माह के लिए मेघातरी बस स्टैंड की बंदोबस्ती 2 करोड़ 2 लाख में किया गया, पिछले वर्ष इस बस स्टैंड की बंदोबस्ती 74 लाख में महज 9 माह के लिए किया गया था। यहां यह भी गौरतलब हो कि मेघातरी बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं की कमी है, यात्रियों का ठहराव भी काफी कम है, इसके बावजूद भी 11 माह के लिए 2 करोड़ 2 लाख की बोली लगने पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लाठी के बल पर निर्धारित दर से अधिक चुंगी वसूली का आए दिन शिकायत मिलती रहती है।

## टेलर व हाइवा की टक्कर में उपचालक की मौत



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवां माइल के समीप बुधवार सुबह करीब नौ बजे टेलर और हाइवा की टक्कर में हाइवा के उपचालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा दिबौर की ओर से कोडरमा की ओर रहा था। इसी दौरान नौवां माइल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे टेलर से टक्कर हो गई। जिसमें हाइवा का उपचालक गढ़दिबौर निवासी 30 वर्षीय बब्लू शर्मा पिता चंदन शर्मा की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं घटना के बाद कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं चिकित्सक द्वारा शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

## सीएसआर मद से आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सीएसआर कमिटी की बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने औद्योगिक ईकाई के प्रतिनिधियों को सीएसआर मद से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण कर उसे मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की को सीएसआर अंतर्गत सभी कम्पनियों को चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कम्पनियों के प्रतिनिधियों को जिले के विभिन्न चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण करने, गर्मी को देखते हुए प्रमुख चौक-चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पौधा वितरण व पौधरोपण करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, डीपीओ अनूप कुमार, एलडीएम निवास कुमार, राजीव कुमार समेत विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## सिमरिया एसडीओ ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

- विद्यालय परिसर में अनुशासन विद्यार्थी एवं शिक्षक दोनों के लिए जरुरी : सन्नी राज



**सिमरिया।** प्रखंड के बानासाड़ी स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक निरंतर नहीं कराने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कार्यालय, क्लास रूम, मैदान एवं किचन का भी निरीक्षण किया और किचन का स्थान परिवर्तित करने का निर्देश दिया। साथ ही पानी पीने के लिए विद्यालय विकास कोष से आवश्यक रूप से कार्य कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई की खराब स्थिति को देखते हुए नाराजगी जाहिर की। एसडीओ ने विद्यालय में स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने एवं बैठक कर स्वच्छता कार्यक्रम चलाने का आवश्यक निर्देश दिया। बाहय स्रोत से कार्य कर रहे सफाई कर्मी अगर सही से काम नहीं करते हैं तो उन्हें भी कार्य से बाहर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि विधार्थी को अनुशासन में रखना है लेकिन अनुशासन का पालन शिक्षक भी अनिवार्य रूप से करेंगे। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय परिसर में अनुशासन का अनुपालन विद्यार्थी एवं शिक्षक दोनों के लिए आवश्यक है। शिक्षकों को स्वयं क्लास शुरू होने से पहले आना है और क्लास खत्म होने के बाद भी विद्यालय में रह कर कार्यालय एवं विद्यालय प्रबंधन का उपयुक्त कार्य करना है। आपसी समन्वय से विद्यालय के पर्यावरण को बेहतर बनाएं, ताकि बालिका विद्यार्थियों को किसी पठन-पाठन में सहजता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीओ के साथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रदेव प्रसाद, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अंबुजा राज लक्ष्मी एवं शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।

### स्कूल रुआर 2025 अभियान को लेकर बैठक में कोडरमा उपायुक्त ने दिये कई निर्देश, कहा

# सभी अनामांकित व छिजित बच्चों का नामांकन करवाना सुनिश्चित करें

- बैठक के दौरान उपायुक्त ने अभियान के सम्पूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी विस्तृत रूप से दी।

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला स्तरीय स्कूल रुआर 2025 (बैक टू स्कूल) अभियान को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक की गयी। जिसमें स्थानीय प्रतिनिधियों के अलावे डीएसई, प्रखंडों के बीडीओ, बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी और गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि शामिल हुए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने अभियान के सम्पूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी विस्तृत रूप से दी। साथ ही सत्र 2024-25 में चिन्हित अनामांकित बच्चों व छिजित बच्चों के नामांकन सुनिश्चित करवाने, आंगनबाड़ी के बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में और प्राथमिक विद्यालयों के निकटतम मध्य विद्यालयों व उच्च विद्यालयों से उच्चतर विद्यालयों से मैपिंग करने, कक्षा 5 से 6, कक्षा 8 से 9 और 10 से 11 में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के दौरान स्कूलों में बैठक कर अनामांकित व छिजित बच्चों का नामांकन करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही स्कूलों में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 5 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग वाले शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है, साथ ही 5-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों की शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी बच्चों के नामांकन और ठहराव पर जोर दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों का स्कूलों में ठहराव और नामांकन के लिए शिक्षकों को टोला टैगिंग कर नामांकन और उपस्थिति सुधारने का कार्य करें, अभियान के दौरान बच्चों को विद्यालय में वापस लाना और नियमित उपस्थिति बनाये रखना प्राथमिकता है। इस जिम्मेवारी को समुचित रूप से निभाने में विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी आदि परस्पर सहयोग करें, यह सुनिश्चित किया जाये कि एक भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहे। वहीं उपायुक्त ने डीईओ और डीएसई को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर हर गतिविधियों का जायजा लें, ड्रॉप आउट बच्चों को नामांकन के लिए प्रेरित करें। वहीं उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल से 10 मई तक जिले में आयोजित उक्त अभियान को पूरी तरह सफल बनाने में सहयोग करें। मौके पर डीसी के अलावे जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज, डीएसडब्ल्यूओ कनक कुमारी तिर्की, डीईओ अविनाश राम, डीएसई अजय कुमार, प्रखंडों के बीडीओ, बीईईओ आदि मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने कई रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य राहुल घोष ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस के बारे में विस्तार से बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होंने कहा कि यह दिन आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी और इसके पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा और संरक्षण के लिए हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। यह पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार में बदलाव का आह्वान करता है और सतत विकास प्रथाओं को बढ़ावा देता है। विश्व पृथ्वी दिवस 2025 का विषय 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' है, जो अक्षय ऊर्जा और अधिक टिकाऊ भविष्य की और दुनिया भर में बदलाव का आह्वान करता है। वहीं कक्षा सात की अनुष्का और कक्षा पांच की आरुषि सिंह ने पृथ्वी दिवस पर आकर्षक पोस्टर बनाये।

## स्पीड न्यूज

### केंद्र व राज्य सरकार जनता की समस्या हल करे नहीं तो होगा आंदोलन : विजय



गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल नवबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच व महिला मंडल घाघरा के तत्वाधान में ब्लॉक कैंपस में सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, पल्स, वैलफेयर समेत दर्जनों नवबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की जल्द भुगतान, महिला सुरक्षा, रोजगार, अनुदान देने, महिला मंडल को दिया गया लोन माफ करने, व्यवसाय के लिए महिलाओं को ब्याज रहित कम से कम 10 लाख रुपया तक सहायता राशि देने, विकास के कार्यों में भ्रष्टाचार पर रोक जैसे जनहित के मुद्दे को लेकर ब्लॉक कैंपस में रोपना उरांव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार आम जनता की ज्वलंत समस्याओं का हल करे नहीं तो आंदोलन होगा। सिंह ने सहारा इंडिया समेत दर्जनों नवबैंकिंग कंपनी में मेहनत के जमा पैसे की जल्द भुगतान व महिलाओं की समस्या सहित जनहित के पांच सूत्रीय मांग को लेकर वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून को रांची में आयोजित राजभवन मार्च में अभी से ही जाने की तैयारी करने की अपील की है। पार्टी नेता प्रकाश उरांव ने कहा कि ब्लॉक व बैंक में घूसखोरी व परेशानी बढ़ गई है। इसके विरोध के लिए आम जनता से बड़ी संख्या में एकजुट होने की जरूरत बताई है। बैठक में 28 अप्रैल को घाघरा हाई स्कूल मैदान से दिन के 11 बजे जुलूस प्रदर्शन आयोजित करने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, शंकर उरांव, संजय गोप, विक्रम सिंह, फलिंदर महतो, सुखराम मुंडा, सुखनी देवी, विश्वासी लकड़ा, संध्या देवी, सुनीता देवी, मालती देवी, कमला देवी सहित महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### क्षत्रिय समाज ने बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती धूमधाम से मनायी



गुमला। अखिल भारतीय क्षत्रिय सामाज गुमला के द्वारा बुधवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जयंती के अवसर पर एस एस हाई स्कूल रोड स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व डीएसपी रोड स्थित वीर कुंवर सिंह भवन के पास एक जुलूस निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों में घूमी। जुलूस डीएसपी रोड में जाकर समाप्त हुई। मौके पर समाज के जिला अध्यक्ष जगनारायण सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह अदम्य साहस के प्रतीक थे। उन्होंने अपने साहस के बल पर अनेकों युद्ध जीते। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगों को वर्तमान हालात को देखते हुए एकजुट व संगठित रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में राधेश्याम सिंह, सचिव शांतनु सिंह, ओम शंकर सिंह, रामस्वरूप सिंह, दिनेश सिंह, सुरेश सिंह, मनमोहन सिंह, विकास सिंह, विपिन सिंह, शाहिद भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### पहलगाम आतंकी हमले की अंजुमन के प्रवक्ता ने की निंदा

गुमला। अंजुमन इस्लामिया गुमला के प्रवक्ता मोहम्मद आशिक अंसारी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि घटना में हमारे हिन्दू भाई पर्यटक मारे गये हैं। ये आतंकवादियों की कायराना हरकत है। इस घटना से पुरा देश सदमे में है। हमारे इनटलिजेंस के लोग वहां पर निगाहें रखे हुए हैं फिर भी इस प्रकार की दुखद घटना हो जाती है बड़े अफसोस की बात है। मैं प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से अनुरोध करता हूं कि कडा एकशन ले।

### चैनपुर में आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला नया 4जी फोन, कार्य दक्षता में होगी वृद्धि



चैनपुर। प्रखंड स्थित बालविकास कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 130 सेविकाओं को 4जी फोन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ यादव बैठा और पर्यवेक्षिका अंजलि वर्मा ने की। बीडीओ बैठा ने कहा कि इन फोनों के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाएं अपनी गतिविधियों को और प्रभावी रूप से प्रबंधित कर सकेंगी। तकनीक का उपयोग करके वे अपने कार्यों में अधिक सुविधा और दक्षता प्राप्त कर पाएंगी। पर्यवेक्षिका अंजलि वर्मा ने कहा कि फोन आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगा। इसके जरिए वे न केवल अपनी रिपोर्टिंग को और आसान बनाएंगी। मौके पर सेविका ममता गुप्ता ने कहा कि यह फोन हमें अपने कार्यों को सुगम बनाने में मदद करेगा।

### झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन ने बीडीओ को सौंप ज्ञापन



गुमला। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन के बैनर तले सरकारी कर्मी अपनी तीन प्राथमिक मांग एमएसपी का लाभ, सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष और शिशु शिक्षण भत्ता को लेकर आंदोलन के दूसरे चरण हस्ताक्षर अभियान के बाद मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम गुमला जिले के तीन प्रखंड गुमला सदर, सिसई और भरनो में बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया।मौके पर संघ के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र में इन मांगों को प्रमुखता से रखा है।अब जबकि सरकार बन चुकी है तो हम सभी सरकारी कर्मचारी सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए ध्यानाकर्षण रैली के माध्यम से अपनी मांगों को पूर्ण करने हेतु ज्ञापन सौंप रहे हैं तथा सरकार से मांग करते हैं कि सरकार अपने घोषणा पत्र में अंकित वादों को यथाशीघ्र पूरा करे। संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी सुमित कुमार नन्द इस अवसर पर उपस्थित रहे। साथ ही ज्ञापन सौंपने में सभी प्रखंडों में सरकारी कर्मी शामिल हुए।

## शैक्षणिक वर्ष 2025 में नामांकन अभियान संबंधी स्कूल रुआर कैंपेन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**25 अप्रैल से 10 मई तक अभियान के तहत चलेंगी विभिन्न गतिविधियां**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा नगर भवन में डीडीसी दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में शैक्षणिक वर्ष 2025 में नामांकन अभियान संबंधी स्कूल रुआर कैंपेन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो सहित जिला शिक्षा पदाधिका कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, एडीपीओ ज्योति खलखो आदि के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला में एपीओ रोज मिंज द्वारा नामांकन अभियान स्कूल रुआर संबंधी उद्देश्यों एवं कार्यों की जानकारी दी गई। अभियान अंतर्गत 25 अप्रैल से 10 मई 2025 तक विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी से 5 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में नामांकन, पांच से अठारह साल के बच्चों का स्कूल में नामांकन एवं उपस्थिति, विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों का नामांकन, अप्रवासी एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन, पिछले शैक्षणिक वर्ष के कक्षा 1 से 11 के बच्चों का अगली कक्षा में नामांकन, ई-विद्यावाहिनी में ऑनलाइन उपस्थिति आदि कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिले के सभी बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सहयोग हेतु अजीम प्रेमजी फाउंडेशन पिरामल फाउंडेशन सिन्नी टाटा ट्रस्ट, संपूर्णा, एलएनजे आदि प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## लोहरदगा डीसी ने की उद्योग विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में उद्योग विभाग लोहरदगा अंतर्गत वर्ष 2024-2025 में संचालित योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गयी। समीक्षा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, पीएमएफएमई अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य व उपलब्धि पर चर्चा की गई। साथ ही, पीएम विश्व कर्मा अंतर्गत उपलब्धि पर चर्चा की गई। पीएमएफएमई में उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। डीसी द्वारा जिला समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी ऋण वितरण की समीक्षा की गई और केसीसी ऋण स्वीकृत नहीं करने वाले बैंक प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि और केपीआई के प्रगति की भी समीक्षा की गई। सभी बैंक प्रबंधकों को प्रखण्ड परिसर में अपने-अपने बैंक का मिनी बैंक खोलने के लिए प्रखंड परिसर में स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया और इच्छुक बैंकों से आवेदन आमंत्रित किये गए। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जीएम जिला उद्योग केंद्र रघुवर सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड समेत विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पेयजल विभाग में सरकारी राशि का हुआ है दुरुपयोग : आलोक साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला में नल जल योजना का भयावह स्थित है। जनता गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं और पेयजल विभाग के अधिकारी मस्त है। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को पतरातू, निगनी ग्राम की जनता पेयजल की समस्याओं से अवगत कराते हुए उसे उसका निदान करने की मांग की थी। सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर सांसद के निजी सहायक सह लोहरदगा इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू बुधवार को किस्को प्रखंड के ग्राम पतरातू एवं निगनी गांव का दौरा कर पेयजल की समस्याओं से अवगत हुए ।श्री साहू को ग्रामीणों ने बताया कि पतरातू खरिहान टोली में 3 वर्ष पूर्व 8000 लीटर का टंकी का निर्माण हुआ है जो आज तक चालू नहीं हुआ। इस प्रकार पतरातू बड़का टोली, आदिवासी टोली, नवा टोली में 8000 लीटर का टंकी बना दिया गया है लेकिन अभी तक किसी के घर में पानी नहीं आता है ना ही टंकी में पानी चढ़ता है। 3 वर्षों से यही स्थिति है सरकारी राशि का दुरुपयोग कर राशि का बंदर बांट किया गया है। सारी योजनाएं भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया है । साहू इस मामला को लेकर डीसी से मिलकर सारी बातों से अवगत कराते हुए इस भीषण गर्मी में जनता को पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में समुचित कार्रवाई करने एवं योजना 3 वर्षों से क्यों लंबित है उसकी जांच कराने का आग्रह किये। मौके पर संदीप साहू, गोपाल उरांव, जटू उरांव, सिकंदर उरांव, सोहन उरांव, मोहन, यासीन अंसारी रोजामत अंसारी, दिनेश उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## माईनिंग क्षेत्र में 15 दिनों के भीतर पेयजल समस्या करें दूर : डीडीसी

**गुमला : सीएसआर और जिला उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बैठक में शामिल डीडीसी व अन्य।**

**गुमला।** डीडीसी दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से सीएसआर मामलों और जिला उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में खनन क्षेत्रों में हिंडाल्को द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीडीसी ने जल मीनार निर्माण, विद्यालय मरम्मत, सहित अन्य सीएसआर मद से किए जा रहे कार्यों का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने माइनिंग क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं को सर्वप्रथम प्राथमिकता देते हुए 15 दिनों के अंदर दूर करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में गर्मी बढ़ती जा रही इसको देखते हुए पेयजल की समस्या को यथाशीघ्र दूर करें। इसके अतिरिक्त चौरापाठ आवासीय विद्यालय के लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। हिंडाल्को द्वारा किसानों को बागवानी हेतु चिहिन्त लाभुकों की सूचि तैयार कर जिला उद्यान पदाधिकरी को देने के हेतु हिंडाल्को को निर्देश दिया गया। उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर चर्चा किया गया। उप विकास आयुक्त ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया। पीएम विश्वकर्मा में मुखिया लेवल पर पेंडिंग आवेदनों को जिले स्तर पर अग्रेषित करने हेतु उप विकास आयुक्त स्तर से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी मुखिया को निर्देश दिया गया। बैठक में जिला प्रशासन व हिंडाल्को के प्रतिनिधि व संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### दिल्ली में सांसद सुखदेव ने स्व अशोक यादव की पत्नी एवं परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव का दिल्ली के फॉर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम दिल्ली में इलाज के क्रम में आकस्मिक निधन बुधवार सुबह हो गया। जानकारी मिलते ही लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम दिल्ली पहुंचकर स्व अशोक यादव की पत्नी एवं परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट की।

## चैनपुर : वाहन चालकों के मनमाना स्पीड से स्कूली बच्चे और लोग हो रहे हैं परेशान

**बस ने बच्चे को मारा धक्का**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड में बस चालकों का मनमाना स्पीड के कारण बड़ी दुर्घटना कभी भी घट सकती। मंगलवार को बरवे उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले दशवी के छात्रों के लिए एक गंभीर घटना सामने आई, जब छुट्टी होने के बाद वे अपने घर लौट रहे थे। डूमरी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने बच्चों को धक्का मार दिया। जिससे स्कूली बच्चे घायल हो गए। यह घटना सूर्य हॉस्पिटल खोपा टोली के पास हुई। जहां एक छात्र को गंभीर चोटें लगी। घटना के समय बच्चे स्कूल से छुट्टी होने के बाद समूह में घर जा रहे थे। तभी अचानक आई तेज रफ्तार बस ने बिना सावधानी बरते बच्चों की ओर तेजी से बढ़ी और एक छात्र को टकरा दिया। इस हादसे में बच्चे के पैर और कमर में चोटें आईं। सीधा उपचार के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मदद की। उन्होंने घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इसके बाद बच्चे को उसके घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई। इस घटना ने लोगों में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। चैनपुर मुख्याल के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार बसों की वजह से विद्यालयों के आसपास के क्षेत्र में दुर्घटनाओं की आशंका काफी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि बसों की स्पीड को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह की स्थिति रही, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसों का सामना करना पड़ सकता है। इस घटना ने बच्चों के माता-पिता में भी चिंता पैदा कर दी है। वे चाहते हैं कि स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर लगाकर इस समस्या का

### शौर्य दिवस पर अमर शहीद बाबू वीर कुंवर सिंह को क्षत्रिय महासभा लोहरदगा ने किया नमन



लोहरदगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लोहरदगा जिला के जिला अध्यक्ष उदय शेखर की अध्यक्षता में उनके ब्लॉक कॉलोनी स्थित आवासीय परिसर अनन्तानन्द भवन में बुधवार को सन 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीद बाबू वीर कुंवर सिंह के याद में शौर्य दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों ने याद करते हुए नमन किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि प्रथम स्वाधीनता संग्राम के विद्रोह का नेतृत्व करने वाले वीर पुरुष बाबू वीर कुंवर सिंह जी ने लोगों को संगठित कर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। उनकी आयु 80 वर्ष होने के बाद भी उन्होंने अपने अदम्य साहस और वीरता से आन्दोलन का संचालन किया और उनकी वीरता को देखते हुए यह कदापि नहीं लगता था कि वे 80 वर्ष के योद्धा थे। उनके नेतृत्व में बच्चे से लेकर बूढ़े सभी लोगों ने आन्दोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उनकी वीरता के बारे में लेखकों का कहना है कि यदि वे 80 के स्थान पर 25 वर्ष के होते तो उसी संग्राम में देश स्वतंत्र हो जाता। आज की पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वयोवृद्ध राजेन्द्र प्रताप देव के साथ ही पूर्व विधान पार्षद सह महासभा के संरक्षक प्रवीण कुमार सिंह, जयंत सिंह, अजय चौहान, कन्हैया सिंह, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, लाल विजय नाथ शाहदेव, लाल प्रकाश नाथ शाहदेव, सुदामा सिंह, लाल विद्याविनय नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव, जय नारायण सिंह, अमित सिंह, लाल नर्मदेश्वर नाथ शाहदेव, लाल जन्मेजय नाथ शाहदेव, मुकेश कुमार देव, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, भोला सिंह, लाल प्रणीत नाथ शाहदेव, लाल अविनाश नाथ शाहदेव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अशोक कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे : डॉ रामेश्वर

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गई। सूचना पाकर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधायक कार्यालय बरवा टोली लोहरदगा में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा अशोक यादव कांग्रेस पार्टी के सच्चे एवं निष्ठावान नेता थे उनके निधन से सिर्फ लोहरदगा कांग्रेस को ही नहीं बल्कि प्रदेश कांग्रेस एवं राष्ट्रीय कांग्रेस को छत्ती हुई है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि यह उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। अशोक यादव उनके बेहद करीबी, अत्यंत प्रिय और मित्र थे। दुख की इस घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा हैं। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, महिला अध्यक्ष सीमा परवीन, अरशद अयूब, तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, जुगल भगत, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, हाजी शादरुल अंसारी, ऐनुल, रूबी, जमील, एकरामुल, उदय गुप्ता, रौनक इकबाल, असलम, संजय नायक, रेहान अख्तर, कैश अहमद, फारुक हुसैन, कमरूल इस्लाम, इमाम जफर रेयाज अंसारी, इंतेखाब, जसीम, अरविंद, शेख सादिक, तौसीफ, स्कीम अब, अमृता भगत, सुशीला देवी, सरिता देवी, करमां, चमरा, संतोषी, सीनियरों, बबीता, मुनि आदि उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस कमिटी ने जताया शोक



लोहरदगा। पूर्व राज्यसभा सांसद के सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया वह कुछ महीनो से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर जिला कांग्रेस परिवार स्तब्ध और मर्माहत हैं। बुधवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा उनके निधन पर शोक सभा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा स्वर्गीय अशोक यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर सुखैर भगत ने स्व अशोक यादव के कांग्रेस पार्टी के लिए किए गए योगदान की याद करते हुए कहा कि स्व अशोक भैया काफी संवेदनशील मृदु भाषी और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझने वाले कांग्रेस के एक अच्छे अभिभावक आज हमारे बीच नहीं रहे उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जगदीप भगत, साजिद अहमद चंगू, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, आलोक साहू, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, मोहन दुबे, सलीम अंसारी बड़े, हाजी सदरुल अंसारी, सनीयारों उरांव संतोषी उरांव, मुजम्मिल, सोनू कुरैशी, सीमा परवीन, कुणाल अभिषेक नंदकिशोर शुक्ला, राजू कुरैशी, मुस्ताक अहमद, अनीस अहमद, अनिल उरांव, प्रकाश उरांव, मुजाहिर अंसारी, तारीख, रफीक, गुलाम जिलानी मनौव्वर आलम, शुभम सहदेव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार मानवता पर कलंक : ओम प्रकाश सिंह



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार की मानवता पर कलंक बताया है। उन्होंने कहा है कि विश्व में कहीं कोई इस तरह जाति-धर्म पूछ कर हत्या करने का अपराध नहीं करता है। यह एक सुनियोजित षड्यंत्र पाक में रह रहे नापाक लश्कर के कट्टरपंथियों ने किया है। एक नवदंपति को मार कर यह कहना कि जाकर मोदी को बताना, यह अपराध भारत को चुनौती के रूप में दिया गया कायराना साजिश है। भाजपा नेता ने कहा है कि इतिहास गवाह है हिंदू सनातन कभी आक्रमणकारी तथा पीठ पर छुरा मारने का कार्य नहीं किया है,बल्कि वसुधैवकुटुंबकम की नीति का ही अनुसरण किया है। उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार से घटना को चुनौती के रूप में लेने का आग्रह करते हुए ईट का जवाब पत्थर से देने तथा एक बार पुन: सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने की मांग की है। इस घटना की निंदा करने वालों में भाजपा नेता बृज बिहारी प्रसाद, राजमोहन राम, राज किशोर महतो, संजय बर्मन, मदन मोहन पाठक, दीपक सराफ, अजय पंकज, अनुपम प्रकाश कुंव़र, ओम गुप्ता ,दिलीप पटनायक, अतुल कुमार, हर्षित कुमार, बबलू जायसवाल आदि शामिल हैं।

## 24 व 25 अप्रैल को बनवारी नगर में होगा कृषि मेला का आयोजन

**डीडीसी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, कृषि मंत्री करेंगी मेले का उद्घाटन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीडीसी दिलेश्वर महतो व अन्य।**

**गुमला।** 24 एवं 25 अप्रैल चैनपुर प्रखंड के बारे में मैदान में मेला को लेकर बुधवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने जनसंपर्क विभाग के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मौके पर डीडीसी ने कहा कि कृषि मेला-सह कार्यशाला का आयोजन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले किसानों के लिए किया गया। किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की पूर्ण जानकारी नहीं होती। इस मेले में उन्हें कृषि, मत्स्य, बागवानी एवं डेयरी से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही साथ सफल किसानों द्वारा अपने -अपने विचार साझा किए जाएंगे। बरवे मैदान में किसानों का समागम दिखेगा। ये पहला मौका है जब कृषि मेला के साथ साथ किसानों के लिए कार्यशाला का भी आयोजन हो रहा है। राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इस कृषि मेला सह कार्यशाला का उदघाटन करेंगी। जिसमें स्थानीय सांसद, विधायक, जन प्रतिनिधि दो दिवसीय कृषि मेला सह कार्यशाला में शामिल होंगे। विभाग का लक्ष्य कृषि क्षेत्र को आने वाले समय में उद्योग के रूप में विकसित करना और अन्नदाताओं को समृद्ध करना है। प्रेस वार्ता में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किसानों को उन सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिससे किसानों की आय दुगुनी हो सके और किसानों को इतना उन्नत बनाया जाए कि वह पलायन न करें। साथ ही साथ किसानों को मिलेट मिशन से जोड़ना उद्देश्य है। सुदूरवर्ती इलाकों में किसानों को बैंक एवं नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं को जानकारी नहीं होती। उन सभी योजनाओं को जानकारी भी दी जाएगी। यह मेला दो दिनों तक चलेगा। चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में कृषि मेला सह कार्यशाला में अलग-अलग विभाग के द्वारा 50 से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे है। ग्रामीण इलाकों से किसान अपने सब्जी, फल, फसल के साथ इस मेला में भाग लेंगे। इस मेले में जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा कुल 5 स्टॉल लगाया जाएगा। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी,जिला उद्यान पदाधिकारी एवं सभी सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित थे।

पत्नी ने ही पत्थर से कूचकर पति की हत्या की थी

: बसिया पुलिस ने विनोद गोप हत्याकांड का किया उदभेदन

फोटो 8 में हत्याकांड की जानकारी देते हैं बसिया पुलिस

गुमला। बसिया थाना क्षेत्र के लोटा गांव निवासी विनोद गोप हत्याकांड का बसिया पुलिस ने उदभेदन कर लिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी 35 व्हाट्सएप फुलो देवी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में बसिया थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने बताया घटना को लेकर एसपी के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा 48 घंटे के भीतर हत्याकांड का उदभेदन करते हुए हत्या आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पुलिस को आरोपी पत्नी ने बताया कि वह कुसुम पेड़ के नीचे लाह चुन रही थी। सीताराम उसका पति विनोद गोप बुलेट से आया और उसके साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच पत्नी ने बगल से पत्थर उठाकर पति पर हमला कर दिया। जिसे घटनास्थल पर ही पति की मौत हो गई।

## पहलगाम हमला व मंत्री हफीजुल के बयान को लेकर भाजपा ने निकाला आक्रोशपूर्ण रैली

**राज्यपाल के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के द्वारा बुधवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष एवं निहत्थे पर्यटकों की निर्माण हत्या और झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान को लेकर जिला अध्यक्ष श्री विनय लाल के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। आक्रोश रैली में संप्रदाय के आधार पर नरसंहार बंद करो, पाकिस्तान मुदार्बाद, हिंदू नरसंहार बंद करो, हफिजुल हसन को बर्खास्त करो आदि नारे भाजपा के महिला व पुरूष कार्यकर्ताओं के द्वारा लगाई गई। यह आक्रोश रैली जुलूस में तब्दील होकर समाहरणालय पहुंची। जहां राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, एसटी मोर्चा के भिखारी भगत, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, राम अवतार भगत, निर्मल कुमार गोयल, सविन्द्र सिंह, विजय मिश्रा, सत्यनारायण पटेल, भूपेंद्र साहु, गोपाल प्रसाद केसरी, सुरेश सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरी किंडो, राम अवध साहू, शैल मिश्रा, पायल तिवारी, सुशील गोस्वामी, खुशमन नायक, कौशलेंद्र जमुआर, भिखेश्वर नागमणि, हरिहर कुमार, विजय मिश्रा, दिनेश चौधरी, विपिन सिंह, विकास सिंह, बबलू वर्मा, उज्जवल मिश्रा, संजय सिंह, सुबा अलबन तिग्गा, शंम्भू नायक, संतोष कुमार देवघरिया, करमपाल सिंह, प्रकाश नारायण सिंह, सीमा कुमारी, राम कौशल सिंह, सुशील गोस्वामी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी हमला व मजदूर नेता अशोक यादव के निधन के कारण चंदवा में धीरज साहू का कार्यक्रम स्थगित

# कांग्रेस, इंटक नेताओं एवं मजदूरों ने शोकसभा कर दी मृतकों को श्रद्धांजलि

- टोरी साइडिंग में मजदूरों के साथ बैठक व होटल मयूर इंटरनेशनल में आहूत थी जिला संगठन सृजन मंथन

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** पूर्व राज्य सभा सांसद, कांग्रेस के जिला प्रभारी सह छोटानागपुर वॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव धीरज साहू की मौजूदगी में चंदवा के टोरी स्थित हिंडालको बॉक्साइट अनलोडिंग स्टेशन टोरी में आयोजित बैठक एवं कांग्रेस कमिटी द्वारा स्थानीय होटल मयूर इंटरनेशनल होटल में आयोजित जिला संगठन सृजन मंथन 2025 कार्यक्रम को पहलगाम आतंकी हमले में 26 आमलोगों के नरसंहार के कारण राष्ट्रीय शोक एवं लोहरदगा मजदूर नेता सह पूर्व राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव के आकस्मिक निधन के कारण स्थगित कर दिया गया। टोरी साइडिंग में कार्यक्रम का मौके पर मौजूद धीरज साहू ने मजदूर नेता अशोक यादव के निधन पर एवं पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा किए कायराना हरकत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। मौजूद नेताओं एवं मजदूरों ने दो मिनट का शोकसभा आयोजित कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आज आप सभी मजदूरों के बीच बैठकर आपकी समस्याओं को सुनना था, लेकिन अचानक कुछ ऐसी दुःख की घड़ी आ गई है कि कार्यक्रम संक्षेप में करना पड़ रहा है, आगामी 30 तारीख को होने वाले मजदूरों का महाधिवेशन को भी अगली तिथि तक के लिए स्थापित कर दिया गया है। अब 7 जुलाई को कार्यक्रम आयोजित की जाएगी, जहां सभी मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा होगी। इस दौरान मजदूर नेताओं ने अपनी समस्याओं को भी रखा, जिस पर श्री साहू ने पहल का भरोसा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने की। इधर स्थानीय होटल मयूर इंटरनेशनल परिसर में भी कांग्रेस जिला कमेटी द्वारा आयोजित जिला संगठन सृजन कार्यक्रम 2025 को भी शोक के कारण संक्षिप्त कर दिया गया, यहां भी 2 मिनट का मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम के पश्चात श्री साहू लातेहार कांग्रेस के प्रखम जिला अध्यक्ष सुबोध सिंह के भाई प्रमोद सिंह के निधन पर उनके घर पहुंचे वहां भी शोक संवेदना प्रकट की, इसके पश्चात वे अशोक यादव के अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए निकल गए। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने की। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लाल अजय नाथ शाहदेव, कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुंजर उरांव, दरोगी यादव, रामयश पाठक, लखन जायसवाल, आफताब आलम, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, मो. अख्तर, मोती साहू, रीगन प्रसाद, आमिर हयात, हरिशंकर यादव, कुशेश्वर यादव, बाबर खान, मजदूर नेत्री रुकसाना बीवी, रवि डे, इस्तेखार खान, संजय राम, बारोईया खातून, बसंती देवी, रिजवान सत्येंद्र समेत काफी संख्या में मजदूर एवं कांग्रेसी नेता मौजूद थे।


जिला संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम में बोलते धीरज साहू।


शोक सभा में श्रद्धांजलि देते नेता व मजदूर।

## विद्यालय में मना कुंवर सिंह जयंती

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में वीर कुंवर सिंह जयंती धूम धाम से मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के उपप्रधानाचार्य विद्यानंद झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह सन् 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे। अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू कुंवर सिंह कुशल सेना नायक थे। उन्होंने 80 वर्ष की उम्र में भी आंग्रेजो के छक्के छुड़ाकर रखे थे। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में गायन प्रतियोगीता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के भैया-बहनों के साथ आचार्य-भगिनी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना संपूर्ण सहयोग दिया।

# बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाया

खबर मंत्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाबू वीर कुंवर सिंह जी के जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती, ओउम् एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में कक्षा 6 की छात्रा द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। मंच संचालन कक्षा अष्टम के छात्र आकाश कुमार द्वारा किया गया। अतिथि परिचय वीणा दीदी एवं विषय प्रवेश आचार्य लक्ष्मण राम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्रों को बाबू वीर कुंवर सिंह जी की जीवनी पर विस्तार से लक्ष्मी मंडल ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की बाबू वीर कुंवर सिंह जी देश के एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिनका जन्म 13 नवंबर 1777 को बिहार के भोजपुर जिले में हुआ था। उन्होंने बिहार में ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व किया था। उस समय उनका उम्र 80 वर्ष था। बाबू वीर कुंवर सिंह जी को बिहार का शेर भी कहा जाता है। बाबू वीर कुंवर सिंह ने कई कमांडरों को हराया और एक साल तक अंग्रेजों को परेशान किया। वीर कुंवर सिंह गोरिल्ला युद्ध में कुशल थे और उन्होंने अंग्रेजों को काफी परेशान किया। वे 1857 ई के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख नेता थे। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी के सम्मान में भारत सरकार ने एक डाक टिकट जारी किया और बिहार में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने उनके बारे में लिखा है कि उस बूढ़े राजपूत ने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध अद्भुत वीरता और आन- बान शान के साथ लड़ाई लड़ी। यह गनीमत थी कि युद्ध के समय बाबू वीर कुंवर सिंह की उम्र 80 वर्ष के करीब थी। अगर वह जवान होते तो शायद अंग्रेजों को 1857 में ही भारत छोड़ना पड़ता। इन्होंने 23 अप्रैल 1858 ई को जगदीशपुर के पास अंतिम लड़ाई लड़ी। ईस्ट इंडिया कंपनी के भाड़े के सैनिकों को इन्होंने पूरी तरह खदेड़ दिया। उस दिन बुरी तरह से घायल होने पर भी इस बहादुर सेनानी ने जगदीशपुर किले से यूनियन जैक नाम का झंडा उतार कर ही दम लिया था। 21 अप्रैल 1858 ई को बाबू वीर कुंवर सिंह शिवपुर घाट होकर गंगा पार कर रहे थे। उसी समय किसी अंग्रेज सैनिकों की गोली बाबू वीर कुंवर सिंह को दांय हाथ में लग गई तब उन्होंने अपने बाएं हाथ से तलवार खींच कर घायल दाहिने हाथों को खुद एक वार में केहूनी से काटकर गंगा में प्रवाहित कर 22 अप्रैल को अपने 2000 सैनिकों के साथ जगदीशपुर में प्रवेश किया। 26 अप्रैल 1858 ई को उन्होंने वीरगति पाई। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य शशि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में सभी आचार्य,दीदी एवं छात्र छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की समापन वंदे मातरम के साथ की गई।



## सीडीपीओ ने 81 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच मोबाइल सेट का किया वितरण



**गारू।** गारू प्रखंड मुख्यालय के महिला बाल विकास परियोजना के सभागार में सीओ सह सीडीपीओ दिनेश कुमार मिश्र द्वारा 81 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच मोबाइल सेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ श्री मिश्र ने कहा कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सात बजे निश्चित रूप से खुलना चाहिए, और बच्चों की उपस्थिति भी हो। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सेविकाओं को मोबाइल सेट मुहैया करा रही है। अब मोबाइल के द्वारा ही केंद्र का ससमय अद्यतन रिपोर्ट करेंगे। ये जवाब देही सभी सेविकाओं की है।इस अवसर पर प्रवेक्षिका श्वेता कुमारी, अल्जावेथ टोपनो, आंगनबाड़ी सेविका पुष्पा देवी, बिमला देवी, उर्मिला देवी, मीना देवी, आशा स्टेला तेलरा, टेरेसा मिंज, दयामनी मिंज, सवीना देवी समेत काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थीं।

## पोषण पखवाड़ा का हुआ समापन



**लातेहार।** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में 8 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा का बुधवार को समापन महाविद्यालय परिसर में किया गया। मौके पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के पूर्व कुल सचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक डॉ. विवेश चौबे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने पोषण पखवाड़ा में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के द्वारा किए गए कार्यों में संतोष व्यक्त किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं धन्यवाद सभी को दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. नरेश पांडे, प्रोफेसर सीमा एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खुलने की तैयारी

**बरवाडीह।** बरवाडीह में प्रस्तावित पीएम केंद्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन के लिए तैयार किए गए एटीपी स्कूल परिसर का बुधवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त डी.पी. पटेल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नोडल अधिकारी एवं सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला, प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, और जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विद्यालय के कक्षों, शौचालयों, फायर सेफ्टी ऑफिस सहित अन्य जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बरवाडीह में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हर हाल में इस वर्ष से शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय इस परियोजना को लेकर गंभीर है और इसकी लगातार समीक्षा कर रहा है। अस्थाई एटीपी भवन सभी मानकों पर खरा उतरा है, जिसकी जांच रिपोर्ट दिल्ली भेजी जा चुकी है। स्वीकृति मिलते ही एक माह के भीतर विद्यालय का संचालन शुरू कर दिया जाएगा, जिसमें इस शैक्षणिक सत्र के लिए ऑफलाइन नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। इसके साथ ही आयुक्त ने स्थायी विद्यालय भवन के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी विकास शुक्ला ने जानकारी दी कि रेलवे इस परियोजना को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि तमाम प्रक्रियाएं पूर्ण होते ही एक से दो माह के भीतर विद्यालय की शुरूआत हो जाएगी। जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि लंबे समय से स्थानीय अभिभावक केंद्रीय विद्यालय के खुलने का इंतजार कर रहे हैं। आयुक्त के नेतृत्व में हुआ निरीक्षण कार्यक्रम सकारात्मक रहा और इससे लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में चंदवा वासियों ने निकाली जनाक्रोश मार्च, फूंका पाक का पुतला

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** भारत का स्वीटजरलैंड कहे जाने वाले कश्मीर के अनंतनाग जिले अंतर्गत पहलगाम पर्यटन स्थल बैरसन वैली में मंगलवार की दोपहर हुए आतंकियों के कायराना हमले में 26 पर्यटकों के नरसंहार एवं 20 से ज्यादा लोगों के गोली लगने से घायल होने की घटना के बाद पूरे देश में उबाल है। घटना के बाद से चंदवा के लोगों में भी हमले के प्रति काफी रोष देखा जा रहा है। भाजपा, कांग्रेस, राजद, झामुमो समेत विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने घटना की कड़ी निंदा की है। झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि यह पाकिस्तान का कायराना करतूत है, सामने से ना आकर पीठ पीछे से वार करना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, अभी समय है पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंह तोड़ जवाब देने की। अगर बीच में पाकिस्तान के तरफ से कोई हस्तक्षेप किया जाता है, तो उसका भी माकूल जवाब दिया जाए। श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह से मांग करते हुए कहा कि खैरात की राजनीति बंद करते हुए पाकिस्तान से एक भीषण युद्ध किया जाए देश की जनता को खैरात नहीं सुरक्षा की आवश्यकता है। आतंकवादियों द्वारा नाम धर्म पूछ कर गोली मारना घोर अनैतिक एवं कायरता पूर्ण कार्रवाई है, ऐसे आतंकियों को पकड़ कर जेल में नहीं भेजते हुए चौराहे पर सीधा फांसी दे देनी चाहिए। इधर घटना के बाद बुधवार की देर शाम चंदवावासियों के द्वारा शहर में जनाक्रोश मार्च निकाली गई। जिसकी शुरूआत सुभाष चौक से हुई जो शहर भ्रमण करते हुए इंदिरा गांधी चौक पहुंची, जहां पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला भी फूंका गया। घटना के प्रति रोष प्रकट करते हुए लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से ईंट का जवाब पत्थर से देने की मांग की। कहा कि जब तक पाक परस्त आतंक का फन नहीं कुचला जायेगा तब तक देश में शांति नहीं आएगी। आगे कहा कि धर्म देखकर नर संहार करने वाले आतंकी चाहे जहां भी छिपे हो उनका संपूर्ण नाश किया जाए, ताकि दुबारा इस प्रकार की घटना न घटित हो। जनाक्रोश मार्च के मौके पर आदर्श रवि राज, दीपक निषाद, रिकी वर्मा, जयेश वरु, अंकित कुमार, आशीष गुप्ता, दारा सिंह, काशी ठाकुर, कुणाल खत्री, मोहनीश कुमार, सुरेश कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में चंदवावासी मौजूद थे।


आतंकी हमला के विरोध में जनाक्रोश मार्च निकालते लोग।

## बरवाडीह में विद्युत पोल गाड़ने का कार्य जोरों पर

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु पोल गाड़ने और केबलिंग का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से यह कार्य तेजी से चल रहा है। कंपनी द्वारा पुराने खुले तारों को हटाकर अब केबलिंग वायर बिछाई जा रही है, जिससे आने वाले समय में बिजली से जुड़ी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। इसी कड़ी में बुधवार को जब ट्रैक्टर की मदद से विद्युत पोल को खींचकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था, तब कुटमु चौक के समीप पीडब्लूडी विभाग द्वारा सड़क किनारे लगाई गई रेडियम लाइट को नुकसान पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक ने सतर्कता नहीं बरती, जिससे कई जगहों पर रेडियम लाइट टूट गई और कुछ स्थानों पर वह उखड़ भी गई। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि सड़क किनारे की सुरक्षा व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिए जो लाइटें लगाई गई थीं, उनका इस प्रकार से क्षतिग्रस्त होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं दूसरी ओर, संबंधित विभाग की ओर से अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित कंपनी द्वारा न केवल क्षतिग्रस्त लाइटों की मरम्मत करवाई जाए, बल्कि आगे से ऐसे कार्यों के दौरान सड़क सुरक्षा और संरचनाओं का ध्यान भी रखा जाए। प्रशासन से यह भी अपील की जा रही है कि कार्य की निगरानी हेतु स्थानीय अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## शत्रुघ्न प्रसाद ने पहलगाम घाटी में हुए घटना की निंदा की

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय कहा है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इस हमले की कड़ी निंदा करता है और शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि इस हमले के दोषियों को शीघ्र न्याय के दायरे में लाया जाए और जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। हमें उम्मीद है कि सरकार इस हमले के पीछे के मास्टरमाइंड को पकड़ने और उन्हें सजा दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। इस हमले में न केवल जम्मू कश्मीर के लोगों को प्रभावित किया है, बल्कि पूरे देश को भी झकझोर दिया है। हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने की आवश्यकता है। पहलगाम में इस घटना का निंदा और इस हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति शोक और परिजनों को दुख सहने की कामना करने वालों में ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, शंभू प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, मुनी प्रसाद गुप्ता, सत्येंद्र यादव, श्यामलाल प्रसाद, गोविंद प्रसाद सहित कई लोगों ने संवेदना व्यक्त किया।


जानकारी देते शत्रुघ्न प्रसाद।

## पड़हा स्वशासन व्यवस्था को लेकर बैठक

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत नचना पड़हा भवन परिसर मे बुधवार को प्रखंड स्तरीय परम्परिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था आदिवासीयों की सामाजिक, न्यायीक, धार्मिक परंमपरागत रुढ़ी प्रथा को लेकर तेतर उरांव की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। पूर्व निर्धारित तिथि के आधार पर बारियातू प्रखंड पड़हा समिति का पुनर्गठान करने का निर्णय लिया गया लेकिन नियमावाली पूर्ण नहीं हो पाने के करण पुनर्गठान नहीं हो पाया। बैठक मे संबंधित करते हुए जगदीश उराव ने कहा की हमारे पारम्परिक आदिवासीयत की रक्षा करने के लिए बारियातू प्रखंड मे सताईस पड़हा गठित है। सभी गांव-गांव के महतो, पाहन, ओहदार, कोटवार, दिवान पुजारियों की उपस्थित अनिर्वाय है। अनुज उरांव ने कहा की पांचवी अनुसूचित क्षेत्र मे भारतीय संविधान मे अनुच्छेद (13 क) के परमाप्रागत रुढ़ी प्रथा के तहत आदिवासी स्वशासन व्यवस्था चलाने की बात कहीं। वहीं गण पूर्ति नहीं होने के करण पूर्णगठन की तिथि 18 मई को प्रखण्ड स्तरीय पड़हा भवन नचना मे विधिवत चुनाव किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रुप से दिगम्बर टाना भगत, प्रमोद उरांव,नरेश उरांव, रामेश्वर उरांव, शिवा पाहन, शंकर उरांव, सुखदेव उरांव, प्रधान उरांव, महेद्र भगत, भुनेश्वर पाहन, बालेश्वर पाहन, विशेश्वर उरांव, कपलेश उरांव सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।



## दिवंगत सहायक अध्यापक बलराम यादव के परिवार को सहयोग राशि प्रदान की गई



**बरवाडीह।** बुधवार को सहायक अध्यापक संघ, प्रखंड इकाई बरवाडीह द्वारा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तेतरटोला में कार्यरत दिवंगत सहायक अध्यापक बलराम प्रसाद यादव के परिजनों से मिलकर उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में 45,500 रु की सहयोग राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि संघ के सदस्यों द्वारा आपसी सहयोग से जुटाई गई थी। ज्ञात हो कि बलराम प्रसाद यादव जी का निधन 22 जनवरी 2025 को ब्रेन हैमरेज के चलते तुमागड़ा अस्पताल में उपचार के दौरान हो गया था। उनके असमय निधन पर पूरे शिक्षक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई थी। सहायक अध्यापक संघ ने इस मौके पर सरकार की उदासीनता पर गहरी नाराजगी जाहिर की। प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान ने कहा कि लगातार 22 वर्षों से सहायक अध्यापक राज्य के नौनिहालों का भविष्य संवार रहे हैं, लेकिन आपदा की घड़ी में उन्हें या उनके परिजनों को किसी प्रकार की सरकारी सुविधा नहीं मिल रही है। वहीं, प्रदेश महासचिव बबलू सिंह ने सरकार से दिवंगत शिक्षक के परिजन को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी और सात लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द कोई ठोस नीति बनानी चाहिए जिससे इन कर्मठ शिक्षकों के परिवार बेसहारा न हों। इस अवसर पर प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिंहा, अनिल सिंह, कुमार सौरव, अमित कुमार, बालेश्वर यादव, हरिशंकर यादव, राजदेव यादव, विजय प्रसाद, दिनेश कुमार, बलराम सिंह, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, लाल बिहारी यादव, शशिकांत मंडल, राकेश कुमार समेत अनेक सहायक अध्यापक उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर दिवंगत शिक्षक के परिवार को संबल प्रदान किया और न्याय की मांग की।

# लातेहार डीसी ने समस्याओं के निदान के लिए जारी किया नंबर

- कोई भी ग्रामीण कहीं से भी व्हाटसएप नंबर पर दर्ज करा सकते हैं अपनी शिकायत
- शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई और शिकायतों की वर्तमान स्थिति क्या है इसकी सूचना भी जिला प्रशासन की ओर से शिकायतकर्ता को पहुंचाई जाएगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जनशिकायत निवारण की दिशा में लातेहार जिला प्रशासन ने शानदार पहल की है। अब यहां ग्रामीण घर बैठे किसी भी तरह की शिकायत आनलाइन जिला प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं। शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई और शिकायतों की वर्तमान स्थिति क्या है इसकी सूचना भी जिला प्रशासन की ओर से शिकायतकर्ता को पहुंचाई जाएगी। जनशिकायत निवारण की दिशा में यह कारगर प्रयोग लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने किया है। इस प्रयोग की सूचना मात्र से ही ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बन गया है।

### पारदर्शी व्यवस्था बनाने की दिशा में कदम



लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की ओर से अपनी पदस्थापना के बाद से सारी गतिविधियों को पारदर्शी बनाने की दिशा में हरसंभव कवायद की जा रही है। परंपरा के अनुसार सप्ताहिक जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याएं स्वयं सुनते हैं और उसका निदान भी करते हैं। जनता दरबार में सुदूर इलाकों से आने वाले ग्रामीणों की परेशानियों को मद्देनजर आनलाइन जनशिकायत निवारण कार्यक्रम शुरू किया है। उपायुक्त ने बताया कि लातेहार जिला प्रशासन की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि जनशिकायत निवारण कार्यक्रम के जरिये ग्रामीणों की समस्याओं पर एक्शन हो। ग्रामीण अपनी शिकायतों पर चल रही प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत हो सकें इसी दिशा में यह आनलाइन शिकायत निवारण कार्यक्रम शुरू किया गया है इसके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे।

#### व्हाटसएप पर मैसेज से दर्ज होगी शिकायत

जिला प्रशासन की ओर से एक व्हाटसएप नंबर 6287399707 जारी किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि कोई भी ग्रामीण कहीं से भी व्हाटसएप नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। व्हाटसएप नंबर पर शिकायत लिखकर आपको मैसेज करना है मैसेज करते ही आपको तुरंत रिप्लाई मिलेगी।

#### ऐसे कार्य करेगा जनशिकायत निवारण

इस अनूठे प्रयोग के जरिये ग्रामीणों की शिकायत सीधे वरीय अधिकारियों तक आएगी और उसका त्वरित निदान किया जाएगा। ग्रामीणों के द्वारा मैसेज के जरिये शिकायत दर्ज कराने के बाद उसका निदान करने के लिए त्वरित पहल करते हुए संबंधित पदाधिकारी के बाद उसे अग्रसारित किया जाएगा और इसकी सूचना शिकायतकर्ता को दी जाएगी। साथ ही लगातार उस शिकायत की ताजा स्थिति क्या है और उस पर कौन पदाधिकारी क्या कर रहे हैं उसकी हर गतिविधि की जानकारी शिकायत कर्ता को आनलाइन दी जाएगी।

## मनरेगा कार्यों में रूकावट मुखिया की नाराजगी

**बरवाडीह।** बेतला पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने दो ढाई माह के भीतर लगातार रोजगार सेवकों के स्थानांतरण से प्रभावित विकास कार्यों के लिए नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए नियुक्त रोजगार सेवक मनोज चंद्रवंशी के तबादले के बाद औरंगजेब खां आए, पर उन्हें भी शीघ्र ही केड़ पंचायत भेज दिया गया। केड़ पंचायत की मुखिया अनिता देवी ने बताया कि 12 फरवरी को आलम अंसारी ने वहां कार्यभार संभाला था, लेकिन मात्र दो माह बाद ही उन्हें कुचिला पंचायत में भेज दिया गया। इतनी बार फेरबदल से ग्राम स्तर पर योजनाओं की ग्राउंड पर कार्रवाई ठप हो रही है तथा भुगतान और सामग्री आपूर्ति में देरी हो रही है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह की मनाई गई जयंती



**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को भारत देश के इतिहास के महानतम योद्धाओं में एक अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी वीर कुंवर सिंह जी की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, विद्यालय के प्रभारी आचार्य सुरेश ठाकुर एवं विद्यालय जयंती प्रमुख फूलचंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता एवं वीर कुंवर सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। जयंती प्रमुख फूलचंद सिंह एवं आचार्या रेनू गुप्ता ने अपनी कविता के माध्यम से वीर कुंवर सिंह जी की जीवनी एवं वीरता को बताया। विद्यालय के प्रभारी आचार्य सुरेश ठाकुर ने भैया बहनों को वीर कुंवर सिंह जी की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने बताया कि वीर कुंवर सिंह अमर स्वतंत्रता सेनानी थे उन्होंने 80 वर्ष की अवस्था में भी अंग्रेजों के साथ युद्ध करते हुए अपनी जन्म भूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया। उनके शौर्य एवं पराक्रम की गाथा हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं।

# दुमका : वक्फ कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरे अल्पसंख्यक समाज, किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सीएम से मांग, झारखंड में लागू न करें वक्फ संशोधन कानून : सांसद नलिन सोरेन**



विरोध प्रदर्शन में शामिल झामुमो से दुमका सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि इस देश को आजाद करने में सभी जाति-धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बावजूद केंद्र सरकार अपनी मनमानी कर रही है। सांसद ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन से यह मांग करते हैं कि वे इस राज्य में लागू नहीं करें। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को कांग्रेस पार्टी का भी समर्थन मिला।

**दुमका।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में अल्पसंख्यक समाज के लोग सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। अल्पसंख्यक समाज में लोग बुधवार को आउटडोर स्टेडियम में एकत्रित हुए। जहां से रैली निकाली गई। रैली शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए पुराना समाहरणालय परिसर पहुंच सभा में तब्दील हो गई।

मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुस सलाम ने संशोधन बिल को काला कानून बताते हुए कहा कि यह अल्पसंख्यक समाज को कमजोर करने की साजिश है। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जब से मोदी सरकार केंद्र में आई है। मुस्लिम समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। चाहे वह तीन तलाक का मामला हो या फिर अभी वक्फ संशोधन कानून, उनका उद्देश्य हमें नीचा दिखाना है। पूर्वजों की दान की हुई संपत्ति पर समाज कई तरह का निर्माण कराता है। इसमें दूसरे का कोई हक नहीं है। दूसरे को हक देने के लिए केंद्र सरकार ने कानून लाया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर दोयम दर्जे का व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

# सीसीएल जारंगडीह कोलियरी अस्पताल खुद है बीमार, नर्स व बुनियादी सुविधाओ का घोर अभाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**महाप्रबंधक से अस्पताल में बेहतर व्यवस्था की मांग**



**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र का जारंगडीह कोलियरी अस्पताल अब एक ऐसा अस्पताल बन गया है जहां एक भी नर्स नहीं है और अस्पताल महज शोभा की वस्तु बना हुआ है।

दुसरे शब्दों में कहें तो जारंगडीह अस्पताल आज खुद बीमार अवस्था में पड़ा हुआ है। यह हम नहीं बल्कि अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था का घोर अभाव की स्थिति बंया कर रही है (यह?) अस्पताल बीते एक दशक पूर्व वरदान साबित हुआ करती थी जो अब मात्र शोभा की वस्तु बना हुआ। फिलहाल अस्पताल में एक मात्र डाक्टर पदस्थापित है जो हड्डी स्पेशलिस्ट है जबकि यहां जेनरल फिजिशियन की मांग वर्षों से विभिन्न श्रमिक ट्रेड यूनियन के नेताओं द्वारा समय समय पर उठाया जाता रहा है। जबकि अस्पताल की मौजूदा स्थिति यह है कि यहां एक भी नर्स नहीं है। नर्स के अभाव में इंजेक्शन के लिए भी लोगों को कथारा क्षेत्रीय अस्पताल ही जाना एक मात्र विकल्प है। ऐसी विकट परिस्थितियों को देख बेरमो विधायक के निर्देश पर बेरमो विधायक प्रतिनिधि सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्रीय सुचिव ने उक्त ज्वलंत समस्याओं को सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार के समक्ष रखा और अस्पताल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की मांग किया। ताकि जारंगडीह परियोजना के ईद गिर्द बसे लोगों स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े। वहीं स्थानीय ग्रामीणों में सीसीएल कर्मी अनंत कुमार व दीपमाला देवी ने भी कथारा महाप्रबंधक से उम्मीद लगा रखी है कि उनके पहल से अब जारंगडीह वासियों को फिर एक बार स्वास्थ्य सम्बन्धी बेहतर सुविधाएं जारंगडीह अस्पताल में उपलब्ध होगी।

## एक नजर में

### बाल संरक्षण समिति एवं बच्चों को क्षमतावर्धन बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



गोड्डा। बोआरीजोर प्रखंड के सभागार भवन में बाल संरक्षण समिति एवं बच्चों को क्षमतावर्धन बनाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख जशीनता हेंब्रम ने किया। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रमुख ने बताया कि साथी संस्था के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। क्षेत्र से पलायन रोकना एवं बच्चों में क्षमता वर्धन बढ़ाने के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा, यह अत्यंत सुंदर प्रखंड है और यहां के लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन हुआ है, इसे सक्रिय करना आवश्यक है। स्कूल में प्रार्थना के बाद बच्चों को उनके अधिकार एवं दायित्व के बारे में जानकारी देनी चाहिए। बाल संरक्षण समिति की बैठक प्रत्येक तीन महीने में प्रखंड कार्यालय में होना चाहिए। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र से लोग पलायन करते है, इसे रोकना आवश्यक है। जितने भी व्यक्ति पलायन करते हैं, उसका पंजीकरण होना आवश्यक है। इससे पलायन व्यक्ति को सरकारी लाभ दिलाने में मदद मिलेगी। मजदूर को श्रम कार्ड बनाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई भी घटना होती है तो सरकारी मुआवजा राशि देने में आसानी होगी। वहीं बताया गया कि अनैतिक कार्यों बाल तस्करी, बाल अपराध, बाल यौन शोषण, बाल विवाह रोकने के लिए गांव में जागरूकता आवश्यक है। वहीं मुखिया मनोज मरांडी ने कहा कि पहाड़िया गांव में पलायन, बाल तस्करी अत्यधिक होती है। पहाड़िया ग्रामीण को जागरूक करना अति आवश्यक है। वहीं कार्यक्रम में मंच का संचालन पिंकी बास्की ने किया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर बीपीओ रमेश कुमार, सीडीपीएस किशोर झा, लॉस मुर्मू, गौरव पाल, चंद्र महादेव, नीरज, तुखी, मीनू आदि उपस्थित थे।

### गोड्डा पुलिस ने व्यापारियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



गोड्डा। नगर क्षेत्र में बुधवार को गोड्डा पुलिस ने व्यापारियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में किया गया जहां चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यगण मौजूद थे। इस दौरान गोड्डा पुलिस और चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यगण द्वारा दुकानदारों को साइबर अपराध से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने पेट्रोल के तर्ज पर भी लोगों को जागरूक किया गया। वहीं मौके पर सदर एसडीपीओ ने दुकानदारों को साइबर क्राइम से जुड़ी जानकारी दी साथ ही सभी दुकानों के आगे पोस्टर भी चिपकाया गया। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने दुकानदारों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर आपके साथ किसी भी तरह की साइबर फ्रॉड या धोखाधड़ी होती है, तो इसकी शिकायत भारत सरकार द्वारा जारी शिकायत नंबर 130 पर अवश्य रूप से शिकायत करें। उन्होंने लोगों से नेट पर कस्टमर केयर नंबर सर्च न करने की सलाह दी। साइबर फ्रॉड पर कभी विश्वास न करें तथा किसी भी प्रकार का साइबर प्रलोभन में फंसने पर आपके एकाउंट को हैक कर लिया जाता है। इसलिए साइबर प्रलोभन में कभी न फंसे। किसी भी अनजान नंबर या किसी भी व्यक्ति को अपनी निजी खाता संबंधित ओटीपी, फोन ओटीपी इत्यादि जानकारी शेयर न करें। इस मौके पर नगर थाना प्रभारी दिनेश महली सहित चैंबर ऑफ कॉमर्स के कई सदस्यगण मौजूद रहे।

### ढ़ोरी में कोयला खान भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक सह पेंशन अदालत का आयोजन



बेरमो। कोयला खान भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक सह पेंशन अदालत का आयोजन बुधवार को ढोरी जीएम कॉलोनी स्थित सीसीएल के ऑफिसर्स क्लब में हुआ। इसका उद्देश्य सीसीएल ढ़ोरी प्रक्षेत्र से संबंधित सीएमपीएफ और पेंशन संबंधित मामलों का ऑन-दि-स्पॉट का निपटारा करना था। इसमें मुख्य रूप से सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक रंजय सिंहा, सीएमपीएफ केअसिस्टेंट कमीशनर राजेश कुमार, जीएम पेंशन आरआर शर्मा, चीफ मैनेजर एसके चौबे, मैनेजर मो शफीक, सेक्शन अफिसर ज्ञान रंजन, सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट मो कमरुल हुसैन, विवेक वर्मा आदि उपस्थित थे। यहां बैठक को संबोधित करते हुए जेसीसी सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पेंशन व सीएमपीएफ को लेकर कई लोग परेशान हैं। कागजातों में जरा सी त्रुटी होने पर मामला उलझ कर रह जाता है, जबकि इसे विभाग चंद मिनटों में दुरूस्त कर सकता है। जमसं ढ़ोरी क्षेत्रीय सचिव विकास कुमार सिंह ने कहा कि इसी उदेश्य से यहां पेंशन अदालत लगाई गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का ऑन-दि-स्पॉट निराकरण हो सके। आगे अदालत में सीएमपीएफ और पेंशन से जुडे कुल 30 मामले आए, इनमें से 20 मामलों का निष्पादन ऑन-द-स्पॉट हुआ। पेंशन अदालत में यूनियन नेता धीरज पाण्डेय, विनय कुमार सिंह, जवाहरलाल यादव, कुंज बिहारी प्रसाद, रविंद्र साहनी आदि उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में पेंशन विभाग के मैनेजर विवेक कुमार, एसओपी माला कुमारी, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, अभिषेक सिंहा, मो तौकीर आलम, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, सहायक कार्मिक प्रबंधक शालिनी यादव, आस्था मैडम, प्रशांत, रणवीर सिंह, अरूण आदि ने योगदान दिया।

### आंतरिक संसाधनों से हॉट स्ट्रिप मिल के क्रेन संख्या 17 का नवीनीकरण



बोकारो। बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल के नवीनीकृत क्रेन संख्या 17 का उद्घाटन अधिशासी निदेशक संकार्य सीआर महापात्रा द्वारा मुख्य महाप्रबंधक मैकेनिकल प्रकाश कुमार तिवारी एवं हॉट स्ट्रिप मिल के मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह के साथ वरीय अधिकारियों एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति में किया गया। सीजीएम हॉट स्ट्रिप मिल विपिन कुमार सिंह के नेतृत्व यांत्रिकी अनुभाग के जीएम प्रभारी एसएन भगत के दिशा निर्देशन में क्रेन 17 के 110 टन क्षमता वाले पुराने एवं क्षतिग्रस्त टोंग का जीर्णोद्धार किया गया। क्रेन 17 के क्षतिग्रस्त टोंग की मरम्मत एवं नवीनीकरण की जिम्मेदारी एससी महापात्रा के नेतृत्व में एजीएम एस के रॉय वरीय प्रबंधक एसएस यादव और क्रेन अनुभाग के कर्मियों ने उठाई जिसे उन्होंने रिकॉर्ड समय में पूरा किया। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूर्ण करने में हॉट स्ट्रिप मिल के जीएम एसके सेन ने न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया बल्कि तकनीकी सलाह भी प्रदान की। सामान्य अनुरक्षण विभाग के जीएम एनके बेहरा तथा राजेश यादव की टीम के द्वारा मात्र 16 घंटे में इसे स्थापित कर एक नया कीर्तिमान बनाया गया है। ईडी संकार्य श्री महापात्रा ने इस कार्य से सम्बंधित सभी विभागों तथा कार्मिकों के प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के अभिनव पहल करने की अपील की।

### समाहरणालय परिसर में रेडक्रास द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



बोकारो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाहरणालय परिसर में डीपीएलआर निदेशक मेनका ने फिता काटकर किया। मौके पर डीटीओ वंदना शेजवलकर डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह रेड क्रॉस के चिकित्सक व टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे। शिविर में कई अधिकारियों व कर्मियों ने रक्तदान किया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान कर हम एक- दूसरे की जान बचाते है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से जहां दूसरे की मदद होती है वहीं खुद के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी नहीं होती हैं। स्वस्थ मनुष्य को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आम जनों से भी आयोजित शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने का अपील किया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार अप्रैल- मई- जून व जुलाई माह तक अंतराल वार अलग- अलग स्थानों पर रेड क्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त रक्तदान शिविर में कुल 30 यूनिट रक्तदान किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने करवाई श्मशान घाट की सफाई



बोकारो। बोकारो के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनिल कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार डालसा के कर्मचारी व पीएलवी एवं नगर निगम चास के सहयोग से गरगा स्थित श्मशान घाट की साफ-सफाई की गई। यह अपने आप में एक अनोखी पहल थी क्योंकि आमतौर पर श्मशान घाट जैसे स्थल उपेक्षित ही रहते हैं और ऐसे स्थलों के आसपास प्रायः गंदगी का अंबार लगा रहता है। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव अनुज कुमार ने दी।

### मोतिया थाना प्रभारी ने यातायात नियमों का पालन करने का मंत्र बच्चों को दिया



गोड्डा। मोतिया ओपी अंतर्गत शेफाली आई टी आई कॉलेज सिकटिया में छात्र व छात्राओं के बिच यातायात नियमो के पालन करने हेतु बुधवार को जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमो का पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर मोतिया ओपी थाना प्रभारी महावीर पंडित ने युवाओं को संबोधित करते हुए यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि खुद की सुरक्षा के साथ राह पर चलने वाले राहगीरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### एसवीएम 3सी में वीर कुंवर सिंह को याद किया गया



बोकारो। सरस्वती विद्या मंदिर 3सी में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य द्वारा वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर की गयी। प्रधानाचार्य संजीव कुमार जी ने कहा कि वीर कुंवर सिंह एक कुशल योद्धा तथा कुशल राजनीतिज्ञ थे। कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवर सिंह का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान था। युद्ध कला में पूरी तरह कुशल थे-विशेष कर छापामार युद्ध करने में उन्हें महारथ हासिल थी। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत के साथ लोहा तो लिया ही, उसके बावजूद अनेक सामाजिक कार्य भी किये थे। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। जीवन में सफलता प्राप्त करने और अग्रसर होने के लिए संबोधन के क्रम में भैया बहनों को महापुरुषों की जयंती मनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### चिन्मय के सौरभ राजेंदु को यूपीएससी में मिला 199 वां रैंक

बोकारो। यूपीएससी परीक्षा में चिन्मय विद्यालय के छात्र सौरभ राजेंदु को 199 रैंक (सामान्य वर्ग) श्रेणी में मिला है। सौरभ विनम्र आध्यात्मिक व प्रतिभा के धनी छात्र रहे हैं। सौरभ नर्सरी से ही चिन्मय विद्यालय के नियमित छात्र रहे हैं। 2018 में उन्होंने आईआईटी बीएचयु से कंप्यूटर साइंस में अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद लगातार 2 वर्ष तक डीवीशॉ में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी की।

# नक्सली सरेंडर करे, अन्यथा मारे जायेंगे: डीजीपी

**अनुराग गुप्ता ने कहा, परंतु समझाने के बाद भी नहीं मानेंगे तो उनका भी वही हस्र होगा जो 21 अप्रैल को 8 नक्सलियों का हुआ है**

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो/ललपनिया।** टीटीपीएस ललपनिया शयमली गेस्ट हाउस में झारखंड राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बोकारो जिला में उन्मूलन डाकाबेड़ा के सफल संचालन के उपलक्ष्य में बुधवार को एक सम्मान समारोह आयोजित कर कई पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। डीजीपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नक्सली सीधे सरेंडर करे, अब उनके पास वार्ता की कोई जगह नहीं है। अन्यथा मारे जाएंगे। उन्होंने बीते 21 अप्रैल को ऑपरेशन डाका बेडा के तहत आठ नक्सलियों को मार कर गिराने वाले जांबाज कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस जवानों को बधाई दी, जिन्होंने करोड़ों रुपये की इनामी नक्सलियों का सफाया किया है। इन नक्सलियों पर कई थाना में मामला दर्ज है। उन्होंने कहा कि जो बचे हुए नक्सली हैं, उन्हें मैं कहना और हिदायत देना चाहता हूं कि राज्य का जो सरेंडर पॉलिसी है, उसे अपनाते हुए शांति के मार्ग पर लौट आये, अन्यथा मारे जाएंगे। सरकार की अच्छी एवं सूंदर पॉलिसी है। जो सरेंडर करेंगे उसे ओपन जेल में रखेंगे। उन्हें पैसा देंगे और उनके बच्चों को पढ़ाई लिखाई कराएंगे। उनकी कानूनी लड़ाई लड़ने में मदद भी करेंगे। परंतु समझाने के बाद भी नहीं मानेंगे तो उनका भी वही हस्र होगा जो 21 अप्रैल को 8 नक्सलियों का हुआ है। जो भी हिंसा के रास्ते पर हैं वे जल्दी लौट मुख्य धारा में आवे नहीं तो उनके लिए कोई जगह नहीं है। आज हमारे पास जो इंटेलिजेंस है, वह इतनी मजबूत है कि हमे सब कुछ पता है कि उनके लिए कौन खाना बनाता और लाता है, कौन दवाई लाता है, उसकी पूरी जानकारी है। कौन उसका दोस्त है, वह भी पता है। नक्सली कहां रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या प्लानिंग करते है, कहां सोते हैं सभी बातो की जानकारी हमे है। इसलिए उनके लिए चेतावनी है कि गोली खाने से अच्छा है कि, वे सरकार की शांति व सरेंडर पॉलिसी अपनाए और उसका फायदा उठाकर मुख्य धारा में लौट आएं। उन्होंने कहा कि नक्सलियों का सबसे बड़ा दुश्मन जो झारखंड और कोबरा पुलिस है, वो काफी मजबूत है। कहा नक्सलियों के सामने एक पहाड़ के समान है। उनसे टकराना नक्सलियों के बस की बात नहीं है। इसलिए बेहतर है कि जान बचाने के लिए सरकार के समक्ष सरेंडर करे, अन्यथा सभी मारे जाएंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुठ भेड़ के समय एक दो नक्सली की गिरफ्तारी भी हुई है, उनसे पूछताछ चल रही है। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साकेत कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) संजय आनन्द लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर-एस माइकल राज, पुलिस उपमहानिरीक्षक-सुरेंद्र कुमार झा, बोकारो पुलिस कप्तान मनोज स्वर्गियारी, बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, गोमिया बीडीओ महादेव महतो, सीओ आफताब आलम, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ कोबरा बटालियन सहित गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, थाना ललपनिया प्रभारी शशि शेखर, महुआटांड़ थाना प्रभारी रंजीत यादव जागेश्वर बिहार थाना प्रभारी कांति बिलश अभिनाश पेटरबार थाना प्रभारी राजु मुंडा पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल कुमार लिंडा सहित कई थाना के पुलिस पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे एसकेएमयू के डॉ धन्नजय मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में राज्य के चार उत्कृष्ट कार्य करने वाले का चयन हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित है। सम्मेलन में राज्य से चार उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल अधिकारी, कोर्डिनेटर और कार्यक्रम पदाधिकारी का चयन हुआ है। जिसमें सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ धनंजय कुमार मिश्र का चयन समन्वयक श्रेणी में हुआ है। नोडल अधिकारी के रुप में रांची एवं कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में धनबाद और जमशेदपुर से चयन है। राष्ट्रीय सेवा योजना के गत वर्ष की गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण और आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए सभी राज्यों से प्रतिनिधि दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में उपस्थित होंगे। संबंधित पत्र एसकेएमयू प्रशासन को प्राप्त हुआ है। एनएसएस प्रकोष्ठ एसकेएमयू के द्वारा सतत सफलतापूर्वक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्त दान शिविर, युवा संसद कार्यक्रम, पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण, दिपावली स्वच्छता अभियान, संविधान दिवस यात्रा, योग दिवस कार्यक्रम, विशेष शिविर, राष्ट्रीय एकता दिवस, एनएसएस डे आदि आयोजित करना राष्ट्रीय सम्मेलन में चयन का आधार रहा। इस अवसर पर एसकेएमयू के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के सहयोग राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ को प्राप्त होता रहा है। संप्रति विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र के छह जिलों में 54 इकाई कार्यरत है। इस सम्मेलन के बाद और भी गुणवत्ता पूर्ण सुधार की सम्भावना है।

## बेरमो : सीसीएल कर्मी की मौत के बाद फर्जी तरीके से दूसरी महिला पत्नी बन निकाली एलआइसी की राशि

**मृतक सीसीएल कर्मी की पत्नी आज भी राशि के लिए दर दर भटकने को मजबूर**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** इन दिनों एक ऐसा मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जिस पर विश्वास करना काफी कठिन है मगर मामला की सत्यता को उस समय बल मिला जब पीड़िता स्वंय मिडिया के सामने आकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता शिला देवी के अनुसार उनका पति दिलिप कुमार कारो परियोजना के भूमिगत खदान में कोलकटर था जिनका देहांत 14 सितंबर 2015 मे हो गई। जबकि ये लोग मुलतः गिरिडीह के बनियाडीह एकदोनी का निवासी है जहां आज भी महिला अपने बच्चों के साथ रहती हैं जबकि पति यहीं रहकर कार्य करता था। महिला के अनुसार पति के निधन के बाद जब वह अपने देवर टिंकू महली के साथ फुसरो स्थित एलआईसी आफिस अपने पति के एलआईसी की राशि का क्लेम करने पहुची तो वहां एक महिला जिसका नाम सावित्री देवी फर्जी कागजातों के दमपर राशि निकासी का आवेदन दे रखी थी। पीड़ित महिला का दावा है कि वह ही मृतक सीसीएल कर्मी दिलिप कुमार की पत्नी है और उपरोक्त महिला खुद को शिला देवी और मृतक की पत्नी बता एलआईसी क्लेम कि थी जबकि उसके आधार कार्ड मे स्पष्ट है कि उसका नाम सावित्री देवी है और उसके पति का नाम विजय मरिक है। महिला के अनुसार एलआईसी आफिस से उसे कहा गया कि आप न्यायालय जाये और वहां से सकशेसन सर्टिफिकेट लेकर आये उसके बाद ही आपका पेमेंट हो पायेगा। महिला के अनुसार वे न्यायालय के शरण में पहुची जहां उसने सकशेसन सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया। मगर जब तक न्यायालय से मुझे सकशेसन सर्टिफिकेट मिला उससे पहले 2023 मे ही एलआईसी द्वारा सावित्री देवी को शिला देवी बताकर मृतक दिलिप कुमार की एलआईसी की 6 लाख 80 हजार का भुगतान कर दिया और जब मै न्यायालय का आदेश लेकर एलआईसी कार्यालय पहुची तो भुगतान हो जाने की बात कह बैरंग लौटा दिया गया।

महिला शिला देवी के अनुसार उनके पति के एलआईसी एजेंट का नाम दिनेश ठाकुर है जिनके द्वारा ही उनके पति का लाइफ इंश्योरेंस किया गया था। उनके अनुसार इस मामले में उन्होंने ने एजेंट से भी मदद मांगी मगर कुछ नहीं हुआ। पीड़ित महिला ने फर्जी तरीके से राशि की निकासी में एजेंट की संलिप्त पर भी सवाल उठाया है। वहीं एलआईसी एजेंट दिनेश ठाकुर के मोबाइल नंबर 790338976 पर दो बार फोन किया गया मगर उन्होंने फोन नही उठाया जिस कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका। अब सवाल उठता है कि पीडित महिला को न्याय कैसे मिलेगा।

## गोड्डा : श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश शोभा यात्रा, विधि-विधान से शुरू हुई पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पंजराडीह पंचायत के पंजराडीह गांव से मां काली मंदिर परिसर से श्रीश्री 108 श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन को लेकर ढोल-नगाड़े, हाथी-घोड़े व गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। उक्त यात्रा मां काली मंदिर परिसर का परिक्रमा करते हुए नावाडीह, जतरा मोड़, रतनचक, दालंग, मुकेरिचक होते हुए बनियाडीह नदी पहुंची। जहां यजमान विनय यादव व उनकी धर्मपत्नी बुल्लू कुमारी द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ संकल्प कर कलश में जल भरा गया और पुनः यात्रा नदी परिसर से सड़क मार्च होते हुए बनियाडीह गांव पहुंचकर मां दुर्गा मंदिर परिसर का परिक्रमा कर कथा मंडली लाया गया। कलश यात्रा में 1501 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। जगह-जगह यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शरबत-पानी की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही थी। यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान नवयुवक संघ के अध्यक्ष कुणाल सिंह, हृदय नारायण, रेणु देवी, बुलो देवी, गुड़िया देवी, अशोक यादव, सुग्रीम यादव, डोली देवी, मनोज यादव, राकेश कुमार, पप्पू यादव, सुमन कुमार, चुनचुन यादव, मिथिलेश कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। शाम के छह बजे से इसी परिसर में शांति कुटिया प्रमोद वन अयोध्या से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक धनंजय वैष्णो जी महाराज के अमृतवाणी से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इधर कलश यात्रा को सफल बनाने को लेकर थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह द्वारा विधि-व्यवस्था कायम रखने हेतु बलों की तैनाती थी।

## बोकारो स्टील प्लांट के यूटिलिटीज विभाग में सुझाव मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के यूटिलिटीज विभाग तथा औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सुझाव मेला का उद्घाटन सीजीएम यूटिलिटीज संजीव रंजन सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को संगठनात्मक सुधार हेतु नवीन विचारों और रचनात्मक सुझावों के लिए प्रेरित करना था। औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के जीएम हिमांशु गुप्ता एवं वरीय प्रबंधक प्रीति प्रिया ने सुझाव मेला में समन्वयक की भूमिका निभाई। सुझाव मेला में कुल 200 से ज्यादा सुझाव प्राप्त हुए जिनमें से 20 सुझावों को व्यावहारिकता और प्रभाव के आधार पर चयनित किया गया। श्रेष्ठ सुझाव देने वाले कर्मचारियों को प्रमाण पत्र और सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। सीजीएम संजीव रंजन सिंह ने सुझाव मेला आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए प्लांट की समृद्धि के लिए कर्मचारियों को सुझाव मेला में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने और रचनात्मक सुझाव देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संयंत्र की बेहतरी के लिए प्रत्येक कार्मिक का रचनात्मक सुझाव जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन अमन कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

# दुनिया के शीर्ष नेताओं ने की आतंकी हमले की निंदा

## अमेरिका आतंक की लड़ाई में भारत के साथ : ट्रंप

एजेंसी

- पहलगाम में बर्बर आतंकी हमले से दुखी हूं : नेतन्याहू
- यूरोपीय संघ ने कहा, भारत की इच्छा शक्ति अटूट
- मुश्किल घड़ी में भारत के साथ खड़ा है जर्मनी
- कश्मीर में आतंका हमला बेहद भयावह : ब्रिटेन
- सऊदी अरब ने कहा, यह आपराधिक कृत्य
- ईरान ने की हमले की निंदा

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की दुनिया भर के शीर्ष नेताओं ने निंदा करते हुए भारत के साथ एकजुटता की प्रतिबद्धता दोहराई है। इस समय अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार के साथ भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वेंस ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि ऊषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में हम इस देश और यहां के लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हो गए हैं। इस भयानक हमले में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आतंक की इस लड़ाई में अमेरिका भारत के साथ खड़ा है। हम मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों को हमारा पूर्ण समर्थन है और गहरी सहानुभूति है। इसके अलावा ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर भी बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर पीड़ितों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई। ट्रंप ने इस जघन्य हमले के दोषियों को इंसाफ के कटघरे में लाने के लिए भारत के प्रति पूरा समर्थन व्यक्त किया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे बर्बर हमला बताया है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने की बात कही है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मेरे दोस्त नरेन्द्र मोदी, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बर्बर आतंकी हमले से मैं गहरे तौर पर दुखी हूं, जिसमें दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थना पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इजराइल भारत के साथ खड़ा है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसे घृणित आतंकवादी हमला बताया और कहा कि भारत की इच्छा शक्ति अटूट है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पहलगाम में घृणित आतंकवादी हमले ने कई निर्दोष जानें ले लीं। नरेन्द्र मोदी और शोक मना रहे हर भारतीयों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मुझे पता है कि भारत की इच्छा शक्ति अटूट है। आप इस मुश्किल घड़ी में मजबूती के खड़े रहेंगे और यूरोप आपके साथ खड़ा है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने इस हमले को बर्बर बताते हुए इसकी निंदा की है। एक्स पर लिखे संदेश में मंत्रालय ने कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में जर्मनी भारत के साथ खड़ा है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने एक्स पर लिखा कि कश्मीर में हुआ भयानक आतंकवादी हमला बेहद भयावह है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इसे 'आतंकवादी हमला' बताया और इसकी कड़ी निंदा की। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भयानक हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। यूएई ने भी बयान जारी कर इसे आपराधिक कृत्य बताया और कड़ी निंदा की। यूएई के विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार और इस जघन्य हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की।

नई दिल्ली में ईरान के दूतावास ने एक्स पर बयान जारी कर हमले की कड़ी निंदा की है। बयान के अनुसार, नई दिल्ली में स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का दूतावास जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है, जिसमें कई निर्दोष लोग मारे गए हैं और घायल हुए हैं। दूतावास ने पीड़तों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। मुस्लिम वर्ल्ड लीग के सेक्रेटरी जनरल शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इसा ने भी भयानक आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्ति की है।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ दिल्ली में बुधवार को प्रदर्शन करते लोग।

## स्पीड न्यूज

### विहिप का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कल

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ शुक्रवार को देशव्यापी प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। विहिप की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार वीएचपी के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए भीषण आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान तथा उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले आतंकवाद को समाप्त किया जा सके।

### पहलगाम में हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी संवेदनशील जिलों, अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में आतंकी व अन्य संगठनों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाये।

### कांग्रेस ने आज बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी हमले के मद्देनजर पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को बैठक बुलाई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के मद्देनजर गुरुवार को प्रातः 11 बजे 24, अकबर रोड पर कांग्रेस कार्यसमिति की आपातकालीन बैठक होगी।

### पठानकोट में भी बढ़ायी गयी सुरक्षा

**पठानकोट।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इलाके की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। हमले के बाद बॉर्डर स्टेट पंजाब ने भी अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है। पठानकोट एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस की गश्त बढ़ाने की बात कही। पंजाब में सभी इंटर स्टेट नाके पर चेकिंग बढ़ा दी गई है। जम्मू से आने वाली सभी गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है। भारत-पाक सीमा से सटे बामियाल सेक्टर, जिसके साथ जम्मू के कई अंदरूनी रास्ते भी लगते है। वहां पर पठानकोट पुलिस की ओर से सभी अंदरूनी रास्तों पर बीती रात से ही गश्त बढ़ा दी गई है।

### अमेरिका टैरिफ पर चीन के साथ समझौता करेगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वाशिंगटन और बीजिंग टैरिफ समझौता करेंगे। ट्रंप ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे हैं... यह लंबे समय से बहुत अच्छे रहे हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। और मुझे लगता है कि हम चीन के साथ समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो हम इसे तय करेंगे। बस संख्या तय करेंगे।

### अमेरिकी उप राष्ट्रपति ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बुधवार की सुबह परिवार संग ताजमहल का दीदार करने पहुंचे। ताजमहल परिसर में पहुंचकर वेंस ताज की खूबसूरती पर मंत्रमुग्ध नजर आए। पत्नी और बच्चों के साथ इस दौरान उन्होंने फोटो खिंचाए और गाइड से इतिहास की जानकारी ली। उप राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर खेरिया एयरपोर्ट से लेकर ताजमहल तक के मार्ग पर यातायात रोक दिया गया था। उपराष्ट्रपति का काफिला जब एयरपोर्ट से निकला तो बच्चों ने भारत और अमेरिका के झंडे दिखाकर अभिवादन किया।वेंस और परिवार को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर लोग जुटे।



## आतंकी हमले के खिलाफ जम्मू में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**जम्मू।** पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के खिलाफ महिलाएं भी सड़कों पर उतर आई हैं और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग कर रही हैं। मंगलवार को जम्मू समेत कई क्षेत्रों में महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद, शहीदों को सलाम, जैसे नारे लगाए।

# घाटी में पसरा सन्नाटा

एजेंसी

- 370 हटने के बाद पहली बार कश्मीर घाटी पूरी तरह बंद

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कश्मीर घाटी में सन्नाटा छाया हुआ है। आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को सभी व्यापारिक संस्थानों, दुकानों और स्कूल को बंद रखा गया है। इतना बड़ा विरोध 370 हटने के बाद पहली बार कश्मीर घाटी पूरी तरह बंद रही है। इस नृशंस वारदात के खिलाफ लोगों ने विरोध जताया, जिससे घाटी की सड़कों पर सन्नाटा छा गया। यह पहला मौका है जब अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर में ऐसा व्यापक विरोध देखा गया। इससे पहले 2019 तक, अलगाववादी संगठन ऐसे बंद का आह्वान किया करते थे। लेकिन इस बार सभी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों, व्यापार मंडलों, स्कूल संगठनों और यहां तक कि मुताहिदा मजलिसे उलमा ने भी बंद का समर्थन किया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस क्रूर हमले पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह बर्बरता हमारे समाज में कतई स्वीकार नहीं की जा सकती।

**स्कूल-कालेज बंद, आवाजाही ठप :** श्रीनगर के लाल चौक से लेकर पुराने शहर तक दुकानें बंद रहीं। यातायात बेहद सीमित रहा। अधिकतर स्कूल-कॉलेज भी बंद रहे। पर्यटक कारोबार पर भी इसका बड़ा असर पड़ा है। गृहमंत्री अमित शाह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर के पुलिस नियंत्रण कक्ष में पहुंचकर शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मृतकों के शवों को सम्मानपूर्वक उनके घरों तक पहुंचाया जा रहा है। घायलों का बेहतरीन इलाज कराया जा रहा है।

**ठोस कार्रवाई की मांगः** मुताहिदा मजलिसे उलमा ने कहा कि जो किसी निर्दोष को मारता है, वह पूरी मानवता की हत्या करता है... इस नृशंस कृत्य के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध जताने के लिए बंद जरूरी है। यह आतंकी हमला न केवल कश्मीर के पर्यटन उद्योग, बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था पर ड्डी एक गंड्डीर सवाल खड़ा करता है। घाटी में इस हमले को लेकर गम और गुस्से का माहौल है। लोग अब निर्णायक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पहाड़ी इलाका बैसारन जहां यह हमला हुआ, पूरी तरह बंद रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने पुरुषों को निशाना बनाया और महिलाओं-बच्चों को छोड़ दिया, जिससे हमले की सुनियोजित प्रकृति का संकेत मिलता है।

### बीपीएससी मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 25 अप्रैल को होने वाली 70वीं संयुक्त प्रतियोगी मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से बुधवार को साफ तौर पर इंकार कर दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने पिछले साल 13 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई 70वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर कदाचार का आरोप लगाते हुए 25 अप्रैल 2025 को होने वाली इसकी मुख्य परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। पीठ ने सभी अभ्यार्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करवाने को उचित ठहराने के लिए निर्णायक सबूतों की कमी का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया।

शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने 13 दिसंबर, 2024 को आयोजित बीपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं और उसके बाद प्रदर्शनकारी उम्मीदवारों पर पुलिस कार्रवाई के संबंध में एक अलग याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। तब अदालत ने याचिकाकताओं को पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा था।

## प्रधानमंत्री आज जायेंगे मधुबनी

एजेंसी

- पंचायती राज संस्थानों और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे मोदी
- 13,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर बिहार के मधुबनी जाएंगे। वे वहां आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे और देश भर के पंचायती राज संस्थानों और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही 13,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की 32वीं वर्षगांठ है। इसका मुख्य समारोह बिहार के मधुबनी जिले में झंझारपुर ब्लॉक के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर देश भर के पंचायती राज संस्थानों और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे और विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 भी प्रदान करेंगे। इस साल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस को संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के साथ एक प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें छह केंद्रीय मंत्रालय-ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, बिजली मंत्रालय, रेल मंत्रालय, और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की भागीदारी शामिल हैं। प्रधानमंत्री इस अवसर पर इन मंत्रालयों से जुड़ी कई प्रमुख अवसंरचना और कल्याणकारी



परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनका शिलान्यास करेंगे। इनमें एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, विद्युतीकरण परियोजनाएं, आवास योजनाएं, रेलवे अवसंरचना और सड़क विकास शामिल हैं, जिनकी लागत लगभग 13,500 करोड़ रुपये है। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में एलओसी पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह कोशिश जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमले के एक दिन बाद नाकाम की गई, जिसमें अनंतनाग जिले के पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास एक घास के मैदान में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि दो से तीन अज्ञात आतंकवादियों ने उरी नाला के पास सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश की। एलओसी की सुरक्षा में तैनात सतर्क सैनिकों ने इस प्रयास का पता लगाया और उसे रोक दिया, जिसके बाद गोलीबारी हुई। सेना ने बताया कि भारी गोलीबारी में दो घुसपैठिए मारे गए। आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी अन्य सामान बरामद किया गया है।

## कश्मीर की बुकिंग रद्द कराने लगे पर्यटक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले ने पलक झपकते ही कश्मीर की टूरिज्म इंडस्ट्री को तबाह कर दिया है। फिलहाल पूरे पर्यटन सीजन के लिए पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द करानी शुरू कर दी है। इससे ट्रैवल ऑपरेटर्स को भी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गये हैं कि बुकिंग कैंसल कराने से एक दिन में 70 फीसदी तक टूर रद्द हो गये हैं। डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था व्यवस्थित कर रहे हैं। श्रीनगर और जम्मू के बीच एनएच-44 को फिर से जोड़ दिया गया है, ताकि पर्यटक जल्द से जल्द वापसी कर सकें। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि राज्य से पर्यटकों का पलायन देखकर दिल टूट गया है। दूसरी

**पर्यटकों का पलायन देखकर दिल टूट गया : उमर अब्दूल्ला**

तरफ अमरावती के एक टूर ऑपरेटर को 38 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, क्योंकि पहलगाम हमले की वजह से लोगों ने अपनी बुकिंग कैंसल कर दी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सरस्वती धाम के एक कोने में चुपचाप बैठे, अमरावती के 'ईश्वर ट्रैवल्स' में काम करने वाले 29 वर्षीय टूर मैनेजर शुभम रवींद्र वडकर ने बताया कि उनके फर्म को अब लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंगलवार को हथियारबंद आतंकियों ने श्रीनगर से करीब 100 किलोमीटर दूर पहलगाम के बैसरन में सैलानियों पर धर्म पूछकर गोलियां बरसाईं थीं, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गयी थी।

# शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन भी तेजी जारी

## सेंसेक्स सत्रह सप्ताह बाद 80 हजार के पार


एजेंसी

- सेंसेक्स 521 अंक उछलकर 80,116 अंक पर पहुंचा और निफ्टी 162 अंक मजबूती के साथ 24, 329 पर हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किये जाने के संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लागातार सातवें कारोबारी सत्र में लंबी छलांग लगाकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 520.90 अंक अर्थात 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब सत्रह सप्ताह के उच्चतम स्तर एवं 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,116.49 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 को यह 80,182.20 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 161.70 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.94 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,660.36 अंक और स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत चढ़कर 49,272.64 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2078 में लिवाली जबकि 1873 में बिकवाली हुई वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2931 कंपनियों में से 1516 में तेजी जबकि 1340 में गिरावट रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में वित्तीय सेवाएं, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और बैंकिंग में 0.94 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान फोकस्ड आईटी 4.25, आईटी 4.00, टेक 3.10, ऑटो 2.34, कमोडिटीज 0.11, सीडी 1.02, ऊर्जा 0.18, एफएमसीजी 0.47, हेल्थकेयर 0.96, इंडस्ट्रियल्स 0.84, दूरसंचार 0.51, यूटिलिटीज 0.83, कैपिटल गुड्स 1.03, धातु 0.78, तेल एवं गैस 0.10, पावर 0.97, रियल्टी 1.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.85 प्रतिशत उछल गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 547 अंक की तूफानी तेजी के साथ 80,142.09 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 80,254.55 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से यह दोपहर से पहले 79,506.90 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 79,595.59 अंक के मुकाबले 0.65 प्रतिशत उछलकर 80,116.49 अंक पर बंद हुआ।



### निवेशकों ने कमाया 2.90 लाख करोड़

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 430.27 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को मार्केट कैप 427.37 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 2.90 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

